✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 201 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 18 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते सीएम नीतीश कुमार

### मुख्यमंत्री ने बिपार्ड में आयोजित मंथन- 2025 दो दिवसीय कार्यशाला का किया उद्घाटन

# ईमानदारी के साथ जन कल्याण के लिए करें काम : नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को गयाजी स्थित बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) में आयोजित मंथन 2025 दो दिवसीय कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में बिहार के सभी प्रमंडलीय आयुक्तों एवं जिला पदाधिकारियों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान पदाकािरियों से कहा कि सरकार की योजनाओं को तेजी से और बेहतर ढंग से क्रियान्वित करें। पूरी संवेदनशीलता, लगन एवं ईमानदारी के साथ जन कल्याण के लिए काम करें। आप सभी से लोगों को काफी उम्मीदें रहती हैं। बिहार को देश के सर्वाधिक पांच विकसित राज्यों में शामिल करने के लिए सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं पर तेजी से काम कर उसे पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने मंथन 2025 (दो दिवसीय कार्यशाला) में शामिल होनेवाले बिहार के सभी प्रमंडलीय आयुक्तों एवं जिला पदाधिकारियों के साथ सामूहिक तस्वीर खिंचवाई।



उन्होंने बिपार्ड परिसर में अवस्थित संवाद वाटिका, योगा परिसर, बिपार्ड लन, नक्षत्र वन, पुनर्योजित ब्रह्म योनि सरोवर, हार्स राइडिंग ट्रैक, पुस्तकालय (बिक्रमशिला), मोटरवाहन प्रशिक्षण केंद्र, अंतरिक्ष गैलरी, बिपार्ड दीर्घा एवं उत्कृष्टता केन्द्र का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन के पश्चात् इन सभी केंद्रों का निरीक्षण कर सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा बिपार्ड परिसर का भी जायजा लिया। कार्यक्रम में विधायक मनोरमा देवी एवं ज्योति देवी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, सचिव अनुपम कुमार एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# देशभर के 6,117 स्टेशनों पर नि:शुल्क वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध : रेल मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेल के 6,117 रेलवे स्टेशनों पर निःशुल्क वाई-फाई सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। रेलवे स्टेशनों पर वाई-फाई सेवाओं के लिए रेल मंत्रालय द्वारा कोई पृथक निधि स्वीकृत नहीं की गई है। यह जानकारी रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज लोकसभा में लिखित उत्तर में दी। श्री वैष्णव ने कहा कि रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध वाई-फाई सेवा का उपयोग करने के लिए ओटीपी हेतु प्रयुक्त मोबाइल नंबर के अलावा कोई भी व्यक्तिगत जानकारी नहीं मांगी जाती। वाई-फाई सुविधा के संचालन से संबंधित किसी भी समस्या की स्थिति में रेलवे प्रशासन द्वारा त्वरित रूप से उचित कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि स्टेशनों और कोचों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना एक सतत प्रक्रिया है। अब तक यात्रियों की सुरक्षित और संरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए 1,731 स्टेशनों और 11,953 कोचों में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली उपलब्ध कराई जा चुकी है। सीसीटीवी



निगरानी प्रणालियां पूंजीगत व्यय के अंतर्गत प्रदान की जाती हैं और उसी मद से शुल्कित की जाती हैं। रेल मंत्री ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहले से ही प्रवेश/निकास बिंदुओं, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफार्मों जैसे बाहरी क्षेत्रों तथा प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर जैसे आंतरिक क्षेत्रों को कवर करने हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। हालांकि 15 फरवरी 2025 के बाद नई दिल्ली स्टेशन परिसर में कुछ नए क्षेत्र विकसित किए गए, जिनको कवर करने के लिए अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। वर्तमान में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुल 250 सीसीटीवी कैमरे उपलब्ध हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### टेस्ट पास करने के 24 घंटे में ही मिलेगा ड्राइविंग लाइसेंस

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में अब ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) प्राप्त करने की प्रक्रिया और भी तेज तथा सुविधाजनक होने वाली है। परिवहन विभाग ने बड़ा फैसला लेते हुए निर्देश जारी किया है कि डीएल टेस्ट पास करने वाले योग्य आवेदकों को मात्र 24 घंटे के अंदर चिप-रहित लैमिनेटेड ड्राइविंग लाइसेंस जारी कर दिया जाएगा। इससे लोगों को लंबे इंतजार से मुक्ति मिलेगी और असुविधा दूर करने का प्रयास किया गया है। परिवहन एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने विभाग के कामकाज की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिया।

### मस्जिद के इमाम ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**शेखपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चेवाडा थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई जब माने गांव स्थित मस्जिद के इमाम मो. जावेद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार सुबह जब स्थानीय लोग अजान के लिए मस्जिद पहुंचे और मौलाना साहब को उठाने का प्रयास किया तो वे जाग नहीं पाए। इसके बाद पीछे की खिड़की से कमरे में झांकने पर उन्हें फंदे से लटका हुआ देखा। यह नजारा देखकर लोगों में हड़कंप मच गया और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया।

### समय पर ही होंगे पंचायत चुनाव

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में पंचायत आम निर्वाचन 2026 को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने बुधवार को स्थिति स्पष्ट की है। आयोग ने कहा है कि वर्तमान पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल दिसंबर 2026 में पूरा होने से पहले ही पंचायत आम चुनाव समय पर करा लिए जायेंगे। इसे लेकर सोशल मीडिया पर फैल रहे भ्रम पर आयोग ने विराम लगा दी है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार पिछला पंचायत आम निर्वाचन अगस्त से दिसंबर 2021 के बीच संपन्न हुआ था। इसी आधार पर आगामी पंचायत चुनाव 2026 दिसंबर से पहले कराना संवैधानिक और वैधानिक रूप से अनिवार्य है।

### करोडों की संपत्ति के मालिक हैं कनीय अभियंता अनसारूल हक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बुधवार को योजना एवं विकास विभाग के दरभंगा स्थित कार्य प्रमंडल-1 में तैनात कनीय अभियंता अनसारूल हक के चार ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। दरभंगा के जमलपुरा, नया टोला मस्जिद के नजदीक दो आवास एवं कार्यालय में छापेमारी की गई। मधुबनी के अंधरामठ के आलपुर परगना की लदनियां पंचायत के हरिराहा गांव में स्थित स्थायी आवास में सुबह सुबह ही तलाशी शुरू कर दी गई। इस छापेमारी में आरोपित कनीय अभियंता के पास आय से अधिक करोड़ों की संपत्ति की जानकारी मिली।

# दो बाइकों की टक्कर में चार युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी आन-सोन।** रोहतास जिले के आयरकोठा थाना अंतर्गत ढेलाबाग-मौना पथ पर गोही गांव के समीप बुधवार की शाम दो बाइकों की सीधी टक्कर में चारों युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। टक्कर के बाद एक बाइक में आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच चारों युवकों को सीएचसी अकोढ़ी गोला ले गये जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसाए मृत युवकों में डालमियानगर थाना क्षेत्र के प्रयाग बिगहा निवासी उमा शर्मा के पुत्र विकास शर्मा व संजय तिवारी के पुत्र विकास तिवारी, नासरीगंज थाना क्षेत्र के मांगितपुर निवासी लोहा शर्मा के पुत्र अनमोल शर्मा सहित एक अन्य युवक शामिल है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टकराते ही एक बाइक में आग लग गई जिससे उसपर सवार दो युवकों की झुलसने से मौत हो गई जबकि दो की गम्भीर चोट लगने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक बाईक (बीआर 24 एओ 8485) पर सवार दो युवक अपने गांव मंगीतपुर सोहगी जा रहे थे। वहीं दूसरे बाईक (बीआर 24 एएल 6239) पर सवार दो युवक सवार होकर नासरीगंज से अपने घर डालमियानगर थाना क्षेत्र के प्रयाग बिगहा जा रहे थे। इसी क्रम में गोही गांव के समीप आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। सूचना मिलते ही आयरकोठा पुलिस मौके पर पहुंच चारों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

# एनटीपीसी ने हासिल की 85.5 गीगावाट से अधिक की कमर्शियल क्षमता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** एनटीपीसी ने आज गुजरात और राजस्थान में अपनी सब्सिडियरी कंपनियों के विभिन्न सोलर प्रोजेक्ट्स के माध्यम से 359.58 मेगावाट की नई कर्मशियल क्षमता जुड़ने की घोषणा की है। इसके साथ ही एनटीपीसी ग्रुप की कुल कर्मशियल क्षमता 85.5 गीगावाट से अधिक हो गई है। एनटीपीसी ने आज अपनी सब्सिडियरी एनजीईएल के माध्यम से एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के गुजरात स्थित 1255 मेगावाट के खावड़ा-1 सोलर पीवी प्रोजेक्ट की 243.66 मेगावाट आंशिक क्षमता के वाणिज्यिक संचालन (कमर्शियल ऑपरेशन डेट) की घोषणा की। इसके अलावा कंपनी ने राजस्थान में एनटीपीसी के नोख सोलर पीवी प्रोजेक्ट (735 मेगावाट) की कुल 245 मेगावाट क्षमता में से 78 मेगावाट के वाणिज्यिक



संचालन की घोषणा की। कंपनी ने एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के गुजरात में स्थित 450 मेगावाट हाइब्रिड ट्रेंच-पांच प्रोजेक्ट के तहत खावड़ा सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट की कुल 300 मेगावाट क्षमता में से 37.925 मेगावाट की आंशिक क्षमता का वाणिज्यिक संचालन भी घोषित किया है। इसके साथ ही एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित एवं वाणिज्यिक क्षमता बढ़कर 85,541 मेगावाट तक पहुंच गई है। एनटीपीसी लिमिटेड देश की कुल बिजली जरूरतों का लगभग एक-चौथाई योगदान दे रही है। कंपनी की कुल स्थापित क्षमता 85 गीगावाट से अधिक है, जबकि 30.90 गीगावाट अतिरिक्त क्षमता निर्माणाधीन है, जिसमें 13.3 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षमता शामिल है। एनटीपीसी वर्ष 2032 तक 60 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे भारत के नेट ज़ीरो लक्ष्यों को मजबूती मिलेगी। थर्मल, हाइड्रो, सोलर और विंड पावर प्लांट्स के विविध पोर्टफोलियो के साथ एनटीपीसी देश को भरोसेमंद, किफायती और सस्टेनेबल बिजली उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी बेहतर भविष्य के लिए सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को अपनाने, नवाचार को बढ़ावा देने और स्वच्छ ऊर्ज़ा तकनीकों को अपनाने पर लगातार काम कर रही है। बिजली उत्पादन के अलावा, एनटीपीसी ने कई नए व्यवसाय क्षेत्रों में भी कदम रखा है, जिनमें ई-मोबिलिटी, बैटरी स्टोरेज, पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज, वेस्ट-टू-एनर्जी, न्यूक्लियर पावर और ग्रीन हाइड्रोजन सॉल्यूशंस शामिल हैं।

# रिश्वत लेता एएसआइ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अरवल।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने रिश्वत लेते हुए एक सहायक अवर निरीक्षक (एएसआइ) को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। वंशी थाना में तैनात एएसआइ मो. मुजतबा अली को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। यह कार्रवाई बुधवार को की गई। ब्यूरो को मुकेश कुमार नामक शिकायतकर्ता ने जानकारी दी थी। मुकेश कुमार ने आरोप लगाया था कि वंशी थाना कांड संख्या 80/25 में आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने के एवज में एएसआइ मुजतबा अली रिश्वत की मांग कर रहे हैं। शिकायतकर्ता कुसमांव, वंशी, अरवल का निवासी है। शिकायत की सत्यता की जांच के बाद आरोप सही पाया गया। इसके बाद निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के पुलिस उपाधीक्षक मो. वसीम फिरोज के नेतृत्व में एक विशेष



टीम का गठन किया गया। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से वंशी थाना मोड़ के पास एएसआइ मुजतबा अली को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी एएसआइ के खिलाफ निगरानी थाना कांड संख्या 108/25, दिनांक 11 दिसंबर 2025 के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ जारी है। पूछताछ पूरी होने के बाद उसे पटना स्थित विशेष न्यायालय, निगरानी में प्रस्तुत किया जाएगा। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के डीएसपी ने बताया कि यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के प्रति राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाती है। ब्यूरो ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी रिश्वत की मांग करता है तो इसकी सूचना तुरंत निगरानी ब्यूरो को दें ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

# गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीतामढ़ी।** बाजपट्टी थाना क्षेत्र के हसनपुर बड़हरवा गांव में मिट्टी कटाई से बने एक गड्ढे में डूबने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है। मृतकों की पहचान जूही डफाली की बेटी शबनम खातून (कक्षा आठ), बेटे सलाउद्दीन (कक्षा पांच) और पोते एहसान (कक्षा पांच) के रूप में हुई है। ये तीनों उर्दू मध्य विद्यालय हसनपुर बड़हरवा के छात्र थे। ग्रामीणों के अनुसार बच्चे टिफिन के बाद स्कूल से घर लौटे थे और इसी दौरान सरेह में बने गहरे गड्ढे में चले गए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बच्चे स्कूल में ही रुक गए होते तो यह हादसा नहीं होता। घटना के बाद पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है। परिवार के कुछ सदस्यों को संभालने के लिए घर पर ही ग्रामीण चिकित्सक को तैनात किया गया है जो उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं। बताया गया है कि मृतक का परिवार बेहद गरीब है और बाजारों में मनिहारी (टिकुली, सिंदूर) की दुकान लगाकर अपना जीवन यापन करता है। इस घटना के बाद गांव और आसपास के इलाके में लोगों में गुस्सा देखा गया। ग्रामीणों ने सरेह में यत्र-तत्र मिट्टी कटाई से बने गड्ढों को हादसों का कारण बताया और खनन विभाग की निष्क्रियता पर सवाल उठाए। ग्रामीणों ने यह भी याद दिलाया कि कुछ महीने पहले पचड़ा निमाही पंचायत के कंचनपुर गांव में भी इसी तरह के गड्ढे में डूबने से तीन बच्चियों की मौत हो चुकी है।

# आंगनबाड़ी सहायिका की पीट-पीटकर हत्या

**अरवल(नबिटा ब्यूरो)।** करपी के तेलपा थाना क्षेत्र स्थित सूबेदार बीघा गांव में आंगनबाड़ी सहायिका की हत्या का सनसनीखेज मामला सामनेआया है। आंगनबाड़ी केंद्र राधेनगर की सहायिका 38 वर्षीया शिव कांति देवी की मंगलवार रात पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। परिजन ने रेप के बाद हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। एफएसएल और डॉग स्क्वॉयड को भी बुलाया गया है। एसपी मनीष कुमार ने भी बुधवार को घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मौके से खून से सना हुआ एक डंडा पाया गया है, जिससे महिला की पिटाई की गई है। घटना की विस्तृत जांच की जा रही है। एसपी ने दावा किया कि इस मामले का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।

# नाबालिग ने मां को मारी गोली, मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** करायपरसुराय थाना क्षेत्र के गालिमपुर गांव में एक नाबालिग बेटे ने बुधवार को गोली मारकर अपनी मां की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी नाबालिग बेटे देसी कट्टा लेकर मौके से फरार हो गया। वारदात की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज जांच पड़ताल में जुट गई। मृतका की पहचान गालिमपुर गांव के रहने वाले राजाराम प्रसाद की 48 साल की पत्नी मुन्नी देवी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि आरोपी 17 साल के नाबालिग ने दोपहर करीब 2 बजे किसी काम के लिए अपनी मां से पैसे मांगे थे। मां ने पैसे देने से इनकार कर दिया और घर के अंदर जाने लगी। इसके बाद आरोपी ने पहले से घर में रखे देसी कट्टा से मां पर फायर कर दी। गोली नाबालिग की मां के पीठ में लगी जिसके बाद महिला घर के दरवाजे पर ही गिर गई। करीब 5 मिनट बाद महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गोली चलने की आवाज और महिला के शोर मचाने के बाद आसपास के लोग मौके पर जुटे और घटनास्थल की ओर दौड़े। लोगों को आता देख आरोपी नाबालिग देसी कट्टा समेत घटनास्थल से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस आरोपी नाबालिग की तलाश में जुटी है।

# लंबित कार्य वाले ठेकेदारों को नहीं मिलेगा नया काम : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में कार्यों की धीमी रफ्तार और लंबित योजनाओं को लेकर सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। विभागीय मंत्री संजय सिंह ने स्पष्ट किया है कि जिन ठेकेदारों के कार्य अब तक पूरे नहीं हुए हैं, उन्हें कोई नया काम नहीं दिया जाएगा। साथ ही जिन ठेकेदारों पर विभाग की बकाया राशि है, उन्हें वह राशि हर हाल में वापस करनी होगी। मंत्री ने बताया कि विभागीय कार्यों की निगरानी को और मजबूत किया गया है। अब कार्यपालक अभियंता महीने में चार बार कार्यस्थलों का निरीक्षण करेंगे जबकि प्रमुख अभियंता समय-समय पर सभी योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इस प्रक्रिया के तहत सभी संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर दी



गई है। संजय सिंह ने सभी संवेदकों को कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि वे एक महीने के अंदर अपने लंबित कार्य हर हाल में पूरे करें। निर्धारित समय सीमा में काम पूरा नहीं करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा और भविष्य में उन्हें किसी भी तरह का सरकारी कार्य नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही मंत्री ने विभाग के सभी अधिकारियों को भी एक महीने के भीतर लंबित कार्यों को पूरा कराने का निर्देश दिया है। यदि तय समय सीमा में काम पूरा नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने यह भी कहा कि सात निश्चय-2 योजना के अंतर्गत चल रहे सभी कार्यों को शीघ्र पूरा करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विभाग के कई ठेकेदारों पर पहले का बिजली बिल बकाया हैं। ऐसे ठेकेदार जब तक अपने बिजली बिल का भुगतान नहीं करेंगे तब तक उन्हें कोई नया कार्य आवंटित नहीं किया जाएगा। सरकार के इस फैसले से विभागीय कार्यों में तेजी आने और योजनाओं को समय पर पूरा करने की उम्मीद जताई जा रही है।

# विश्व में भगवान बुद्ध के संदेश को फैलाने की जरूरत : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** नई सरकार बनने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहली बार बोधगया पहुंचे। वे बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वे महाबोधि मंदिर पहुंचे, जहां मंदिर के सचिव डॉ. महाश्वेता महारथी, भिक्षु डा मनोज ने उनका स्वागत किया। उसके बाद सीएम महाबोधि मंदिर के गर्भगृह गए और भगवान बुद्ध के दर्शन करने के बाद पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारियों ने विशेष रूप से मंत्रोचारण कराकर विधिवत पूजा अर्चना कराई। बीटीएमसी के सदस्य डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री ने भगवान बुद्ध को प्रसाद रूपी खीर अर्पित किया। उसके बाद श्री कुमार बोधि वृक्ष के पास पहुंचे और दो मिनट तक ध्यान किया। इस दौरान सीएम ने भगवान बुद्ध के प्रति आस्था प्रकट की। इस मौके पर सीएम ने कहा कि भगवान बुद्ध के संदेश को भुलाया नहीं जा सकता। पूरे विश्व में भगवान बुद्ध के संदेश को फैलाने की जरूरत है। इस अवसर पर बीटीएमसी द्वारा मुख्यमंत्री को महाबोधि मंदिर की प्रतिकृति, बोधि पत्ता, बीटीएमसी के प्रकाशन 'द बोधि पता, लेजेंड्स ऑफ बुद्धा', और एक आर्ट पोर्टफोलियो सहित स्मृति चिह्न भेंट किए गए। इस मौके पर महाबोधि मंदिर के केयर टेकर भिक्षु डॉ. दीनानंद, सदस्य किरण लामा, भी मौजूद रहे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दो इलेक्ट्रिक वाहन का फीता काटकर उद्घाटन किया।

CMYK

# शासकीय उदासीनता से कमजोर हुई ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति

## पैरवी संस्था के तत्वावधान में हितधारकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** शासकीय उदासीनता और सामाजिक निष्क्रियता के कारण ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति (वीएलसीपीसी) जमीनी स्तर पर कमजोर पड़ती जा रही है। इसी पृष्ठभूमि में सामाजिक संस्था पैरवी के तत्वावधान में डिहरी ऑन सोन में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति को सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से हितधारकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायती राज प्रतिनिधि, पत्रकार, अधिवक्ता, बाल कल्याण समिति के सदस्य, पुलिस, चिकित्सक तथा सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

बैठक में बाल तस्करी की बढ़ती घटनाओं, केवल रेस्क्यू-केंद्रित नीतियों की सीमाओं और ग्राम स्तर पर रोकथाम तंत्र की विफलता पर गंभीर विमर्श हुआ। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि यदि गांव स्तर पर समय रहते प्रभावी हस्तक्षेप हो तो बच्चों को तस्करी, बाल श्रम और शोषण से बचाया जा सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिहरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने कहा कि सरकार बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके सुरक्षित, सम्मानजनक तथा अधिकार-संपन्न विकास के बिना समावेशी समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने ऐसे प्रयासों को समय की आवश्यकता बताते हुए आयोजकों की सराहना की और बाल संरक्षण से जुड़ी हर सकारात्मक पहल को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

बाल अधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने कहा कि मिशन वात्सल्य के तहत ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति को बाल संरक्षण की रीढ़ माना गया है, लेकिन अधिकांश गांवों में यह समिति कागजों तक सीमित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेस्क्यू समाधान नहीं है, असली समाधान गांव स्तर पर रोकथाम है। पैरवी के प्रतिनिधि दीनबंधु वत्स ने कहा कि बाल संरक्षण केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है जब तक समितियां सक्रिय, प्रशिक्षित और जवाबदेह नहीं होंगी, तब तक मिशन वात्सल्य अपने उद्देश्य को हासिल नहीं कर पाएगा। उन्होंने प्रशासनिक उदासीनता और सामाजिक चुप्पी को बच्चों के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बताया। प्रधान प्रोबेशन ऑफिसर प्रशांत कुमार बीस्ट ने बच्चों में पढ़ने की प्रवृत्ति विकसित करने के लिए मुहल्ला पुस्तकालय खोलने पर जोर दिया और कहा कि सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से बच्चों को बचाने में यह कारगर हो सकता है। बाल कल्याण समिति सदस्य ददन जी पाण्डेय ने कहा कि समिति तक पहुंचते-पहुंचते बच्चा मानसिक आघात झेल चुका होता है; यदि गांव में समय पर हस्तक्षेप हो तो अधिकांश मामलों को रोका जा सकता है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा ने कहा कि असली सफलता तब होगी जब कोई भी बच्चा गांव से तस्करी के लिए बाहर न जा सके–पहला सुरक्षा घेरा गांव और अंतिम सुरक्षा कवच बाल कल्याण समिति है। तिलौथू पूर्वी की मुखिया पुनीता द्विवेदी ने प्रशिक्षण की कमी पर चिंता जताते हुए कहा कि समिति का गठन तो हो जाता है, लेकिन सदस्यों को किशोर न्याय कानून और सूचना प्रक्रिया की पर्याप्त जानकारी नहीं दी जाती। रिंकी कुमारी ने कहा कि केवल आदेश से समिति प्रभावी नहीं बनती; इसके लिए प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और निरंतर निगरानी आवश्यक है। आरपीएफ इंस्पेक्टर रामबिलास राम ने रेलवे स्टेशनों पर बच्चों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की मुस्तैदी की जानकारी दी।

सामाजिक कार्यकर्ता संजय पासवान ने बच्चों को सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचाने के लिए प्रभावी कानून की जरूरत बताई। बैठक में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति के अनिवार्य प्रशिक्षण, नियमित बैठक व रिपोर्टिंग, स्कूल छोड़ने वाले बच्चों और पलायन कर रहे परिवारों की निगरानी, तथा पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, आंगनवाड़ी सेविकाओं, आशा कार्यकताओं, महिला व किशोर समूहों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह, चंद्रिका राम, एडवोकेट पंकज सिंह, एडवोकेट गोपाल ठाकुर, नागेंद्र यादव (मुखिया), संजय पासवान, अभिषेक बोस, जितेंद्र गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 20 दिसंबर को आएंगे डिहरी

## प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं का करेंगे स्थलीय निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 20 दिसंबर को एक दिवसीय दौरे को ले प्रशासनिक तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। मुख्यमंत्री 20 दिसंबर को 11 .15 बजे यहां बीसैप में बने हेलीपैड पर पहुंचेंगे। बस्तीपुर स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण करेंगे। इंद्रपुरी में निर्मित होने वाले भोजपुरी हॉट के साइड प्लान का भी अवलोकन एवं निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वे डिहरी प्रखंड के सुजानपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय का अवलोकन, शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण और छात्र-छात्राओं के साथ संवाद करेंगे। आंगनबाड़ी केंद्र और हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर का भी निरीक्षण करेंगे। साथ ही स्थानीय महिलाओं से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री डिहरी तेतराढ़ राजपुर पथ 20.40 किमी के चौड़ीकरण में मजबूतीकरण कार्य का भी स्थल निरीक्षण करेंगे। 1.20 बजे वे डालमियानगर मैदान में निर्मित हेलीपैड से पटना के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को ले प्रशासनिक तैयारी युद्धस्तर पर सभी विभाग तैयारी में लगे हैं। जल संसाधन विभाग के अधिकारी सोन नदी के सतही जल का उपयोग कर निर्मित होने वाले वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में आगमन को ले मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों ने निरीक्षण किया। विधि व्यवस्था को ले एसपी रोशन कुमार, एएसपी अतुलेश झा, एसडीएम नीलेश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया। वहीं डीसीसी विजय कुमार पांडेय व प्रखंड स्तरीय अधिकारियों ने सुजानपुर में प्राथमिक विद्यालय हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का निरीक्षण किया और तैयारी का निर्देश दिया।

# मोहनियां अनुमंडल में चलाया गया जदयू का सदस्यता अभियान

## 20 हजार सदस्य बनाने का दिया गया लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**भभुआ।** जनता दल यूनाइटेड ने बुधवार को जदयू कार्यालय मोहनियां में जदयू पार्टी का सदस्यता अभियान 2025 से 2028 का शुभारंभ किया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष ने किया, मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष अजय कुमार पटेल, प्रदीप रंजन उपस्थित रहे। जदयू पार्टी ने इस अभियान के तहत मोहनियां प्रखंड में सभी पंचायत अध्यक्षों को 20 हजार एवं मोहनिया नगर में 5 हजार प्रारंभिक सदस्य बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि प्रथम चरण में 45 सौ एवं मोहनियां नगर में दो हजार सदस्यता रसीद प्राप्त हुआ है जिनको भरकर 22 दिसंबर 2025 तक पार्टी के जिला कार्यालय में जमा करना है। उन्होंने आगे कहा कि द्वितीय चरण में शेष सदस्यता रसीदें प्राप्त होने के बाद 10 जनवरी 2026 तक पूरे लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जाएगा। संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए जिला उपाध्यक्ष लियाकत अंसारी, सीमा पांडे, अतुल पटेल, शाहबान राइन साथ सभी पंचायतों के पंचायत अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार स्कार्पियो की टक्कर से महिला समेत दो की मौत

## आक्रोशित लोगों ने पांच घंटे तक सड़क जाम कर किया यातायात बाधित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के इटिम्हा बाजार में तेज रफ्तार स्कार्पियो की टक्कर से आज एक महिला व एक साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर घंटों यातायात बाधित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतकों में काराकाट थाना क्षेत्र के कांद बहुआरा गांव निवासी 50 वर्षीय किसान संतोष कुमार उर्फ मल्लू व काराकाट थाना क्षेत्र के बाराडीह गांव निवासी स्व. वीरेंद्र चौधरी की पत्नी 47 वर्षीय आशा देवी शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बिक्रमगंज की ओर से आ रही तेज रफ्तार उजले रंग की स्कार्पियो जेएच12इ-7580 सड़क किनारे पैदल अपने घर से इटिम्हा पीएनबी शाखा में जा रही आशा देवी को टक्कर मारी और उसके बाद साइकिल से बाजार जा रहे संतोष कुमार को रौंदते हुए कुछ दूर जाकर खड़े पुआल लदे ट्रैक्टर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना स्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। स्कार्पियो पर सवार चालक समेत तीन लोग वाहन छोड़ कर भागने में सफल रहे। उक्त घटना में स्कार्पियो के भी परखच्चे उड़ गए। घटना से गुस्साए लोगों ने दोनों शव के साथ डिहरी-बिक्रमगंज मुख्य सड़क को पांच घंटे तक जाम कर यातायात अवरुद्ध कर दिया जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। लोगों ने क्षतिग्रस्त स्कार्पियो में भी तोड़ फोड़ की। सूचना पर पहुंचे नासरीगंज थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार, बीडीओ नासरीगंज मो. नौशाद आलम सिद्दीकी, सीओ अंचला कुमारी, एसआइ भूषण पासवान, पीएसआइ राहुल कुमार, रोहित कुमार ने सड़क जाम हटाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीणों ने उनकी एक नहीं मानी। गुस्साए ग्रामीण सड़क पर बिखरे बालू, सड़क किनारे खड़े भारी वाहन व नो इंट्री का पालन कराने को ले एसडीएम को घटनास्थल पर बुलाने पर अड़े थे। उनका कहना था कि सड़क पर बालू वाहन और धर्म कांटा संचालक बालू बिखेर देते हैं, नो एंट्री का पालन नहीं होता है। सड़क पर भारी वाहन तेज खड़ा कर सड़क को संकीर्ण कर देते हैं और इसी रास्ते से एसडीएम व एसडीपीओ मूकदर्शक होकर गुजरते हैं। बाद में घटनास्थल पर एसडीएम प्रभात कुमार व काराकाट बीडीओ राहुल कुमार ने पहुंचकर ग्रामीणों को त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद सड़क जाम हटाया गया। एसडीएम ने कहा कि सड़क किनारे डबल लेन में वाहन खड़ा करने, बालू बिखेरने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षतिग्रस्त स्कार्पियो को जब्त कर उसके चालक व मालिक को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी।

# महिला यौन उत्पीड़न रोकथाम पर विचार गोष्ठी आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दिनारा (रोहतास)।** बद्री नारायण महाविद्यालय इंदौर रोहतास के एनएसएस इकाई के तत्वावधान में यौन उत्पीड़न रोकथाम सप्ताह एवं 'यौन उत्पीड़न कारण एवं निवारण' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। विचार गोष्ठी का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर प्राचार्य प्रोफेसर राजदेव सिंह ने किया। अध्यक्षता एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर सरोज कुमार गुप्ता ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवकों ने अपनी भागीदारी देकर यौन हिंसा रोकथाम कानून की जानकारी ली। यौन उत्पीड़न कारण एवं निवारण कानून विषय की जानकारी स्वयंसेवकों को देते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ सरोज कुमार गुप्ता ने यौन उत्पीड़न एवं हिंसा को एक गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन एवं सामाजिक बुराई बताया। उन्होंने यौन उत्पीड़न रोकथाम एवं निवारण अधिनियम 2013 की जानकारी देते हुए स्वयंसेवकों से यौन उत्पीड़न को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया।

# आरपीएफ ने 10 लीटर देसी शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** निरीक्षक प्रभारी/ रेसुब डिहरी ऑन सोन/ रामविलास राम के नेतृत्व में उप निरीक्षक मनोज कुमार, साथ प्रधान आरक्षी बनवारीलाल चंदवारा, आरक्षी अभिमन्यु सिंह, आरक्षी सर्वोदय पासवान सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन, सभी रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन सोन में ग्रस्त व अपराधी गतिविधि निगरानी करते हुए उसी दौरान प्लेटफार्म संख्या 03 पर एक व्यक्ति अंकित कुमार, उम्र 21 वर्ष, पिता रामजी पाल, ग्राम धरहरा, थाना दरिहट, जिला रोहतास (बिहार) को एक बैग में कुल 09.8 लीटर ब्लू लाइम देसी मसाला शराब के साथ पकड़ा गया जिसे मौके की सभी आवश्यक कागजी कार्रवाई कर सभी अवैध शराब को विधिवत जब्त किया गया। जब्त सभी देशी शराब की अनुमानित कीमत 3675 रुपए है जिसे अग्रिम कानूनी कार्रवाई वास्ते रेल थाना अध्यक्ष डिहरी ऑन सोन को उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्त, जब्त शराबमय कागजात के साथ सुपुर्द किया गया।


**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)**

Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand),
Pin code- 822132, Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**GOVERNMENT OF JHARKHAND URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR**

**PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT-TERM NOTICE)**

| Sl. | Ward No. | Reference No. | Scheme Name | Estimate Cost | Earnest Money (2% of Estimate Cost) | Tender Fee | Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | शहरी परिवहन व्यवस्था मद | | | | |
| 1 | 13 | UDD/NPB/52/ 2025-26 | Construction of P.C.C. Road from house of Usman ansari to field of Hasnain ansari via house of Samsuddin ansari in ward- 13 under BNP. | 783093.00 | 15662.00 | 5000.00 | 60 day |
| | | | नागरिक सुविधा मद | | | | |
| 2 | 3 | UDD/NPB/53/ 2025-26 | Construction of PCC Road and R.C.C. Drain from house of Munna Mehta tohouse of Ravindra Mehta in ward- 3 under BNP. | 991042.00 | 19821.00 | 5000.00 | 60 day |
| 3 | 13 | UDD/NPB/54/ 2025-26 | Construction of PCC Road and R.C.C. Drain from house of Chunnilal to field of Ramlakhan Ram in ward- 13 under BNP. | 810803.00 | 16216.00 | 5000.00 | 60 day |
| 4 | 5 | UDD/NPB/44/ 2025-26 (2nd Call) | Construction of PCC ROAD on kachcha road WITH DRAIN in middle from house of Vikash Keshari to house of Surujdev Singh in ward-5 under BNP. | 678847.00 | 13577.00 | 5000.00 | 60 day |
| 5 | 19 | UDD/NPB/55/ 2025-26 | Construction of RCC Drain from house of Maluki yadav to house of Karamdev Bhuiya via house of Devnarayan Bhuiya in ward- 19 under BNP. | 664924.00 | 13298.00 | 5000.00 | 60 day |
| 6 | 1 | UDD/NPB/56/ 2025-26 | Construction of shamshan shed in ward-1, Raksaha under BNP | 651717.00 | 13034.00 | 5000.00 | 60 day |
| 7 | 5 | UDD/NPB/45/ 2025-26 (2nd Call) | Construction of R.C.C DRAIN from house of Bablu Chaudhari to house of Pradeep Shaw in ward-5 under BNP. | 628158.00 | 12563.00 | 5000.00 | 60 day |
| 8 | 18 | UDD/NPB/57/ 2025-26 | Construction of R.C.C CULVERT near House of Mukhdev Singh in ward 18 under BNP | 577017.00 | 11540.00 | 5000.00 | 60 day |
| 9 | 16 | UDD/NPB/58/ 2025-26 | Renovation of Mahatma Gandhi chowk in ward-16 under BNP | 529595.00 | 10592.00 | 5000.00 | 60 day |
| 10 | 6 | UDD/NPB/59/ 2025-26 | Construction of R.C.C DRAIN from house of Munna Dixit to house of Umesh Ram in ward-6 under BNP | 515166.00 | 10303.00 | 5000.00 | 60 day |
| 11 | 1 | UDD/NPB/60/ 2025-26 | Construction of PCC Road and R.C.C. Drain from house of Ghanshyam Prajapati to house of Shivnath Prajapati via house of Ashok Prajapati in ward- 1 under BNP. | 503464.00 | 10069.00 | 5000.00 | 60 day |
| 12 | 7 | UDD/NPB/48/ 2025-26 (2nd Call) | Construction of R.C.C. Culvert near Temple in Ward 07 under BNP. | 188056.00 | 3761.00 | 1000.00 | 60 day |
| 13 | 10 | UDD/NPB/49/ 2025-26 (2nd Call) | Construction of Veer Kunwar Chabutra in Pandeypur Ward 10 Under BNP. | 177093.00 | 3542.00 | 1000.00 | 60 day |
| 14 | 3 | UDD/NPB/51/ 2025-26 (2nd Call) | Construction of Veer Kunwar Chabutra in Goderma Kala Ward 03 Under BNP. | 177093.00 | 3542.00 | 1000.00 | 60 day |
| 15 | Date of Tender Publication | | | 18.12.2025, 11:00 AM | | | |
| 16 | Date of BOQ sale offline | | | 24.12.2025, 11:00 AM to 02:00 PM at Office of Nagar Parishad Bishrampur | | | |
| 17 | Last Date and Time of Offline Submission Of Bids | | | 29.12.2025, 11:00 AM to 02:00 PM at Police Station Bishrampur | | | |
| 18 | Date of Bid Opening | | | 29.12.2025, 03:00 PM at Office Nagar Parishad Bishrampur | | | |
| 19 | Name & Address of Office Inviting Tender | | | EXECUTIVE OFFICER NAGR PARISHAD BISHRAMPUR | | | |
| 20 | Contact No. of Procurement Officer | | | 6370767832, 9123121713 | | | |
| 21 | Helpline Number of E-Procurement Cell | | | 06584 299971 | | | |

NOTE: -
1. Contractors should be registered in appropriate class as per NIT.
2. For More Details (Terms & Condition) on the Office Notice Board or https://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Bishrampur/Bishrampur.aspx

प्रशासक,
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR 368786 District(25-26)#D


# 15 लीटर शराब जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भरतलवा स्कूल के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की रात्रि एक मोटरसाइकिल पर सवार 3 तस्कर को 15 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में प्रभारी थाना अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि कैमूर जिला के सबार थाना अंतर्गत नावाडीह गांव निवासी विनोद बिंद बिजाडी गांव निवासी रतन बिंद और पवन कुमार को गिरफ्तार किया गया है और मोटरसाइकिल को जब्त की गई है। शराब अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# वरिष्ठ आईपीएस नवीन चंद्र झा ने बढ़ाया बिहार का गौरव, इतिहास में रचा नया कीर्तिमान

मदन कुमार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी नवीन चंद्र झा ने अदम्य साहस, अनुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार का नाम रोशन किया है। 'बिहार का आयरन मैन' कहे जाने वाले आईपीएस नवीन चंद्र झा बिहार कैडर के पहले ऐसे आईपीएस अधिकारी बन गए हैं जिन्होंने दुनिया की सबसे कठिन मानी जाने वाली 113 किलोमीटर की आयरनमैन चुनौती को सफलतापूर्वक पूरा कर इतिहास रच दिया। गोवा की तपती धूप, नमकीन हवाओं और अरब सागर की ऊंची लहरों के बीच उन्होंने इस कठिन प्रतियोगिता को बिना रुके, बिना थमे पूरा किया। इस चुनौती में पहला पड़ाव 1.9 किलोमीटर समुद्र में तैराकी, दूसरा पड़ाव 90 किलोमीटर की साइकिलिंग जिसमें तेज धूप और पहाड़ियों से जूझना पड़ा तथा अंतिम पड़ाव 21.1 किलोमीटर की हाफ मैराथन दौड़ शामिल थी। तीनों चरणों को लगातार पूरा करना उनकी असाधारण मानसिक और शारीरिक क्षमता का जीवंत प्रमाण है। आईपीएस नवीन चंद्र झा की यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि बिहार पुलिस और पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है। उनकी लगन, मेहनत और मजबूत जज्बे ने यह सिद्ध कर दिया कि दृढ़ संकल्प के सामने कोई भी चुनौती असंभव नहीं होती। उल्लेखनीय है कि आईपीएस नवीन चंद्र झा रोहतास जिले में डीआईजी के पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं जहां उनका कार्यकाल अनुशासन, सख्त प्रशासन और बेहतर पुलिसिंग के लिए आज भी याद किया जाता है। उन्होंने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि यह चुनौती सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि आत्मअनुशासन, निरंतर अभ्यास और मानसिक मजबूती की परीक्षा थी। मैं यह सफलता बिहार, बिहार पुलिस और उन सभी युवाओं को समर्पित करता हूं जो बड़े सपने देखते हैं। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदार हो तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पुलिस महकमे, खेल जगत और आम लोगों में खुशी की लहर है। विभिन्न संगठनों और गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया है। आईपीएस नवीन चंद्र झा की यह सफलता आने वाली पीढ़ियों को समर्पण, अनुशासन और कठिन परिश्रम का संदेश देती रहेगी।

# राष्ट्रीय जम्बूरी प्रमाण पत्र से सम्मानित हुए भारत स्काउट गाइड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी लखनऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित हुआ जो कि उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल उपस्थित हुई। समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री उपस्थित हुए थे। इस जंबूरी में बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड के विभिन्न जिले के साथ-साथ रोहतास जिले के 24 स्काउट और गाइड जिला संगठन आयुक्त स्काउट अरविन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में भाग लिए थे जिसका प्रमाण पत्र 17 दिसंबर 2025 को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शिवसागर राजेश कुमार के द्वारा प्रतिभागी स्काउट और गाइड को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने स्काउट और गाइड को संबोधित करते हुए कहा कि भारत स्काउट और गाइड के बच्चे देश के भविष्य हैं और आप सभी स्काउट और गाइड आगे भी इसी तरह से बढ़-चढ़कर के भाग लेते रहें और बिहार के साथ-साथ रोहतास जिला का भी नाम रौशन करते रहें। शिवसागर से इस शिविर में पीयूष कुमार कश्यप, गुलाम मोहम्मद, पवन कुमार, रवि शंकर कुमार, अंकित कुमार, मलिक साहब, सुरित सिंह और गाइड में काजल कुमारी, अनु कुमारी, सरस्वती कुमारी, मुस्कान कुमारी, खुशबू कुमारी, सुरभि कुमारी, साक्षी कुमारी, रिया कुमारी मनीषा कुमारी भाग लिए थे।

# चेनारी में कोचिंग सेंटर के समीप मारपीट, हंगामा, दो घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के बेनी सिंह महाविद्यालय के समीप चाणक्य कोचिंग सेंटर में दो गुटों में जमकर आपस में मारपीट किया। मारपीट के बाद कोचिंग सेंटर में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं ने जमकर बवाल काटा। छात्राओं ने सामाजिक तत्वों के विरुद्ध जमकर नारे लगाते हुए 2 किलोमीटर दूर लगभग तीन दर्जन छात्राएं स्थानीय थाने पहुंची और अधिकारियों से अपनी समस्याएं सुनाई, छात्राएं सीएचसी परिसर में भी पहुंचे। इस संबंध में चाणक्य कोचिंग सेंटर के शेखर यादव थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें कहा है कि आसामाजिक तत्व के लोग कोचिंग सेंटर के पास पहुंचकर अभद्र पूर्ण व्यवहार करते हैं जबकि दूसरे पक्ष से प्रकाश गुप्ता कोचिंग सेंटर संचालक व अन्य पर कई तरह के संगीन आरोप लगाया है। बताया जाता है कि बुधवार को किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे ईट पत्थर चले कई छात्राएं आसामाजिक तत्व घायल हो गए। घायल व्यक्ति का नाम प्रकाश गुप्ता, विकास गुप्ता जबकि सीएचसी चेनारी में दो लोगों का इलाज किया गया। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि एक पक्ष से प्रकाश गुप्ता दूसरे पक्ष से शेखर यादव द्वारा आवेदन मिला है।

## एक नजर

### टेंपो से गिरकर महिला जख्मी

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा डियावां पथ पर कृष्णापुर के पास मंगलवार की देर शाम टेंपो से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी महिला चिकसौरा थाना क्षेत्र के धुरगांव डिवरापर गांव निवासी संजय दास के 32 वर्षीय पत्नी सुंदरी देवी के रूप में किया गया है। जख्मी महिला सुंदरी देवी ने बताई की फतुहा से हिलसा टेंपो से आ रहे थे इसी दौरान टेंपो से गिर गए। आसपास के लोगों की मदद से हिलसा के अनुमंडलीय अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद हायर सेंटर हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है।

### टीएलएम मेला में शिक्षकों ने दी बेहतर प्रस्तुति

**पकरीबरावां।** उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलखुंडा संकुल संसाधन केंद्र में बुधवार को संचालक मनोज कुमार राहुल के द्वारा टीएलएम मेला आयोजित की गई। जिसमें सीआरसी के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के शिक्षक- शिक्षिकाओं ने भाग लिया। शिक्षकों ने हिंदी, अंग्रेजी सामाजिक विज्ञान तथा गणित विषय के टीएलएम की प्रस्तुति दी। प्राथमिक विद्यालय दुधेला के अरुण कुमार गुप्ता को अंग्रेजी तथा हिन्दी में राजेश कुमार पासवान, प्राथमिक विद्यालय दुधेला, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय जोगीबिघा के गोपाल पासवान को सामाजिक विज्ञान तथा अजीत कुमार मध्य विद्यालय, बेलखुंडा को गणित में बेहतर टीएलएम की प्रस्तुति के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। टीएलएम में भाग लेने वाले सभी शिक्षकों को सीआरसी के संचालक मनोज कुमार राहुल एवं समन्वयक रामजन्म पासवान ने प्रशस्तिपत्र, मेडल, ट्रॉफी तथा डायरी एवं कलम देकर सम्मानित किया।

### जनवरी माह में कौआकोल में चलेगा बुलडोजर

**कौआकोल।** बाजार जाम से बहुत जल्द हो कौआकोल के लोगों को राहत मिलेगी।कौआकोल बाजार में जनवरी माह में अतिक्रमण हटाने को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए सीओ मनीष कुमार ने बताया कि सरकार एवं जिला प्रशासन के निर्देश पर अंचल अमीन के द्वारा बाजार में मापी किया जा रहा है। फिलहाल अवैध ढंग से अतिक्रमण कर रास्ता अवरुद्ध करने वाले कौआकोल बाजार के 85 से अधिक लोगों को चिन्हित कर प्रथम नोटिस जारी किया गया है। 15 दिनों के बाद इनलोगों को दूसरी नोटिस जारी किया जाएगा। इसके बाद बुलडोजर चलाकर अतिक्रमित स्थल को ध्वस्त किया जायेगा। सीओ के अनुसार आगे भी मापी के बाद लोगों को नोटिस तामिला कराने का सिलसिला जारी है। सीओ की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कम्प मच गया है।

### प्रखण्ड कार्यालय पहुंचने पर विधायक बिनीता मेहता का जोरदार स्वागत

**कौआकोल।** एनडीए समर्थित लोजपा (रा) के नवनिर्वाचित गोबिंदपुर विधानसभा के विधायक बिनीता मेहता का कौआकोल प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में पहली बार पहुंचने के बाद एनडीए कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। एनडीए कार्यकर्ताओं ने विधायक बिनीता मेहता को फूल माला एवं बुके देकर उनका अभिनन्दन किया। इस दौरान विधायक ने अपार जनसमर्थन के लिए लोगों का आभार जताया एवं कहा कि जिस भरोसे से जनता ने उन्हें विधायक बनाया है,उनके उम्मीदों पर शत प्रतिशत खड़ा उतरने का कार्य करूंगी। मौके पर रालोमो नेता विनय मेहता,शम्भू महतो,ज्योतिष कुमार, अनन्त बर्णवाल,रघुनन्दन महतो,ईश्वरी प्रसाद,अरुण यादव आदि मौजूद थे।

### तिमाही मूल्यांकन परीक्षा तीसरे दिन जारी

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालय में त्रिमासिक मूल्यांकन परीक्षा के तीसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहजपुरा में शांतिपूर्ण तरीके से त्रिमासिक मूल्यांकन परीक्षा चल रही है। जो आगामी 22 दिसम्बर तक चलेगी। इस त्रिमासिक मूल्यांकन में तीसरे दिन तीन से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विभागीय आदेश के आलोक में हो रहा है। दो पाली में ली जा रही है। प्रथम पाली दस बजे से 12 बजे तक, दूसरी पाली एक बजे से तीन बजे तक हुई। प्रथम पाली में गणित विषय की ली गई। जिसमें कक्षा तीन से पांचवीं तक के 32 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। वहीं द्वितीय पाली में गणित विषय की हुई। जिसमें छठी से आठवीं कक्षा के 40 छात्र व छात्राओं ने परीक्षा में शामिल हुए। छात्र व छात्राएं तन्मयता के साथ परीक्षा दिये। प्रधानाध्यापक अरविन्द कुमार के देखरेख में चल रहा है। इस मौके पर सहायक शिक्षक शिप्रा स्मनिल,नीतू कुमारी, कुमारी पूजा मौर्य,विभा कुमारी ने भूमिका निभाई।

### टी. एस. कॉलेज, हिसुआ में होगा विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन

**नवादा।** टी. एस. कालेज के प्राचार्य प्रो. पवन कुमार शर्मा ने बताया कि यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन नवादा जिले में होने जा रहा है, जिसके लिए टी. एस. कॉलेज, हिसुआ को नवादा जिला का नोडल केंद्र बनाया गया है। यह कार्यक्रम दिसम्बर माह में आयोजित किया जाएगा जिसमें 18 से 25 आयु वर्ग के युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जारी है और इच्छुक प्रतिभागी माई भारत पोर्टल पर जा कर पंजीकरण कर आवेदन कर सकते हैं। यूथ पार्लियामेंट की मुख्य तिथि 21 दिसम्बर 2025 घोषित की गयी है राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई,टी. एस. कॉलेज, हिसुआ के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार चौहान ने बताया कि यह युवाओं के नेतृत्व क्षमता, विचार एवं ज्ञान को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच होगा।

### अखिल भारतीय किसान महासभा ने दिया धरना

**पकरीबरावां।** अखिल भारतीय किसान महासभा के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पकरीबरावां प्रखंड कार्यालय में धरना दिया। धरना की अध्यक्षता लटन रविदास ने की। मांगो से संबंधित मांगपत्र अंचल अधिकारी को सौंपा गया। आंधी- तूफान से नष्ट हुए फसल का मुआवजा अविलंब, धान की एमएसपी और एक हजार रुपए प्रति क्विंटल बोनस के साथ अविलंब खरीद करने, रबी फसल की बुआई के लिए सरकारी दर पर पर्याप्त खाद- बीज का प्रबंध करने, कालाबाजारी पर रोक लगाने, सिंचाई परियोजनाओं का जीर्णोद्धार करने, कृषि भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाने, रोह के भट्टा गांव में मॉब लिंचिंग में मारे गए मो. अतहर हुसैन के परिजनों को 25 लाख मुआवजा देने आदि की मांग की गई। धरना को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला सचिव नरेंद्र प्रसाद सिंह एवं जिलाध्यक्ष जगदीश प्रसाद चौहान ने कहा कि खेती को केंद्र सरकार लाभकारी बनाकर खेतिहर जमीनों को अधिग्रहण कर रही है। एमएसपी के तहत धान की खरीद नहीं किया जाता है। व्यापारी के यहां किसान औने पौने दाम में धान को बेचने पर मजबूर है। मौके पर किसान नेता अनिल सिंह, अरुण कुमार, किशुन यादव, भोला यादव, सूरजभान सिंह यादव, लक्ष्मी देवी आदि उपस्थित थे।

# रजौली विधानसभा की जीत जन-जन की जीत : विधायक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** रजौली विधानसभा के विधायक विमल राजवंशी ने एनडीए कार्यकर्ताओं के सम्मान में कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित कर धन्यवाद, आभार व्यक्त किया। विधायक विमल राजवंशी ने बताया कि यह जीत रजौली के जन-जन की जीत है। यह जीत आप सबों के अथक परिश्रम, सहयोग, समर्पण की जीत है। आप सभी रजौली विधानसभा के एक-एक समर्पित कार्यकर्ता, रजौली के जन-जन, सर्व धर्म, सर्व समुदाय के लोगों ने अपना एक-एक बहुमूल्य वोट देकर मुझे रजौली विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है। मैं इसके लिये आप-सभी रजौली विधानसभा वासियों के जन-जन का सदैव ऋणी रहूँगा। मैं आप सबों का स्नेह, सहयोग, आर्शीवाद लेकर पूरी तन्मयता के साथ हर क्षेत्र में रजौली विधानसभा को विकसित बनाने के संकल्प के साथ कार्य करूंगा। आपका यह विधायक सदैव आप सबों के साथ पूरे समर्पण के साथ हर पल खड़ा मिलेगा। मैं पुनः आप रजौली विधानसभा के जन-जन के प्रति दिल की गहराईयों से धन्यवाद, आभार व्यक्त करता हूँ। विधायक विमल राजवंशी ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ स्थानीय मिडिया कर्मियों को भी स्नेह पूर्वक अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा की लोकतंत्र के महापर्व में मिडिया साथियों ने अपना कार्य पूरी तन्मयता के साथ किया है। मैं इन सभी के प्रति भी आभार धन्यवाद व्यक्त करता हूं।

भाजपा जिला महामंत्री गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि कार्यकर्ता सम्मान समारोह में एनडीए कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ हाथ में बिहारी गमछा फहराते हुए मोदी,नीतीश की जोड़ी हिट हो गईल गानों पर खुशी का इजहार किया। भाजपा जिला महामंत्री गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि हमारे रजौली, अमांवा के लाल बिहार सरकार के मंत्री नीतिन नवीन को भारतीय जनता के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाये पर रजौली वासियों ने नितिन नवीन को बधाई, शुभकामनाएं देते हुये खुशी का इजहार किया। गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि आज हम सभी के लिये गर्व का पल है कि हमारे रजौली, अमांवा के लाल नीतिन नवीन को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने इतने बड़े दायित्व से सुशोभित किया है।

## मॉब लिंचिंग की घटना को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह गंभीर : जमा खान



**नबिटा ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान बुधवार को बिहारशरीफ पहुंचे, जहां उन्होंने मॉब लिंचिंग की घटना में जान गंवाने वाले मोहम्मद अतहर हुसैन के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान मंत्री ने पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता राशि का चेक सौंपा और आगे भी हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर मंत्री जमा खान ने कहा कि नवादा जिले के भट्ठा पर गांव में हुई मॉब लिंचिंग की घटना को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह गंभीर है और कानून अपना काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अब तक कई आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पीड़ित परिवार को तत्काल सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया है, वहीं सरकार की ओर से अतिरिक्त सहायता राशि भी जल्द उपलब्ध करा दी जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि इस मामले में आरोपितों को जल्द से जल्द स्पीडी ट्रायल के माध्यम से सजा दिलाई जाएगी, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और समाज में सख्त संदेश जाए।

## पकरीबरावां के जीआईपी में खेल पखवाड़ा शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** प्रखंड मुख्यालय के घनश्याम नगर स्थित जीआईपी पब्लिक स्कूल में बुधवार से खेल पखवाड़ा शुरू हुआ। खेल पखवाड़ा का उदघाटन विद्यालय निदेशक रंजीत रंजन एवं प्राचार्य दीप राय ने संयुक्त रूप से किया। खेल शिक्षक विकास कुमार की देखरेख में कई प्रतियोगी खेलों का आयोजन किया गया। बालिका संवर्ग में 200 मीटर दौड़ में साक्षी प्रथम, प्रियंका द्वितीय तथा अक्षरा तृतीय स्थान प्राप्त की। 100 मीटर बालिका दौड़ में बंदना प्रथम, पायल राज द्वितीय तथा फ्रूटी तृतीय स्थान प्राप्त की। बालिका लंबी कूद में साक्षी प्रथम, निशा भारती द्वितीय, राशि तृतीय स्थान प्राप्त की। डिसकस प्रतियोगिता में साक्षी प्रथम, तनु द्वितीय तथा निशा भारती तृतीय स्थान प्राप्त की। वहीं बालिका शॉर्ट फुट में निशा भारती प्रथम, राजनंदनी द्वितीय तथा तनु तृतीय स्थान प्राप्त की। 400 मीटर बालक दौड़ में रोहित प्रथम, रिशु द्वितीय, लक्की तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बालक दौड़ में मनीष कुमार प्रथम, हिमांशु कुमार द्वितीय, हेमंत कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# बीस सूत्री की बैठक में हुई विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड कार्यालय परिसर अवस्थित सभाकक्ष में बुधवार को प्रखण्ड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सह बीस सूत्री की बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष दिलीप कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में उनके-उनके विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक बिनीता मेहता उपस्थित रहीं। जहां उनके पहुंचने पर बीडीओ सह 20 सूत्री सचिव डॉ० अखिलेश कुमार ने बुके देकर उनका स्वागत किया। विधायक बिनीता मेहता ने अधिकारियों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं को इमानदारी पूर्वक जमीनी स्तर पर सुपात्र लाभुकों के बीच पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक की शुरुआत बाल विकास परियोजना विभाग से की गई। परन्तु सीडीपीओ अंजली कुमारी सदन से अनुपस्थित पाए गए। जिस पर अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा ने नाराजगी जताते हुए डीएम को कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजने की बात कही। वहीं सदस्यों ने सीडीपीओ की मनमानी का मुद्दा सदन में उठाया। सीडीपीओ द्वारा प्रत्येक केंद्र से तीन से चार हजार रुपये की वसूली करने तथा कार्यालय से लगातार अनुपस्थित रहने का मुद्दा छाया रहा। बैठक में 20 सूत्री सदस्य शिवालक प्रसाद ने कौआकोल बाजार अवस्थित मध्य विद्यालय के गेट के पास अतिक्रमण कर अवैध ढंग से लगाये गए गुंटी एवं दुकानों को हटाने का प्रस्ताव रखा। कहा गया कि यहां मनचले का अड्डा बना रहता है,जिससे विद्यालय आने वाली छात्राओं को परेशानी होती है। जिस पर सीओ एवं थानाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में पीएचसी में एक्सरे मशीन बन्द रहने की शिकायत दर्ज कराई गई, जिस पर पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० रामप्रिय सहगल ने पीएचसी में पर्याप्त भवन की कमी बताया तथा विधायक से पीएचसी में पर्याप्त भवन निर्माण कराने में आवश्यक सहयोग की मांग की। बैठक में 20 सूत्री सदस्य मुकुल कुमार सिंह ने केवाली पंचायत में आरटीपीएस चालू नहीं रहने, पंचायत द्वारा लगाए गए सोलर लाइट नहीं जलने, देवनगढ़ पंचायत भवन सहित कई अन्य पंचायत भवन में कर्मियों के नहीं बैठने की शिकायत दर्ज कराई गई। जिस पर अधिकारियों ने गंभीरता से लागू करने की बात कही। सदस्यों ने पीएनबी बैंक में केवाईसी नहीं होने की शिकायत दर्ज कराई।

## अवैध आग्नेयास्त्र के साथ युवक गिरफ्तार, एक फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** गुप्त सूचना के आधार पर दीपनगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध आग्नेयास्त्र के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जबकि एक अन्य आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहा। थानाध्यक्ष राजमणि के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने किसी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए ग्राम मघडा सराय में छापेमारी की। इस दौरान अभियुक्त छोटु कुमार, उम्र लगभग 21 वर्ष, पिता स्व. रंजीत पासवान उर्फ रामजीत पासवान, निवासी मधडासराय, थाना दीपनगर, जिला नालंदा को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस तथा एक मैगजीन बरामद की। वहीं दूसरा आरोपी सत्येन्द्र कुमार उर्फ लेढिया, पिता जुगो पासवान, निवासी मघडा सराय, पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इस संबंध में थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष राजमणि, अपर थानाध्यक्ष विमलेश कुमार पासवान, पुअनि रंधीर कुमार, मकुन पासवान, अनिल कुमार राम, जितेन्द्र कुमार शर्मा, सअनि पंकज कुमार, रविन्द्र कुमार एवं अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## होंडा हीटर्स की टीम ने दर्ज की जीत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा द्वारा निबंधित चैलेंजर ट्रॉफी अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज नवादा वॉरियर्स का मुकाबला होंडा हीटर्स के बीच हुआ जिसमें नवादा वॉरियर्स के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 27 ओवरों में 142 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। नवादा वॉरियर्स के बल्लेबाज कप्तान आदित्य ने 29 गौरव ने 26 जबकि अनुराग पाराशर ने 24 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए होंडा हीटर्स की गेंदबाज कुश कुमार एवं तेजस शाही ने तीन-तीन खिलाड़ियों को आउट किया। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी होंडा हीटर्स की टीम ने 23 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाकर मैच को जीत लिया। होंडा हीटर्स के बल्लेबाज धरम कुमार ने एक बार फिर से शानदार 58 रन बनाए जबकि कप्तान निमेष राज ने 43 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया और टीम को आसानी से जीत दिला दी। इस जीत के साथ होंडा हिटर अपने तीनों मैच जीत कर फाइनल में पहुंचने की रेस में सबसे आगे है। आज के मैच में शानदार बल्लेबाजी करने वाले धर्म कुमार को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी बीसीए अंदर-19 टीम के मैनेजर मनीष आनंद के द्वारा दी गई। अंपायरिंग की भूमिका में अजय कुमार एवं पवन कुमार थे। मैच के सफल संचालन में जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी सचिव राकेश कुमार अभिषेक पांडे प्रहलाद कुमार पंकज केसरी आनंद मिश्रा मौजूद रहे।

## एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने सभी थानाध्यक्ष, पुलिस निरीक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षक के साथ समाहरणालय स्थित हरदेव भवन में अपराध गोष्ठी की। जिसमें जिले में घटित अपराधों की समीक्षा की गई तथा लंबित कांडों के निष्पादन, गंभीर अपराधों पर त्वरित कार्रवाई, वांछित एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, वारंट निष्पादन एवं कुर्की-जप्ती की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं थाना प्रभारियों को अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था संधारण, रात्रि गश्ती सुदृढ़ करने एवं आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## श्रम संसाधन विभाग द्वारा 15 दिनों का निःशुल्क प्रशिक्षण शुरू



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** श्रम संसाधन विभाग द्वारा हरनौत बाजार में होनहार पुरुषों एवं महिलाओं के लिए 15 दिनों के प्रशिक्षण की शुरुआत हुई। प्रशिक्षण का विधिवत शुभारंभ एलइओ सह नोडल पदाधिकारी चांदनी रस्तोगी , संचालक मुरारी वर्मा , विपुल कुमार सिंह ने फिता काटकर किया। वहीं एलईओ सह नोडल पदाधिकारी सुश्री रस्तोगी ने बताया कि श्रम संसाधन विभाग द्वारा प्रथम वर्ष में नालंदा जिला समेत सुबे के 17 जिलो में कुल 25 हज़ार योग्य निबंधित निर्माण श्रमिकों को आरपीएल के तहत प्रशिक्षण दिया जाएगा , जिसमें हरनौत बाजार में रांची रोड स्थित एक निजी भवन में भी प्रशिक्षण के लिए चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि इसमें बिहार भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड अंतर्गत निबंधित योग निर्माण श्रमिकों को सीआरपीएल प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने श्रमिकों को बताया कि लेबर कार्ड से जुड़े पंजीकृत श्रमिकों को एक ही छत के नीचे बिल्डिंग, इलेक्ट्रीशियन, राजमिस्त्री, पेंटिंग जैसे ट्रेड में प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है। बताया कि आरपीएल जैसे कार्यक्रम श्रमिकों की आत्मनिर्भरता कार्य संतोष और उत्पादकता बढ़ाने में मिल का पत्थर साबित होगा। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत से तकरीबन 15 सौ श्रमिकों को ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत लिखित परीक्षा ली जाएगी एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। वहीं संचालक श्री वर्मा ने बताया कि चार बैच की शुरुआत हुई है। बाकि बैच की भी शुरुआत होगी। प्रत्येक बैच में 50-50 श्रमिकों को प्रतिदिन आठ घंटों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें चाय, नाश्ता, पानी, खाना आदि की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कार्य से संबंधित कुछ यंत्र भी प्रदान किया जाएगा। मौके पर अमरजीत कुमार, सतीश कुमार, सागर राही, मोनी, नीतू, गोपाल, राकेश समेत अन्य मौजूद थे।

## दिव्यांगों के लिए जॉब कैम्प-सह-करियर व मार्गदर्शन सेमिनार का होगा आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के दिव्यांग युवाओं के लिए रोजगार का एक सुनहरा अवसर सामने आया है। श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निर्देश पर जिला नियोजनालय-सह-मॉडल करियर सेंटर, नवादा की ओर से 20 दिसंबर 2025 को एक दिवसीय रोजगार कैंप-सह-करियर एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आईटीआई), नवादा परिसर में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक चलेगा। जिला नियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सुमन ने बताया कि इस रोजगार कैंप में कुल आठ निजी नियोजक भाग लेंगे, जिनके माध्यम से 113 रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इसमें फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी अकादमी (नई दिल्ली), धरमशीला देवी मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल (नवादा), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), स्तुति सोशल वेलफेयर फाउंडेशन, डोमिनोज़ (नवादा), मां मुंडेश्वरी टाटा मोटर्स (नवादा), भारत गैस एजेंसी (नवादा) एवं शर्मा एंटरप्राइजेज लिमिटेड शामिल हैं। कैंप में नन-मैट्रिक से लेकर स्नातक, आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण दिव्यांग अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 50 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति नवादा, हाजीपुर (बिहार) एवं बावल (हरियाणा) में की जाएगी। इच्छुक दिव्यांग आवेदक चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ निर्धारित स्थल पर उपस्थित हो सकते हैं। रोजगार कैंप में केवल वही अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे, जो राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल पर निबंधित हैं। जो अभी निबंधित नहीं हैं, वे जिला नियोजनालय, नवादा में या स्वयं ऑनलाइन निबंधन कराकर कैंप में भाग ले सकते हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, इसलिए नियुक्ति की शर्तों एवं नियमों की जिम्मेदारी संबंधित नियोजकों की होगी। जिला नियोजनालय की भूमिका केवल सुविधा प्रदाता के रूप में रहेगी।

## जन वितरण दुकान व आंगनबाड़ी केंद्र का एसडीएम ने किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** अनुमंडल पदाधिकारी बिहार शरीफ के द्वारा नूरसराय प्रखंड के कई आंगनबाड़ी केंद्र एवं जन वितरण की दुकान का औचक निरीक्षण किया। एसडीओ ने बुधवार को नूरसराय प्रखंड के ग्राम सरदारविगहा के में अवस्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 549 का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के क्रम में सेविका सरिता कुमारी अनुपस्थित पाई गई । उपस्थिति पंजी में 35 बच्चों नामांकित है , जिनकी उपस्थिति दर्ज नहीं की गई है । निरीक्षण के समय मात्र 16 बच्चे ही केंद्र पर पाए गए। आंगनबाड़ी केंद्र सुचारु ढंग से एवं सतत पर्यवेक्षण नहीं किए जाने के कारण संबंधित महिला पर्यवेक्षिका से स्पष्टीकरण करते हुए अगले आदेश तक उनका वेतन भुगतान स्थगित किया गया। इसी तरह अनुमंडल पदाधिकारी बिहार शरीफ के द्वारा नूरसराय प्रखंड के ग्राम पंचायत राज अंधना अंतर्गत राधा कुमारी जन वितरण प्रणाली के दुकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में दुकान में ई-पोश मशीन के अनुसार खाद्यान्न भंडारण में अधिक पाया गया। विक्रेता के द्वारा स्टॉक पंजी संधारित नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेता से स्पष्टीकरण किया गया है। नूरसराय प्रखंड के रूपा रानी जन वितरण प्रणाली विक्रेता का दुकान का निरीक्षण किया गया। विक्रेता का दुकान बंद पाया गया,लाभुकों के डाटा का ई- केवाईसी कार्य भी नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में विक्रेता से स्पष्टीकरण किया गया है। नूरसराय प्रखंड के अरविंद कुमार जन वितरण प्रणाली विक्रेता का दुकान का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण में भंडारण सहित पाया गया।

# स्वतंत्रता सेनानी ज्वाला बाबू की पुण्यतिथि मनी, बांटे गए कंबल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र के बाईपास रोड स्थित जेपीएस आईटीआई परिसर में बुधवार को ज्वाला प्रसाद सिंह वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में स्वतंत्रता सेनानी स्व. ज्वाला प्रसाद सिंह की 45वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने की, जबकि मंच संचालन शिक्षाविद रवि कुमार पिंकु ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्वाला बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। आयोजनकर्ता स्व. ज्वाला बाबू के पुत्र जेपीएस आईटीआई निदेशक सह अपसढ़ पंचायत मुखिया राजकुमार सिंह तथा पौत्र ई. निरंजन कुमार ने अतिथियों का सम्मान किया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अरुणा देवी ने कहा कि ज्वाला बाबू का जीवन स्वतंत्रता, राष्ट्रभक्ति और त्याग का प्रतीक है। वे हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत और स्वतंत्रता आंदोलन के सजग प्रहरी थे। मौके पर कई जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ज्वाला बाबू को भारतमाता का सच्चा सपूत बताते हुए उनके आदर्शों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान केवाईपी योजना के अंतर्गत सफल 20 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही लगभग 400 वृद्ध, दिव्यांग एवं जरूरतमंद लोगों के बीच ऊनी कंबल का वितरण किया गया। बिहार विधान पार्षद नीरज कुमार ने भी पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# नालंदा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की नई शाखा का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा शहर के सुर्यमंदिर तालाब पर नालंदा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की नई स्थान पर शाखा का उद्घाटन बैंक के अध्यक्ष सह विधायक डॉ. जितेन्द्र कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि यह बैंक अब मोबाइल एटीएम वैन समेत कई तरह की आधुनिक सवाओं से जुड़ चुका है,समाज और किसानों के विकास हेतु बैंक ने अनेक नई योजनाएं आरंभ की है। समाज और किसानों के विकास हेतु बैंक ने अनेक नई योजनाएं आरंभ की है। बैंक अपने सीबीएस प्रणाली को और अधिक उन्नत कर रहा है। ताकि ग्राहकों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकें। साथ ही, बैंक माइक्रो एटीएम सेवा उपलब्ध करा रहा है तथा धान अधिप्राप्ति के लिए पैक्स को कैश क्रेडिट लोन भी प्रदान कर रहा है। बैंक के उपाध्यक्ष पंकज कुमार ने कहा कि नालंदा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में हमेशा अग्रणी रहा है। हिलसा शाखा का यह नया भवन ग्राहकों को बेहतर, प्रबंध निदेशक आनंद कुमार चौधरी ने कहा कि बैंक की सभी शाखाओं को डिजिटलीकरण और नवीनतम तकनीक से जोड़ा जा रहा है। बैंक का लक्ष्य ग्राहकों को पारदर्शी, विश्वसनीय और सुलभ सेवाएं उपलब्ध कराना है। नालंदा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक को राज्य के सर्वोत्तम सहकारी बैंकों में स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा। नये स्थान पर बैंक मे अधिक से अधिक लोगो का खाता खोलने के कहे। मौके पर प्रवन्ध निदेशक आनन्द कुमार चौधरी, माननीय पंकज कुमार,शाखा प्रबंधक अमित राज, अमीत कुमार, सुर्यकांत मंडल, मिथलेश पासवान, सुधा सिन्हा, रणवीर सिन्हा, नमीता कुमारी, अशोक कुमार,साधुशरण मुखिया,प्रमोद कुमार, मुन्ना कुमार, शैलेन्द्र कुमार, घनंजय कुमार,नागेंद्र कुमार, शैब्लू, सत्येन्द्र कुमार, प्रवीण कुमार, अजय शंकर, सवोतम राज, सत्येंद्र कुमार के अलावे कई लोग मौजूद रहे।

# गया जी टाउन में विकास कार्यों की सौगात

## डॉ. प्रेम कुमार ने किया विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने अपने विधानसभा क्षेत्र गया जी टाउन अंतर्गत विभिन्न विकासात्मक कार्यों का विधिवत उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत कराए जा रहे इन कार्यों से क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी और आमजन को आवागमन एवं स्वच्छता की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर डॉ प्रेम कुमार ने वार्ड संख्या 6 शिवनगर में पथ एवं नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया जिसकी कुल लागत 50 लाख 37 हजार रुपये है। इसके साथ ही वार्ड संख्या 04 एवं 05 में गांधी मोड़ से रविदास टोला होते हुए गया मुख्य पथ तक पथ एवं नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया जिस पर 46 लाख 91 हजार 228 रुपये की लागत आई है। इसके अतिरिक्त वार्ड संख्या 5 में एनएच-83 से शिव मंदिर तक नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन 42 लाख 13 हजार 581 रुपये की लागत से किया गया। वहीं वार्ड संख्या 33 मोहन नगर में 16 लाख 29 हजार 584 रुपये की लागत से निर्मित पार्क का भी उद्घाटन किया गया। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण हो। सड़क, नाली एवं पार्क जैसे कार्य न केवल नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाते हैं, बल्कि स्वच्छ एवं सुंदर शहर के निर्माण में भी सहायक होते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से लंबे समय से चली आ रही जलजमाव और आवागमन की समस्याओं से राहत मिलेगी। लोगों ने क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जाने पर अध्यक्ष बिहार विधानसभा डॉ प्रेम कुमार के प्रति आभार प्रकट किया। वहीं मौके पर शंभू यादव, शिवनारायण चंद्रवंशी, शंभू चंद्रवंशी, गौरी शंकर, गोपाल प्रसाद, श्याम बिहारी राम, उपेंद्र पासवान, राजनंदन गांधी, जितेंद्र यादव, श्याम प्यारे, मोहन कुशवाहा, हबलू पांडे, मालती देवी, पम्मी सिंह, श्रवण कुमार, पप्पू नीलकर, सुशील पासवान, जय गोविंद शर्मा, दुर्गा प्रसाद, पप्पू कुमार चंद्रवंशी, मुन्नी सिंह, कौशलेंद्र सिंह, राकेश आईटी, राधे जी, अमित पासवान, संजय रविदास, सुरेश शर्मा, दीनानाथ प्रसाद, शिव मांझी सहित अन्य मौजूद रहे।




# मगध विश्वविद्यालय में संस्कार सृजन के तहत साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के अंतर्गत स्नातकोत्तर गणित विभाग के सभागार में संस्कार सृजन के तत्वावधान में विश्वविद्यालय के सभी स्नातकोत्तर विभागों के छात्र-छात्राओं के लिए साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति एस. पी. शाही के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुलसचिव बिनोद कुमार मंगलम, मानविकी संकाय की संकायाध्यक्ष निभा सिंह, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष सुप्रीति सुमन सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। संस्कार सृजन की ओर से कार्यक्रम के संयोजक के रूप में मीनाक्षी, सह संयोजक ममता मेहरा तथा कोषाध्यक्ष कविता कुमारी ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन के अंतर्गत लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य और लोक गीत की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। लोक नृत्य (एकल) प्रतियोगिता की समन्वयक पूनम सिंह और राजेश कुमार रहीं, जबकि लोक नृत्य (समूह) की जिम्मेदारी वंदना और अनुकर्वा सिन्हा ने संभाली। शास्त्रीय नृत्य (एकल) प्रतियोगिता के समन्वयक श्वेता गोयल और जियाउल्लाह अनवर रहे। लोक गीत (समूह) प्रतियोगिता का समन्वय एकता वर्मा और जन्मेजय सिंह ने किया। प्रतियोगिताओं के लिए गठित निर्णायक मंडल में वंदना कुमारी, अमित कुमार, प्रियंका तिवारी और विनीता कुमारी शामिल थीं। लोक गीत (समूह) प्रतियोगिता में समूहझ्र1 से आशीष शंकर, सौरभ कुमार, ईशान, सुमित कुमार और सानोज कुमार, समूह-2 से प्रिया सलोनी, प्रीति कुमारी और सोनी प्रवीण तथा समूह-3 से अंजली और अनन्या ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में साहित्यिक अभिरुचि और सांस्कृतिक चेतना का विकास करना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना रहा। उपस्थित शिक्षकों और अतिथियों ने संस्कार सृजन द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




# दुर्घटनाग्रस्त कार से 70.350 लीटर शराब बरामद, जांच में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कर्मनाशा।** दुर्गावती थाना क्षेत्र के रोहुआ गांव के समीप एनएच-19 पर मंगलवार की सुबह शराब से भरी एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी और विपरीत लेन में जाकर पलट गयी। घटना के बाद कार सवार शराब तस्कर मौके से फरार हो गये। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कार सहित शराब को जब्त कर थाने लायी। पुलिस ने कार से 70.350 लीटर शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार शराब से भरी कार एनएच-19 के रास्ते यूपी से मोहनियां की ओर जा रही थी। इसी दौरान रोहुआ गांव के समीप कार तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी व जीटी रोड के दक्षिणी लेन में जाकर पलट गयी। संयोग अच्छा रहा कि उस समय दक्षिणी लेन से कोई वाहन नहीं आ रहा था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। दुर्घटना के बाद कार में सवार तस्कर घायल होने के बावजूद मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही दुर्गावती थानाध्यक्ष गिरीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे वहीं, एनएचएआइ विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गयी। क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटाया गया। पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान कार के अंदर शराब की बोतलें बिखरी पड़ी मिलीं। कार पलटने से कई बोतलें टूट गयी थीं। जांच में यह भी सामने आया कि कार के अंदर गुप्त बॉक्स बनाया गया था जिसमें महंगी शराब की बोतलें छुपाकर रखी गयी थीं। पुलिस ने सभी शराब को जब्त कर लिया है व आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गयी है। घटना के बाद यूपी की ओर जाने वाली लेन में वाहनों की लंबी कतार लग गयी थी। हालांकि, थोड़ी देर बाद वाहन को हटाते ही आवागमन फिर से सुचारू रूप से शुरू हो गया।

# जीविका दीदियों के बीच प्रतियोगिता आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** प्रखण्ड परियोजना क्रियान्वयन इकाई, जीविका कार्यालय, गुरारू के तत्वावधान में सर्वोदय+2 विद्यालय के मैदान में विराट महिला जिविका संकुल संघ एवं मगध महिला जीविका संकुल संघ के बीच बैडमिंटन एवं कैरमबोर्ड प्रतियोगिता आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नई चेतना के तहत आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य महिलाओं में जागरूकता एवं दृढ़ता का संचार करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परियोजना प्रबंधक आचार्य मम्मट, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संभव कुमार सिंह एवं प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में मगध महिला जीविका संकुल संघ एवं कैरमबोर्ड प्रतियोगिता में विराट महिला जीविका संकुल संघ को विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला परियोजना प्रबंधक आचार्य मम्मट ने विजेताओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# मायके जा रही विवाहिता ऑटो से गिरी, मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोहनियां।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भरखर गांव के समीप काली मंदिर के पास मंगलवार को मायके जा रही एक विवाहिता की चलती ऑटो से गिरने से मौत हो गयी। मृतका की पहचान दसौती गांव निवासी अमरजीत खरवार की 35 वर्षीय पत्नी दयंती देवी के रूप में की गयी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कागजी प्रक्रिया में जुट गयी। मिली जानकारी के अनुसार, दयंती देवी मंगलवार को अपने ससुराल से ऑटो पर सवार होकर मायके रोहतास जिला के कोचस जा रही थीं। जैसे ही ऑटो रामगढ़-मोहनियां पथ पर भरखर गांव के समीप पहुंचा, संतुलन बिगड़ने से वह चलती ऑटो से नीचे गिर पड़ीं। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गयीं। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायल विवाहिता को मोहनियां अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया जाता है कि मृतका अपने पीछे दो छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गयी है, जिनके सिर से मां का साया हमेशा के लिए उठ गया। बच्चों की हालत भी काफी दयनीय बनी हुई थी। इधर सूचना पर पहुंचे मोहनियां थाना के सब इंस्पेक्टर पारस कुमार ने बताया कि महिला की मौत हो चुकी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है। इस हृदयविदारक हादसे ने एक बार फिर सड़कों पर यात्री सुरक्षा व वाहनों में सतर्कता की आवश्यकता को उजागर कर दिया है।

# प्रखंड कार्यालय पर किसानों का एकदिवसीय धरना, मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** अखिल भारतीय किसान महासभा के आह्वान पर बुधवार दोपहर 12 बजे कोंच प्रखंड कार्यालय पर किसानों एवं मजदूरों ने गगनभेदी नारों के साथ एकदिवसीय धरना दिया और विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रखंड प्रशासन को सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयनंदन शर्मा एवं संचालन अशोक यादव ने किया। धरना में बड़ी संख्या में किसान व ग्रामीण शामिल हुए। धरनार्थियों ने मोथा तूफान से हुई फसल क्षति का मुआवजा देने, एमएसपी सहित एक हजार रुपये प्रति क्विंटल बोनस के साथ धान की खरीद, खाद की कालाबाजारी पर रोक, रबी फसल के लिए सरकारी दर पर खाद-बीज उपलब्ध कराने, कृषि कार्य के लिए मुफ्त बिजली देने तथा सभी सरकारी नलकूपों को अविलंब चालू करने की मांग की। इसके अलावा सोन नहर के लिए कदवन डैम निर्माण, उत्तर कोयल नहर के लिए कुटकू डैम में फाटक लगाने, कृषि भूमि अधिग्रहण में भूमि अधिग्रहण कानून-2013 लागू करने तथा उत्तर कोयल नहर और अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा बाजार मूल्य का चार गुना देने की मांग उठाई गई। धरना सभा को संबोधित करते हुए किसान महासभा गया के सचिव एवं गुरारु के जिला पार्षद बालेश्वर प्रसाद यादव ने कहा कि नीतीश और मोदी की सरकार हिटलर के फांसीवादी सरकार को भी मात दे दी है। आज जब किसान- मजदूरों के कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने की बात आती है तो सरकार चुप रहती है अथवा टाल-मटोल करते रहती है, वहीं जब दमनकारी नीतियां लागू करने की हो तो यह भी नहीं देखती है कि जिस गरीब का वोट लेकर या चुराकर सरकार बनाए हैं उसी गरीब के घर पर बुलडोजर चला रहे हैं। सरकार के कारनामें बेशर्मी का हद कर चुका है। इसलिए उक्त मांगों को लेकर हम तमाम शोषित पीड़ित जनता के साथ किसान मजदूरों की एकता कायम रखनी है और अपनी मांगों को पूरा करने तक संघर्ष को तेज करते रहना है। वहीं, संबोधित करते हुए जयनंदन शर्मा ने कहा कि सरकार किसान-मजदूरों की समस्याओं पर गंभीर नहीं है। उन्होंने मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। मौके पर डॉ रामाशीष कुमार, दारा सिंह, रवि कुमार, यादव, मोहन यादव, रमेश यादव, सुखेन्द्र यादव, अजय कुमार, सुंदरदेव यादव, राजेन्द्र यादव, ब्रजेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# बाजार में 10, 20 व 50 के नोटों की किल्लत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** बाजारों में इन दिनों 10, 20 व 50 रुपये के नोटों की भारी किल्लत बनी हुई है जिसके चलते दुकानदारों व ग्राहकों दोनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राहक और दुकानदारों के बीच इसको लेकर बहस की नौबत तक आ जा रही है क्योंकि 10 रुपये का सामान लेने पर ग्राहक 50 रुपये का नोट थमा दे रहे हैं, अब दुकानदार को बाकी के 40 रुपये ग्राहक को लौटाने में नाको चने चबाने पड़ जा रहे हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों में 10, 20 और 50 के नोट नहीं रहने से दुकानदारों को फजीहत उठानी पड़ जा रही है। इसके चलते दुकानदारों को रोज नुकसान उठाना पड़ रहा है और दुकानदार दिनभर छुट्टे पैसे इकट्ठा करने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा हैं। शहर के स्थानीय दुकानदारों अशोक गुप्ता, विक्की जायसवाल, गोलू कुमार, बलजीत सिंह, अशोक प्रसाद व अन्य ने बताया कि बाजार से 10 और 20 रुपये के नोट की भारी कमी है और जो कुछ पुराने नोट बाजार में चलन में हैं, उनकी हालत बेहद खराब है। बैंक से भी छुट्टे पैसे नहीं मिलने के कारण परेशानी और बढ़ रही है। वहीं, कुछ दुकानदारों का मानना है कि डिजिटल लेनदेन के बढ़ते चलन से छोटे नोट बाजार से गायब होते जा रहे हैं। इससे ग्राहक भी नाराज होकर लौट जाते हैं। बाजार में अब अधिकतर ग्राहक गूगल पे, फोन पे जैसे डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल करने लगे हैं। हालांकि छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में अभी भी एक बड़ा तबका ऐसा है जो नकद भुगतान को ही प्राथमिकता देता है। इधर, नोटों की कमी का सीधा असर अब छोटे दुकानदारों की आय पर पड़ रहा है क्योंकि जिले के ग्रामीण क्षेत्र के ग्राहक आज भी अधिकतर नकद में ही खरीदारी करते हैं। अगर यही स्थिति रही तो लेनदेन में और परेशानी होगी। दुकानदारों के अनुसार छोटे नोट की किल्लत पिछले छह महीने से है। 100 रुपये देने पर मिल रहे 90 रुपये के सिक्के बाजार में 10, 20 और 50 रुपये के नोट की भारी किल्लत से जूझ रहे दुकानदारों को 100 रुपये का खुल्ले कराने में 90 रुपये ही मिल रहे हैं यानी छुट्टा कराने पर 10 रुपये वसूले जा रहे है। इससे दुकानदारों को हर तरफ से नुकसान उठाना पड़ता है। दुकानदारों का कहना था कि पहले छोटे नोट आसानी से मिल जाया करते थे, लेकिन अब हालात यह है कि बैंक में नये नोट आने के बाद भी आम जनता तक पहुंचने से पहले ही गायब हो जा रहे हैं। व्यवसायियों और दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कि लगातार बनी हुई इस गंभीर समस्या को तुरंत सुलझाया जाये। बाजार और बैंकों में छोटे नोट व सिक्कों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाये, ताकि आम जनता और व्यापारी वर्ग को राहत मिल सके।

## शपथ पत्र

मैं, वैभव प्रताप, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता नागेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ नागेन्द्र प्रताप, निवासी मु० ईदगाह मुहल्ला (जी.टी. रोड), पो०+थाना-डिहरी, जिला-रोहतास, (बिहार) का स्थाई निवासी हूं जो शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पत्ते का स्थायी निवासी हूं।

मेरा नाम वैभव प्रताप उर्फ राजा बाबू दोनों की नामों से जाना व पहचाना जाता हूं।

मेरे पिताजी नागेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ नागेन्द्र प्रताप दोनों ही नामों से जाने व पहचाने जाते हैं। एल.आई.सी. के पॉलिसी नं०-511421730 में जब मेरा नामकरण नहीं हुआ था तो राजा बाबू के नाम से बुलाते थे और उसी नाम से मेरा एल.आई.सी. की पॉलिसी चलती थी। मैं शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे आधार और अन्य सभी कागजात पर मेरा नाम वैभव प्रताप है।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 22062 दिनांक 16.12.2025

**शपथकर्ता**
**वैभव प्रताप**

# सामाजिक कार्यकर्ता संजय पासवान को शोक सभा कर दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** हबीपुर गांव निवासी सह सामाजिक कार्यकर्ता स्वर्गीय संजय पासवान के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। कुछ दिन पूर्व हृदय गति रुक जाने से उनका निधन हो गया था जिससे पूरे गांव एवं परिवार में शोक की लहर व्याप्त है। परिजनों के अनुसार, लगभग 12 दिन पूर्व सुबह खेत में धान की बोझा ढोने के दौरान वे अचानक गिरकर बेहोश हो गए थे। इसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए रांची ले गए जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। स्व. संजय पासवान एक कर्मठ सामाजिक कार्यकर्ता थे वे अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। शोक सभा में उपस्थित रिश्तेदार सुरेंद्र पासवान, पूर्व मुखिया मुरारी प्रसाद दांगी, अजय पासवान, संजय कुमार, अनिल कुमार पासवान, विनोद पासवान सहित अन्य लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# छात्र-छात्राओं के बीच गर्म कपड़े का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** प्रखण्ड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय,आजाद बिगहा में पदस्थापित शिक्षक राजेश कुमार ने अपने वेतन के पैसे से 114 गरीब छात्र-छात्राओं के बीच स्वेटर एवं टोपी का वितरण किया। इस संबंध में शिक्षक राजेश कुमार ने पूछे जाने पर बताया कि छोटे -छोटे गरीबों के बच्चे इस ठंड में बगैर गर्म कपड़े के विद्यालय में आते हैं और कंपकंपाते रहते हैं। मुझसे देखा नहीं गया तो मैंने इनके माता-पिता से संपर्क कर गर्म कपड़े पहनाकर विधालय भेजने का आग्रह किया, परन्तु इनके परिजनों ने असमर्थता जताई। मैं विद्यालय के साथी शिक्षक/शिक्षिकाओं से मदद का अनुरोध किया परन्तु सभी ने सहयोग करने से इन्कार कर दिया। अंततः मैंने अपने अपने वेतन के पैसे से लुधियाना से थोक मूल्य में हजारों रूपए लगाकर ओसवाल कंपनी का स्वेटर एवं टोपी मंगवाकर बच्चों को विद्यालय में ही स्वयं वितरण कर बच्चों को गर्म कपड़े पहनाया। इस कार्य को करने से मुझे काफी प्रसन्नता एवं सुकून मिला।

# बिहार में एआई मिशन का आगाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के युवाओं के लिए तकनीक और करियर के नए दरवाजे खुलने वाले हैं। राज्य सरकार ने एआई मिशन को मंजूरी दे दी है जिससे यह साफ हो गया है बिहार अब सिर्फ पारंपरिक विकास नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीक और नवाचार के रास्ते आगे बढ़ेगा जो बिहार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इकोसिस्टम, स्थापित करने वाले राज्यों में शुमार कराएगा। एआई मिशन के तहत बिहार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इकोसिस्टम तैयार किया जाएगा। इसका सीधा फायदा राज्य के प्रमुख शहरों को मिलेगा जहां तकनीक आधारित विकास को रफ्तार मिलेगी। इस मिशन के बाद अब सरकार का फोकस सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर तक सीमित नहीं होगा, बल्कि युवाओं के स्किल डेवलपमेंट, रिसर्च और स्टार्टअप कल्चर को मजबूत करने पर भी होगा। इस मिशन के अंतर्गत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी। यहां अक, डेटा साइंस और उभरती तकनीकों पर रिसर्च होगी। इससे न केवल नई तकनीक विकसित होगी, बल्कि स्टार्टअप्स को भी मजबूत प्लेटफॉर्म मिलेगा। सरकार का मानना है कि इससे बिहार में स्थानीय स्तर पर इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं को बाहर जाने की मजबूरी कम होगी। एआई मिशन का एक अहम हिस्सा अक लर्निंग और ट्रेनिंग प्रोग्राम भी है। ध्यान में रख कर बिहार के युवा भविष्य की नौकरियों के लिए तैयार होंगे। हेल्थ, एजुकेशन, एग्रीकल्चर, गवर्नेंस और इंडस्ट्री जैसे सेक्टर में अक आधारित अवसर पैदा होंगे। यानी पढ़ाई के साथ-साथ नए करियर विकल्प भी सामने आएंगे ।

# बक्सर में बनेगा खेल गांव जैसा मेगा स्टेडियम, अब खिलाड़ियों को मिलेगा बड़ा मंच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बक्सर जिले के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए एक बड़ा सपना अब सच होने जा रहा है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद जिले के प्रसिद्ध आईटीआई मैदान पर 43.38 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक राज्य स्तरीय स्टेडियम का निर्माण होने जा रहा है जो बक्सर को खेल पर्यटन का नया केंद्र बना सकता है। बक्सर जिले में खेल को लेकर वर्षों से चली आ रही उपेक्षा अब इतिहास बनने जा रही है। राज्य सरकार ने जिले को वह सौगात दी है जिसकी मांग लंबे समय से खिलाड़ी और स्थानीय लोग कर रहे थे। 43.38 करोड़ रुपये की लागत से बक्सर के आईटीआई मैदान पर एक अत्याधुनिक राज्य स्तरीय स्टेडियम का निर्माण प्रस्तावित है। यह स्टेडियम न सिर्फ स्थानीय खिलाड़ियों को बड़ा मंच देगा, बल्कि बक्सर को राज्य और अंतरराज्यीय खेल आयोजनों के मानचित्र पर भी स्थापित करेगा। प्रस्तावित मेगा स्टेडियम का निर्माण बिहार स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड को सौंपा गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, यह स्टेडियम आधुनिक तकनीक और अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। यहां ट्रैक एंड फील्ड के साथ-साथ फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल जैसे कई लोकप्रिय खेलों की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा खिलाड़ियों के लिए हॉस्टल, फिटनेस सेंटर, फ्लडलाइट सिस्टम और अंडरग्राउंड ड्रेनेज जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं भी की जाएंगी, ताकि किसी भी मौसम में खेल गतिविधियां प्रभावित न हों। मुख्यमंत्री की हालिया प्रगति यात्रा के दौरान बक्सर में खेल स्टेडियम की कमी का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। युवाओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने स्टेडियम निर्माण की मांग रखी थी जिस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था। अब उसी आश्वासन को अमलीजामा पहनाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अधिकारियों का कहना है कि परियोजना की अंतिम रूपरेखा तैयार है और बिडिंग प्रक्रिया भी चल रही है। टेंडर पूरा होते ही निर्माण कार्य को गति मिलने की उम्मीद है। स्टेडियम के निर्माण से बक्सर के उभरते खिलाड़ियों को अपने जिले में ही उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं का अवसर मिलेगा।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj / e-mail : gmtzdal@gmail.com**

## TENDER NOTICE

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 597/PR/JUSNL/ 2025-26 | Painting of 02 (two) nos. of 50MVA Power Transformers at 132/33 kV Grid-Sub-station, Daltonganj | Rs. 886/- (including GST @ 18%) | Rs. 7000/- |
| 2. | 598/PR/JUSNL/ 2025-26 | painting of 02 (two) nos. of 50MVA Power Transformer SSTs, JBs, BMKs Fencing etc at 132/33 kV Grid-Sub-station, Latehar | Rs. 886/- (including GST @ 18%) | Rs. 8500/- |
| 3. | 599/PR/JUSNL/ 2025-26 | Installation of tower accessories i.e. number plate, danger plate, circuit plate & anti climbing device in 132 kV D/C Sonenagar-Japla-Garhwa road transmission line under transmission sub-division Japla. | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | 19000/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents **18.12.2025** at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto **08.01.2026** at 02:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto **08.01.2026** at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender : **09.01.2026** at 03:30 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/ submission/ opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 9973936358

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

**Sd/-**
**General Manager**
**Transmission Zone-IV, Medininagar**

PR.NO.368799 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26):D

संपादकीय

# यहूदी कहीं भी सुरक्षित नहीं !

अमूमन आतंकवाद से बहुत कम प्रभावित ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में रविवार को हुए आंतकी हमले में 16 यहूदियों की मौत इसलिए चौंकाने वाली है, क्योंकि फिलिस्तीनियों के मामले में ऑस्ट्रेलियाई सरकार का रवैया सहानुभूतिपूर्ण और सकारात्मक रहा है। इसके बावजूद भी आंतकी बाप-बेटे ने यहूदी त्यौहार हनुक्का मना रहे लोगों की निर्मम हत्याएं की हैं तो उसका उद्देश्य केवल दहशत फैलाना ही है। इस घटनाक्रम ने ऑस्ट्रेलिया को भी स्तब्ध कर दिया है तथा भारत सहित दुनिया के सभी देशों ने इस सुनियोजित हत्याकांड की कड़ी निंदा की है। भारत में भी यहूदियों की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इस बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस हत्याकांड के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया है। उधर ऑस्ट्रेलियाई पुलिस को हत्यारे बाप-बेटे के पाकिस्तानी मूल का होने का शक है। इस पूरे घटनाक्रम में अच्छी बात यह है कि हत्यारों को रोकने के लिए जिस व्यक्ति ने अपनी जान जोखिम में डालकर उनसे हथियार छीने वह भी मुसलमान है और उसकी सभी ने तारीफ की है। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर के बॉन्डी बीच पर हुए इस आतंकी हमले में मरने वालों में एक 10 साल की बच्ची और एक इजराइली नागरिक भी शामिल है। इसके अलावा 45 लोग घायल हैं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने 50 साल के पिता साजिद अकरम को मौके पर ही गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। जबकि 24 साल का बेटा नवीद अकरम अस्पताल में गंभीर हालत में है। दूसरी तरफ इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार की नीतियों को हमले के लिए जिम्मेदार बताया है। नेतन्याहू के मुताबिक सरकार की नीतियों ने आग में घी डालने का काम किया। पुलिस के अनुसार हमलावर साजिद अकरम के पास लाइसेंसी बंदूक थी, जिसका इस्तेमाल वह शिकार के लिए करता था। वह एक गन क्लब का सदस्य था और राज्य के कानून के तहत उसके पास लाइसेंस था। उसके पास कानूनी रूप से 6 बंदूकें थी। गोलीबारी के लिए निकलने से पहले बाप-बेटे ने अपने परिवार को कहा था कि वह मछलियां पकड़ने जा रहे हैं। अकरम अपने परिवार के साथ एक किराए के घर में रहता था। इस घटनाक्रम से नाराज इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने पहले ही ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज को चेताया था कि सरकार की नीतियां देश में यहूदी विरोधी भावना को बढ़ावा दे रही हैं। लेकिन सरकार ने कुछ नहीं किया, जिसका नतीजा यह भयानक हमला हुआ। यह घटना ऑस्ट्रेलिया में यहूदी-विरोधी (एंटीसेमेटिज्म) भावना बढ़ाने का परिणाम है। सिडनी की घटना ने यह साफ संदेश दिया है कि आज दुनिया में यहूदी कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं और उनके खिलाफ नफरत से भले मुसलमान उन्हें कहीं भी, कभी भी मार सकते हैं। इस मामले में हैरानी की बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया ने इसी साल अगस्त-सितंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीनी राज्य को औपचारिक मान्यता देने का फैसला किया था। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों की कुल आबादी करीब 1 लाख 17 हजार से 20 हजार के बीच है। इनमे से भी आधे यहूदी मेलबर्न में रहते हैं। वैसे ऑस्ट्रेलिया में बड़े पैमाने पर गोलीबारी की घटनाएं आम नहीं हैं। साल 1996 में पोर्ट आर्थर में हुए एक बेहद दर्दनाक हमले के बाद यहां सख्त गन कानून लागू किए गए थे। उस हमले में एक अकेले हमलावर ने 35 लोगों की हत्या कर दी थी। ऑस्ट्रेलिया में बंदूक खरीदने के कड़े कानून हैं। बावजूद इसके यह हत्याकांड उन देशों के लिए भी खतरे की घंटी है, जिनका फिलीस्तीन के मुद्दे पर नरम रूख रहा है।

# फिर टूटेगा पाकिस्तान, अब पख्तून अस्मिता की बारी

**पाकिस्तान में इतिहास खुद को फिर दोहरा रहा है। इमरान खान को सत्ता और बहुमत होने के बावजूद राजनीतिक और कानूनी दबावों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री शाहबाज़ शरीफ और सेना प्रमुख असीम मुनीर मिलकर इमरान खान, उनके राजनीतिक दल और समर्थकों को निशाना बना रहे है। पाकिस्तान के सीमाई प्रान्त खैबर पख्तूनख्वा में उनकी व्यापक लोकप्रियता और जनादेश के बावजूद यह संघर्ष इमरान खान के लिए मुसीबत बन गया है। 1970 के दशक में याह्या खान और जुल्फिकार अली भुट्टो ने पूर्वी पाकिस्तान में बढ़ते राजनीतिक दबाव और मुजीबुर्रहमान के प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए रणनीतिक लामबंदी अपनाई थी।**

**डॉ. ब्रह्मदीप अलूने**

1970 के आम चुनावों में मुजीब की पार्टी अवामी लीग ने स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया था, लेकिन पश्चिमी पाकिस्तान के नेताओं और सैन्य प्रतिष्ठान ने इसे स्वीकार नहीं किया। याह्या खान ने मार्शल लॉ और सैन्य दबाव का सहारा लिया जबकि भुट्टो ने राजनीतिक रूप से मुजीब के विरोध में ताकत जुटाई। यह स्थिति अंततः पूर्वी पाकिस्तान में असंतोष और हिंसा की ओर बढ़ी, जिससे 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता और पाकिस्तान के विभाजन का मार्ग खुला था।

आज इमरान खान और शेख़ मुजीबुर्रहमान के बीच समानताओं की चर्चा इसलिए है क्योंकि दोनों को जनादेश मिलने के बावजूद सत्ता-प्रतिष्ठान ने स्वीकार नहीं किया। 1970 के आम चुनाव में मुजीबुर्रहमान को स्पष्ट बहुमत मिला था लेकिन पाकिस्तान की सैन्य नौकरशाही ने सत्ता हस्तांतरण से इनकार किया। परिणामस्वरूप राजनीतिक संकट दमन में बदला और वही अंततः बांग्लादेश के निर्माण का कारण बना। इमरान खान के मामले में भी एक समान बिंदु दिखता है। 2024 के चुनावों के बाद पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों को व्यापक जनसमर्थन मिला। इसके बावजूद इमरान खान आज जेल में हैं, उनकी पार्टी को राजनीतिक रूप से हाशिए पर रखा गया है और सत्ता का वास्तविक नियंत्रण सेना-समर्थित ढांचे के पास है। इससे यह धारणा मजबूत हुई है कि जनादेश और सत्ता के बीच खाई पैदा हो चुकी है। मुजीबुर्रहमान का आंदोलन स्पष्ट रूप से अलगाववादी दिशा में चला गया था, जबकि इमरान खान अभी भी पाकिस्तान के भीतर न्याय, लोकतंत्र और संविधान की बात करते हैं। लेकिन इतिहास यह भी सिखाता है कि जब बार-बार जनादेश को कुचला जाता है तो आंदोलन की दिशा बदल सकती है। इमरान खान की मौजूदा स्थिति की तुलना शेख़ मुजीबुर्रहमान से किया जाना संयोग नहीं है, बल्कि यह पाकिस्तान की सत्ता-संरचना के भीतर गहरे संकट की ओर इशारा करता है। जैसे 1970 के चुनावों में पूर्ण बहुमत मिलने के बावजूद मुजीबुर्रहमान को सत्ता हस्तांतरण से वंचित कर दिया गया था, वैसे ही आज इमरान खान को स्पष्ट जनसमर्थन के बावजूद जेल में रखा गया है। दोनों ही मामलों में सैन्य प्रतिष्ठान ने



जनादेश को स्वीकार करने से इनकार किया।

इमरान खान का खैबर पख्तूनख्वा से गहरा नाता है। यह प्रांत लंबे समय से सैन्य अभियानों, उपेक्षा और असुरक्षा का शिकार रहा है। इमरान खान सत्ता से हटाए जाने के बाद युवाओं के लिए प्रतिरोध के प्रतीक बन गए है। यही स्थिति कभी पूर्वी पाकिस्तान में मुजीबुर्रहमान की थी जहां बंगला अस्मिता ने राजनीतिक अन्याय के खिलाफ सामूहिक रूप ले लिया था।इमरान खान का दमन पख्तून अस्मिता के घावों को और गहरा करता है। यदि जनादेश को लगातार कुचला गया और संवाद की जगह दमन बना रहा, तो खैबर पख्तूनख्वा के पाकिस्तान से अलग होने की मजबूत संभावना है। इमरान खान का राजनीतिक प्रभाव खैबर पख्तूनख्वा में असाधारण रूप से गहरा है। 2013 के बाद से पीटीआई के आने के बाद इस सूबे में एक वैकल्पिक राजनीतिक चेतना विकसित हुई है। 2022 में सत्ता से हटाए जाने के बाद इमरान खान का सेना के प्रति रुख टकरावपूर्ण हो गया है। केपी और पूर्व फाटा क्षेत्रों में इमरान खान को विरोध की आवाज़ और इस्लामाबाद के केंद्रीकृत सत्ता ढांचे के खिलाफ प्रतीक के रूप में देखा जाने लगा है। यह वही क्षेत्र है जो दशकों से आतंकवाद, सैन्य अभियानों और विस्थापन का बोझ झेलता रहा है। इमरान खान की गिरफ्तारी और उनके साथ किया गया व्यवहार, केपी के युवाओं में गहरे असंतोष को जन्म देता है। पख्तून अस्मिता को लेकर पाकिस्तान अपने जन्म के समय से असहज और आशंकित रहा है। पख्तून राष्ट्रवाद मूलतः जातीय, सांस्कृतिक पहचान, भाषा, इतिहास और पख्तूनवाली जैसे पारंपरिक मूल्यों पर आधारित एक वैचारिक धारा है। इसका उद्देश्य पख्तूनों के राजनीतिक अधिकारों, सम्मान, संसाधनों पर नियंत्रण और सांस्कृतिक स्वायत्तता को स्थापित करना रहा है। यह राष्ट्रवाद पाकिस्तान, अफगानिस्तान और सीमावर्ती क्षेत्रों में अलग-अलग रूपों में उभरा है। ब्रिटिश काल में खान अब्दुल गफ्फार खान और खुदाई खिदमतगार आंदोलन ने पख्तून पहचान को अहिंसक, लोकतांत्रिक और स्वशासन की अवधारणा से जोड़ा। 1947 के बाद पाकिस्तान में पख्तून राष्ट्रवाद को संदेह की दृष्टि से देखा गया क्योंकि यह केंद्र की मजबूत, सैन्य-प्रधान राज्य संरचना से टकराता था। खैबर पख्तूनख्वा और पूर्व फाटा क्षेत्रों में दशकों से चले आ रहे पाकिस्तान के सैन्य अभियानों, चेकपोस्ट, विस्थापन और जबरन गुमशुदगियों ने पख्तूनों के भीतर यह भावना गहरी कर दी है कि उन्हें नागरिक नहीं, बल्कि संदिग्ध आबादी की तरह देखा जाता है।

पाकिस्तान की सेना इस पूरे क्षेत्र को सुरक्षा की दृष्टि से देखती है, जबकि पख्तून समाज इसे राजनीतिक और मानवीय संकट मानता है। यही टकराव पख्तून अस्मिता की जड़ में है। इमरान खान के सत्ता से हटने के बाद सेना-विरोधी माहौल ने इस संघर्ष को और धार दी। केपी के युवाओं में यह धारणा बनी कि सेना केवल राजनीति ही नहीं, बल्कि उनकी पहचान और भविष्य को भी नियंत्रित करना चाहती है। पख्तून अस्मिता का संघर्ष यदि मौजूदा दिशा में ही आगे बढ़ता रहा, तो उसके व्यापक, गहरे और अस्थिरकारी रूप लेने की पूरी संभावना है। इसकी पहली वजह लगातार उपेक्षा और दमन की राजनीति है। खैबर पख्तूनख्वा और पूर्व फाटा क्षेत्रों में सैन्य अभियानों के बाद भी शांति, विकास और न्याय का वादा अधूरा रहा है।

पख्तून अस्मिता की लड़ाई और बंगला अस्मिता के संघर्ष के बीच कई समानताएं दिखाई देती हैं। दोनों ही मामलों में मूल टकराव केंद्र की वर्चस्ववादी सत्ता और परिधि की पहचान के बीच रहा है। जैसे पूर्वी पाकिस्तान में बंगालियों को राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य रूप से दोयम दर्जे का नागरिक माना गया। वैसे ही पख्तून क्षेत्रों में भी लंबे समय से यह भावना बनी रही है कि नियंत्रित किया जाता है और नागरिक अधिकार प्रदान नहीं किए जाते हैं। बंगला अस्मिता भाषा, संस्कृति और आर्थिक शोषण के सवाल पर उभरी थी, पख्तून अस्मिता मानव गरिमा, सुरक्षा, मानवाधिकार और स्वायत्तता के सवाल पर केंद्रित है। दोनों संघर्षों में सेना की भूमिका निर्णायक और दमनकारी रही है। पूर्वी पाकिस्तान में यह दमन खुला नरसंहार बना, जबकि पख्तून क्षेत्रों में यह उत्पीड़न, अत्याचार और शोषण के रूप में दिखता है।

यदि इमरान खान को जेल से जल्द रिहा नहीं किया जाता है और सेना दबाव और दमन की रणनीति जारी रखती है, तो इसका सबसे तीव्र असर खैबर पख्तूनख्वा में दिखाई देगा। यह प्रांत न केवल इमरान खान का राजनीतिक गढ़ है, बल्कि यहां पीटीआई समर्थक और पख्तून अस्मिता का मजबूत जनाधार मौजूद है। लंबे समय से सैन्य अभियानों, विस्थापन और मानवाधिकार उल्लंघनों से असंतोष गहरा चुका है और इमरान खान के खिलाफ दमन इस नाराज़गी को और भड़का सकता है। केपी में तालिबान का प्रभाव भी इसे संवेदनशील बनाता है। सीमावर्ती इलाके, पर्वतीय भूगोल और अफगानिस्तान के साथ संपर्क ने यहां कट्टरपंथ और हथियारबंद संगठन को असरदार बनाया है। यदि स्थानीय असंतोष और हिंसक तत्वों का मेल हो गया तो राजनीतिक तनाव सैन्य-संबंधी नियंत्रण से बाहर भी जा सकता है। 1971 में बांग्लादेश के अलग होने से पाकिस्तान को भारी आर्थिक और भू-राजनीतिक नुकसान हुआ था। पूर्वी पाकिस्तान में उद्योग, वस्त्र, चावल और निर्यात के बड़े हिस्से चले गए, जिससे जीडीपी में गिरावट आई, केंद्रीय राजस्व और व्यापारिक मार्गों पर नियंत्रण खो गया और विदेशी मुद्रा संकट बढ़ गया था, जिससे पाकिस्तान फिर कभी उबर नहीं पाया। अब पाकिस्तान का सरहदी प्रान्त खैबर पख्तूनख्वा भी बांग्लादेश की राह पर है, यदि यह सूबा अलग हो गया तो पाकिस्तान की सरहदें सिमट जाएंगी, सैन्य क्षमता घट जाएगी, प्राकृतिक संसाधन खत्म हो जाएंगे तथा खनिज, जलविद्युत और व्यापारिक मार्गों पर से वह नियंत्रण खो देगा। बहरहाल सेना के तेवर इमरान खान को लेकर बड़े सख्त है। यदि राजनीतिक संवाद की जगह दमन इसी प्रकार होता रहा तो पख्तून अस्मिता की लड़ाई भी बहुत जल्दी उसी ऐतिहासिक रास्ते की ओर बढ़ती हुई प्रतीत हो सकती है जिस पर कभी बंगला अस्मिता चली थी।

## अध्यात्म

### जीवन बहुमूल्य है, इसके हर एक पल को उत्साह और खुशी के साथ जीना चाहिए



पुराने समय में एक राजा अपने मंत्री की किसी बात से बहुत नाराज हो गया। उसने मंत्री को फांसी पर चढ़ाने की सजा दे दी। राजा ने सैनिकों से कहा कि जाओ आज शाम मंत्री को फांसी पर लटकाना है, इसकी सूचना मंत्री को दे आओ।

राजा के सैनिक मंत्री के घर के पहुंचे। सभी ने घर को चारों ओर से घेर लिया और कुछ सैनिक घर के अंदर गए। वहां मंत्री और उसके रिश्तेदार, मित्र उत्सव मना रहे थे। क्योंकि मंत्री का जन्मदिन था।

सैनिकों ने मंत्री और वहां सभी लोगों को राजा का आदेश बताया। ये सुनते ही सभी उदास हो गए। लेकिन, मंत्री ने सभी को समझाया कि हमारे आज शाम तक का तो समय है ही, हमें हर एक पल को उत्साह के साथ जीना चाहिए।

मित्र और परिवार के लोग निराश थे, लेकिन मंत्री की बात मानकर फिर से उत्सव मनाने लगे। ये बात सैनिकों ने राजा को बताई तो राजा भी आश्चर्यचकित रह गया। उसने तुरंत ही मंत्री को बुलवाया।

राजा ने मंत्री से कहा कि क्या तुम पागल हो गए हो, आज शाम तुम्हें फांसी पर लटका दिया जाएगा और तुम उत्सव मना रहे हो। मंत्री ने कहा कि राजन् आपका बहुत-बहुत धन्यवाद, आपने मुझे शाम तक समय तो दिया। अब मैं शाम तक अपने परिवार के साथ रह सकूंगा। अगर मैं निराश होकर बैठ जाऊंगा तो परिवार के साथ रहने का ये समय बर्बाद हो जाएगा। इसीलिए मैं शाम तक का एक-एक पल उत्साह और खुशी के साथ ही बिताना चाहता हूं। ये बात सुनकर राजा बहुत खुश हुआ। उसने सोचा कि जो व्यक्ति जीवन के हर एक पल की कद्र करता है, उसे मृत्युदंड देना उचित नहीं है। उसने मंत्री की सजा माफ कर दी।

**सीख**

हमें जीवन के पल-पल का मूल्य समझना चाहिए। निराशा से बचें और खुश होकर जीवन जीना चाहिए।

# जेन जी के उदय और आतंक के नए चेहरे का साल

**साल 2025 बीतने जा रहा है। महज कुछेक दिन ही शेष हैं। वैसे भी यह साल जितनी जल्दी इतिहास के पन्नों में समा जाये उतना ही अच्छा। क्या- क्या नहीं घटा इस बीत रहे साल में। ऐसा साल और ऐसी असाधारण घटनाएं भी आगे कभी घटित ना हो, उनकी पुनरावृत्ति किसी भी सूरत में ना हो यही सब चाहते हैं। इस साल के प्रमुख घटनाक्रम, अच्छी- बुरी स्मृतियों को समेटने बैठा हूँ तो समझ नहीं आ रहा कहाँ से शुरुआत करूं। या कि क्या भूलूं क्या याद करूं की तर्ज पर सोचूं।**

**आरबी त्रिपाठी**

सो, पहले शुरूआत कुछेक अच्छी खबरों और सूचनाओं से। हमारी- आपकी दिवाली त्योहार को यूनेस्को ने सांस्कृतिक विरासत घोषित किया है। दिवाली को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में स्थान मिला है जो देश की 16 वीं विरासत है। अच्छा हुआ कि जिन विशेषताओं को लेकर दीपावली त्योहार को चुना गया उनमें पटाखों से होने वाले शोरगुल और प्रदूषण को नजरअंदाज किया गया है। खैर, हमारी अर्थव्यवस्था छलांगें लगाने को आतुर है, लोगों की गरीबी दूर करने की कोशिशों के बेहतर नतीजे की रिपोर्ट सामने आई। ऐसे वक्त भी जबकि तकरीबन 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मुहैया कराने का कल्याणकारी कार्य बदस्तूर जारी है। हमारा रुपया जब- तब बड़े भैया डॉलर की तुलना में गिरकर धड़ाम होता रहता है। हम विश्व गुरू की उपाधि के शिखर पर हैं और विश्व हमारी ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है। उन्हें लगता है बल्कि भरोसा है कि वैश्विक समस्याओं का समाधान हमारे पास मौजूद है। फिर चाहे लंबे समय से चल रहा रूस- यूक्रेन का युद्ध हो या थाईलैंड- कंबोडिया के बीच कुछ ही माह में दूसरी बार छिड़ा युद्ध हो। एशियाई हों या यूरोपीय देश वहां की स्थितियों, अर्थव्यवस्था, राजनीतिक संकट या युद्ध जैसी तनातनी आदि के हल के लिये हमारे देश की ओर देखा जा रहा है। हमारे लोकतंत्र और निर्वाचन प्रक्रिया को देखने विदेशों से शिष्टमंडल आते हैं फिर भले ही विपक्षी दल और उनका गठबंधन कितना ही हल्ला मचायें कि लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाएं कथित रूप से खतरे में है तथा वोटों की कथित चोरी और एसआईआर के जरिये वोट देने के अधिकार पर कथित संकट मंडरा रहा हो। सत्तारूढ़ दल और प्रतिपक्ष के बीच संबंध इतने तल्ख हो गये हों कि ना तो संसद सत्र सुचारू ढंग से चल पा रहे और ना ही राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर एकमत होकर फैसले हो रहे हैं। सियासत में आपस में प्रयुक्त भाषा के स्तर का तो जिक्र करना ही बेकार है।

यह साल जाते-जाते भी मशहूर पर्यटन स्थल गोवा के नाइट क्लब में आग लगने की घटना में 25 लोगों की मौतें दे गया। इनमें पर्यटक और होटल कर्मी भी शामिल हैं। सरकार की नाक के नीचे नियमों की अनदेखी कर यह क्लब चलता था और इसके जिम्मेदार भागकर थाईलैंड पहुंच जाते हैं। हालांकि पकड़े भी जाते हैं। आश्चर्य है कि साल के आखरी दिनों में ना केवल गोवा बल्कि सभी टूरिस्ट डेस्टिनेशन पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ती है तब ऐसी घटनाओं का होना घोर लापरवाही नहीं तो और क्या है। गोवा में तो इसी समय कार्निवाल और नये साल के जश्न के लिए बड़ी संख्या में सैलानी एकत्रित होते हैं। एक अन्य घटना का संबंध मध्यप्रदेश स्थित विश्व प्रसिद्ध खजुराहो से है जिसमें खाने में कथित विषाक्त पदार्थ से एक रिसॉर्ट के तीन कर्मचारियों की मृत्यु हो गई तथा सात गंभीर मरीजों का उपचार किया गया है। दरअसल इस तरह की घटनाओं का विपरीत प्रभाव पर्यटकों के फुटफॉल के साथ ही



हमारी छवि पर भी पड़ता है। हमारे यहाँ समस्याएं जमीन पर ही नहीं आसमान से भी टपकती है। जैसे कि हाल ही में एक प्रायवेट विमान कंपनी इंडिगो ने देश के विमानन क्षेत्र और यात्रियों के साथ किया। ऐसा संकट शायद कभी हुआ हो। क्रू की कमी बताकर सैकड़ों फ्लाइट्स रद्द कर लाखों यात्रियों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया। देश के एयरपोर्ट किसी बस अड्डे पर प्रतीक्षारत यात्रियों और उनके अस्त व्यस्त बिखरे सामान जैसे प्रतीत हो रहे थे।

एयर इंडिया पहले ही निजी हाथों में चला गया सो कोई सरकारी विमान कंपनी बची नहीं तो मोनोपोली तो होगी ही। किराये की मनमानी वसूली होने पर भी नागरिक उड्डयन मंत्रालय तथा डीजीसीए असहाय से नजर आये। इनकी उपयोगिता पर भी प्रश्न चिन्ह लगा है। ज्यादा वक्त नहीं हुआ जब 12 जून को अहमदाबाद में उड़ान भरने के चंद मिनट में ही बोइंग ड्रीमलाइनर एयरपोर्ट से सटे हॉस्टल से टकराकर आग के गोले में तब्दील हो गया। इस दर्दनाक हादसे में एक को छोड़कर सभी 241 यात्री और क्रू मेंबर मारे गये। इसी प्रकार पवित्र केदारनाथ धाम के नज़दीक दो बार हेलीकॉप्टर क्रेस में तीर्थयात्री जान गंवा बैठे। बीते 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के मशहूर पर्यटक स्थल पहलगाम के बेसरन में आतंकी हमले में 26 पर्यटक बेमौत मारे गये इनमें एक विदेशी पर्यटक शामिल है। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की तीखी प्रतिक्रियास्वरूप ऑपरेशन सिंदूर के नाम से की गई सैन्य कार्रवाई में पीओके समेत 9 जगहों पर आतंकी ठिकानों को भारतीय सेना ने नेस्तनाबूद कर दिया। बड़ी संख्या में आतंकी और उनके हैण्डलर को भी ढेर कर दिया गया। इस घटना के दोषियों को भी बाद में सेना ने मार गिराया। इसके बावजूद पड़ोसी देश पाकिस्तान ने शायद कोई सबक सीखा हो। अभी भी जब तब आतंकी घटनाएं होती रहती है। रहती है। नई दिल्ली के संवेदनशील लाल किला इलाके में विस्फोटक से लदी कार में आत्मघाती विस्फोट की घटना में अनेक बेकसूर लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा। घटना से जुड़े व्हाइट कॉलर आतंकियों की धरपकड़ में नये खुलासे सामने आ रहे हैं।

साल की शुरुआत में ही प्रयागराज महाकुंभ में भारी भीड़ में कुचलने से 30 श्रद्धालु तथा नई दिल्ली स्टेशन पर मची भगदड़ में 15 लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा था। सड़क दुर्घटनाओं , पुल गिरने, उत्तराखंड के पर्यटन स्थल धराली में अचानक आये सैलाब और पहाड़ धंसकने, लैंड स्लाइडिंग जैसी घटनाएं हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर से लेकर अनेक जगहों पर घटी जिनमें पर्यटक, नागरिक और सेना के जवान भी मारे गये। बीते साल में जेन जी नामक एक नई पहचान का प्रादुर्भाव सामने आया जिसने नेपाल सहित अन्य देशों में तथा लेह लद्दाख समेत देश के कुछ शहरों में आंदोलन से ध्यान आकर्षित किया। अब यह शब्द प्रचलन में आ गया है। बिहार समेत देश के दर्जन भर राज्यों में एसआईआर के जरिये की गई कार्रवाई का विरोध छाया रहा तो कथित तौर पर वोट चोरी का मामला भी सड़कों से लेकर संसद तक शोरगुल, कार्रवाई स्थगित होने की वजह बनता रहा। पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों के आसन्न चुनावों में भी संभवतः यह मुद्दा बना रहेगा। इस साल जिन हस्तियों ने इस संसार को अलविदा कहा उनमें सदाबहार अभिनेता धर्मेंद्र, मनोज कुमार, असरानी, पंकज धीर, सतीश शाह, अभिनेत्री सुलक्षणा पंडित तथा जुबीन गर्ग आदि तथा राजनीतिज्ञों में पूर्व प्रधान मंत्री मन मोहन सिंह, पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल, गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपानी आदि शामिल हैं। उम्मीद की जाना चाहिये कि आने वाला साल 2026 सभी के लिये शुभ हो। 'सर्वे भवंतु सुखिनः ।'

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

स्वास्थ्य अच्छा और सन्तुलित रहेगा। यदि मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह आज दूर हो सकता है। धार्मिक यात्राओं की योजना बना सकते हैं।

**वृषभ**

गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम सम्बन्धी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है।

**मिथुन**

इस समय नया कार्य आरम्भ करना उचित नहीं है। एसिडिटी के कारण पेट व सीने में जलन की समस्या हो सकती है। निजी सम्बन्धों को लेकर गम्भीर रहें।

**कर्क**

आज आप कुछ दिनों की छुट्टियों को लेकर योजना बना सकते हैं। ऑनलाइन कारोबार में बड़ा लाभ मिल सकता है। लोग आपके ऊपर पूर्ण विश्वास रखेंगे।

**सिंह**

महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसीलिये लापरवाही भारी पड़ सकती है। कारोबार से जुड़े मामलों के लिये दिन बहुत अच्छा है।

**कन्या**

आज आप अत्यन्त आनन्दित रहने वाले हैं। मित्रों से लम्बी बातचीत हो सकती है। आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी। परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**तुला**

जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दाम्पत्य सम्बन्धों के लिये समय अवश्य निकालें। कोई आवश्यक निर्णय अचानक लेना पड़ेगा।

**वृश्चिक**

परिवार की जरूरतों पर धन खर्च करना पड़ेगा। दोपहर के बाद शुभ समाचार मिल सकते हैं। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ हो सकता हैं।

**धनु**

व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जायेंगे। सन्तान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे। नये घर या जमीन में निवेश सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना आपके लिये हितकर होगा।

**मकर**

आज आपके काम कुछ गतिरोध के साथ पूर्ण होंगे। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है। अनावश्यक खर्चे नियन्त्रित रखें। आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिये।

**कुंभ**

अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। भोजन और बाकी दिनचर्या अनुशासित रखें।

**मीन**

जीवनसाथी अच्छे मित्र की भूमिका निभायेगा। अपने मन की बातें उनसे साझा कर सकते हैं। अपना मन हर स्थिति में शान्त रखें। घर के लोग आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों के झगड़े को लेकर हुई मारपीट के दौरान महिला सहित दो घायल

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सादिकपुर गांव में बच्चों का झगड़ा को लेकर हुए मारपीट के दौरान महिला समेत दो लोग घायल हो गए है। घायलो को इलाज के लिए मनेर के अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया है। जहां दोनों लोगों का इलाज चल रहा है। घायलो की पहचान सविता देवी और धीरज कुमार के रूप में की गई है। इस मामले में पीड़ित ने कई लोगों के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत करते हुए गुहार लगाई है।

### बिजली चोरी में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर के विभिन्न जगहों पर बिजली विभाग के कनीय विधुत अभियंता सीताराम प्रसाद के नेतृत्व में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान जानिए विद्युत अभियंता ने चार लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है। जिस पर बिजली अधिनियम एक्ट के तहत मनेर थाना में प्राथमिक की दर्ज कराते हुए जुमार्ना लगाया गया है। महिनावा के श्याम किशोर राय पर 22579 रुपए, अशोक राय 12981 रुपए, लोदीपुर के जयप्रकाश राय पर 34591 रुपया व गोरैया स्थान नीलकंठ टोला की धनमतिया देवी पर 3295 रुपए जुमार्ना लगाते हुए मामला दर्ज किया गया है।

### मेट्रो कर्मी के बंद पड़े घर में चोरी, लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भदौर थाना क्षेत्र के अजगारा गांव निवासी मेट्रो कर्मी परवीन कुमार सिंह के मलाही गांव स्थित बंद पड़े घर को चोरों ने निशाना बनाया। घटना बीती रात की बताई जा रही है, जब घर में कोई भी मौजूद नहीं था। चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और नकद रुपये, जेवरात सहित अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।पीड़ित के परिजनों व पड़ोसियों के अनुसार चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 5 से 6 लाख रुपये आंकी जा रही है। घटना की सूचना स्थानीय थाना को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### बाढ़ रेलवे स्टेशन पर दो युवकों में जमकर मारपीट

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन पर बुधवार की दोपहर मामूली विवाद को लेकर दो युवक आपस में भिड़ गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि परीक्षार्थी और एक स्थानीय युवक के बीच जमकर मारपीट हुई । जिसमें कुछ देर के लिए स्टेशन पर भगदड़ का माहौल पैदा हो गया। हालांकि रेल पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए घटनास्थल पर पहुंचा तो जरूर लेकिन तब तक दोनों युवक लहूलुहान हालत में भाग चुका था युवक की पहचान नहीं हो पाई।

### संपतचक पैक्स चुनाव 2025: सोना गोपालपुर में उदय कुमार और बैरिया कर्णपुरा में अजय कुमार ने मारी बाजी



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संपतचक के दो पैक्स क्षेत्रों सोना गोपालपुर और बैरिया कर्णपुरा में 16 दिसंबर को हुए पंचायत कृषि सहकारी (पैक्स) चुनावों के नतीजे देर रात घोषित किए गए.सोना गोपालपुर में उदय कुमार और बैरिया कर्णपुरा में अजय कुमार ने बाजी मारी . इसके बाद समर्थकों ने फूल माला से लाद कर उनका स्वागत किया. विजय प्रत्याशियों ने विजय जुलूस भी निकाल जश्न किया. संपतचक प्रखंड विकास पदाधिकारी अनुज्ञा कुमारी ने बताया सोना गोपालपुर में कांटे का टक्कर देखने को मिला. उदय कुमार को कुल 586 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी अखिलेश कुमार सिंह को 543 वोट प्राप्त हुए, यानी अंतर सिर्फ 43 वोट का रहा. बैरिया कर्णपुरा में भी कड़ा मुकाबला हुआ. अजय कुमार को 1,864 वोट मिले जबकि मंतोष कुमार को 1,024 वोट. अजय कुमार 840 वोट के अंतर से विजयी घोषित हुए. नतीजे आते ही समर्थक और विजेता जश्न में डूब गए. विजय जुलूस निकालकर जश्न मनाया. ढोल बजा, फूल माला सजाई गई और क्षेत्र में उत्सव का माहौल बन गया. मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखा गया और निर्वाचन अधिकारी ने प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित की. बीडीओ अनुग्या कुमारी ने कहा, "स्थानीय स्तर पर पैक्स चुनावों का शांतिपूर्ण और निष्पक्ष आयोजन हमारी प्राथमिकता है. हम सभी विजेताओं को बधाई देते हैं और आशा करते हैं कि वे समुदाय के हित में काम करेंगे."दोनों विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया गया

### 12 लाख रंगदारी नहीं देने पर जमीन की चारहदीवारी तोड़ी, जान से मारने की धमकी

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में सुशील कुमार उर्फ मिक्की कुमार ने अपनी जमीन पर अवैध कब्जा और ₹12 लाख रंगदारी की धमकी देने के आरोप में बंटी उर्फ सुजीत कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है. सुशील ने बताया कि 15 दिसंबर को बंटी उसके पास आया और रंगदारी मांगते हुए कहा कि अगर पैसे नहीं दिए तो जमीन की चारदीवारी तोड़ दी जाएगी और जान से मारने की धमकी दी जाएगी.सुशील ने अधिकारियों से अनुरोध किया है कि मामले में त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाए . सुशील ने यह भी आरोप लगाया कि बंटी कहता है कि थाना पुलिस उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती क्योंकि उसका बड़े-बड़े लोगों के साथ उठना-बैठना है. आरोपी अपने समर्थकों के साथ कुरकुरी में स्थित सुशील की जमीन की बाउंड्री तोड़कर उसे आर्थिक नुकसान भी पहुंचा चुके हैं.पीड़ित सुशील कुमार उर्फ मिक्की बेली रोड छोटी रुकनपुरा निवासी स्वर्गीय अयोध्या सिंह का बेटा है. उसने पुलिस को बताया की कुरकुरी मौजा में उसकी दो कट्ठा सात धुर जमीन है जो चार दिवारी की गई थी जिसके तोड़ दिया गया इस संबंध में सुशील ने फुलवारी शरीफ थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई. फुलवारी शरीफ थाना अध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि पुलिस ने शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए मामले की जांच शुरू कर दी है.

### झोपड़ी से 1 लाख 30 हजार की शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जकरिया पुर में मद्य निषेध विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है. इस



कार्रवाई में एक शराब कारोबारी को मौके से गिरफ्तार किया गया है. मद्य निषेध विभाग को सूचना मिली थी कि जकरिया पुर इलाके में एक झोपड़ी बनाकर अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है. सूचना मिलते ही मद्य निषेध निरीक्षक दीपक कुमार महतो के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और बुधवार शाम करीब 4.30 बजे छापेमारी की गई. छापेमारी के दौरान झोपड़ी से बिक्री के लिए रखी गई 22 खंड में कुल 156 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई. जब्त शराब का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 1 लाख 30 हजार रुपये बताया गया है. कार्रवाई के दौरान कारु कुमार, निवासी बिंद (नालंदा) को गिरफ्तार किया गया है. आरोपी के खिलाफ मद्य निषेध कानून के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है. छापेमारी टीम में निरीक्षक दीपक कुमार महतो के अलावा निरंजन , गोविंद उत्पाद सिपाही, अमित उत्पाद सिपाही और राहुल उत्पाद सिपाही शामिल थे.

### थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना परिसर मे लगा जनता दरबार बगहा एसपी निर्मला कुमारी ने इस दौरान कहां की बे वजह किसी को केस मुकदमा मे नही फसान है,कई मामलो की औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना की कार्यप्रणाली का जायजा लिया और लंबित कांडों की गहन समीक्षा के दौरान कहा की सात साल के सजा मे ही पुलिस को गिरफ्तार करना है।एसपी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों की फाइलें समय पर अपडेट रखी जाएं और अनुसंधान में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

# लगातार चल रहा अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन का बुलडोजर





**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अतिक्रमण पर 15 वें दिन बुधवार को जिला व अनुमंडल प्रशासन के निर्देश पर नप प्रशासन ने बीबीगंज व सुलतानपुर आरा मशीन मोड तक अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया. दर्जनों झोपडियों व पक्का ओटा को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है. बीबीगंज से सुलतानपुर आरा मशीन तक सडक किनारे टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया . परिषद ईओ पंकज कुमार व ईओ (व्यवस्था) रवि कुमार ने बताया कि दंडाधिकारी अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि सडक किनारे नाला पर बने स्थायी व अस्थायी पक्का ओटो को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है. अतिक्रमणकारियों से 2500 रुपए जुमार्ना वसूला गया है. नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा. यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों से जुमार्ना वसूला जायेगा. साथ ही कानूनी कारवाई की जायेगी.

**दानापुर अतिक्रमण पर छावनी प्रशासन का चला बुलडोजर**

10 वें दिन बुधवार को अनुमंडल व छावनी परिषद प्रशासन ने बस पडाव से मार्शल बाजार तक सडक के दोनों किनारे अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया. बुलडोजर से नाला पर स्थायी ओटा व अस्थायी अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया है और सडक किनारे झोडियों व गुमटी को भी ध्वस्त किया गया है. अतिक्रमणकारियों का आरोप है कि परिषद प्रशासन के परती जमीन पर अतिक्रमणकारियों कब्जा किये गये है. इसके बाद भी अतिक्रमणकारियों से मुक्त नही कराया जा रहा है. केवल सडक किनारे फुटपाथी दुकानों को अतिक्रमण के नाम पर हटाया जा रहा है. दंडाधिकारी सह नप के नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने बताया कि जिला व अनुमंडल प्रशासन के निर्देश पर छावनी परिषद क्षेत्र में अभियान चलाकर नाला पर किये गये अतिक्रमण को हटाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि अभियान में किसी तरह का भेदभाव नही किया जा रह है. छावनी परिषद प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों से 55 सौ रुपए जुमार्ना वसूला गया है.

## परसागढ़ में बुलडोजर से फुटपाथ व सार्वजनिक स्थल कराए गए अतिक्रमण मुक्त

**रसूलपुर बाजार में हटाया जाएगा अतिक्रमण आज**







**एकमा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड क्षेत्र के परसागढ़ में दूसरे दिन बुधवार को प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। तीसरे दिन गुरुवार को रसलपुर बाजार में अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसके पूर्व पहले दिन मंगलवार को नगर पंचायत एकमा बाजार में अतिक्रमण हटाया गया था। दूसरे दिन बुधवार को इस परसागढ़ बाजार में अभियान के तहत बुलडोजर की सहायता से सड़क किनारे, सार्वजनिक स्थलों आदि पर वर्षों से किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान एक विवाह भगवान की बाउंड्री वॉल भी ध्वस्त करायी गई। वहीं अतिक्रमण हटाने के दौरान क्षेत्र में प्रशासनिक सतर्कता बनी रही। अभियान का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार व अंचलाधिकारी अमलेश कुमार ने किया। वहीं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एकमा थानाध्यक्ष ध्रुव प्रसाद सिंह भी सशस्त्र पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे। अभियान में राजस्व एवं प्रशासनिक कर्मियों में राजस्व अधिकारी रामप्रवेश साहू, बबन सिंह, अमीन सरोज कुमार, विभा कुमारी, संजीत कुमार, राजस्व कर्मचारी प्रमोद कुमार सिंह, कुमार गौरव, विश्वजीत कुमार एवं विनय कुमार सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे। पुलिस बल में एसआई भरत साह, राजशेखर, एसआई नवल किशोर सिंह, पीएसआई अमित कुमार, एएसआई बालमुकुंद कुमार, एएसआई सुबोध कुमार पासवान के साथ दंगा नियंत्रण बल के पुरुष व महिला जवानों की तैनाती रही। अंचलाधिकारी अमलेश कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान जितना संभव होगा, उतने क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क अथवा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कहीं भी अतिक्रमण पाया गया, तो उसे हटाया जाएगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुचारु आवागमन एवं बेहतर व्यवस्था की उम्मीद जताई जा रही है।

# रैपिडो सवार युवती को नगर निगम की हाईवा ने कुचला

**मौत के बाद बाईपास पर लंबा जाम और बवाल**





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के जगनपुरा के पास बाईपास पर बुधवार सुबह नगर निगम की हाईवा से कुचलकर रैपिडो सवार युवती की मौत के बाद हालात पूरी तरह बिगड़ गए. घटना क बाद रैपीडो लेकर चालक भाग निकला. इधर हाईवे का स्थानीय लोग पीछा करने लगे तो उसके चालक ने उसे थोड़ी दूर आगे ले जाकर छोड़कर कूद कर भाग गया. आक्रोशित लोगों ने हाईवे में जमकर तोड़फोड़ किया.इतना ही नहीं कई वाहनों में पथराव करके क्षतिग्रस्त कर दिया बाईपास पर भगदड़ की स्थिति हो गई.घटना के तुरंत बाद आक्रोशित लोगों ने बाईपास को जाम कर दिया, जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई. स्कूल बसें, एंबुलेंस, ऑफिस जाने वाले लोग और मालवाहक वाहन जाम में फंसे रहे. करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. मृतका इना राज (उम्र 30 वर्ष), पिता पंकज सिंह, निवासी हनुमान नगर बताई गई है. वह अनीसाबाद बेऊर मोड़ स्थित महिंद्रा शोरूम में कार्यरत थी और रोज की तरह रैपिडो से ड्यूटी जा रही थी. हादसे की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां युवती का शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया. घटना की जानकारी मिलने पर महिंद्रा शोरूम के कर्मचारी और स्टाफ भी बाईपास पर पहुंच गए. अपने सहकर्मी की दर्दनाक मौत से सभी स्तब्ध नजर आए और पूरे इलाके में शोक का माहौल बन गया. लोगों का कहना था कि नगर निगम की हाईवा तेज रफ्तार में थी और चालक नशे की हालत में लग रहा था. इसी आक्रोश में लोगों ने हाईवा में तोड़फोड़ कर दी. सूचना मिलते ही कंकड़बाग थाना, बाईपास पुलिस और यातायात जीरो माइल की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद जाम हटवाया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए हाईवा को जब्त कर लिया. बताया कि हाईवा चालक और रैपिडो चालक दोनों फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है.

## हथियार के बल पर दहशत फैलाने वाला आरोपी गिरफ्तार, कोर्ट में पेश



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र में हथियार के बल पर लोगों को धमकाने और इलाके में दहशत फैलाने के एक मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी कन्हैया राम को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी जुझारपुर रविदास टोला का निवासी बताया गया है और घटना के बाद से फरार चल रहा था, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी. पुलिस के अनुसार आरोपी पर आरोप है कि उसने अवैध हथियार का इस्तेमाल कर स्थानीय लोगों के साथ मारपीट की और भय का माहौल उत्पन्न किया. घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई थी और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे थे. मामले की गंभीरता को देखते हुए गौरीचक थाना पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की. गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की गई और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायालय में उपस्थित किया गया. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है और अपराध से जुड़े अन्य तथ्यों की भी पड़ताल की जा रही है. पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.

### मुफ्त नेत्र जांच शिविर में 250 मरीजों की जांच, आयुष्मान से लौट रही नेत्रों की रौशनी

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के शेरपुर में पूर्व मुखिया ब्रजनन्दन सिंह के आवास पर मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।पूर्वी शेरपुर में एएसजी नेत्रालय के स्टेट हेड सौरभ सुमन के नेतृत्व में आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में आंख के मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया।जरुरत के मुताबिक बिना किसी शुल्क के दवाईयां भी दी। शिविर में 250 मरीजों की जांच की गयी। शिविर में कुछ मरीज ऐसे भी थे।इलाज शिविर में संभव नहीं था। उन्हें गहन जांच के लिए पटना एएसजी नेत्रालय बुलाया गया जो की प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत बिल्कुल मुफ्त होगा। स्टेट हेड सौरभ सुमन ने कहा कि चूंकि इस तरह के शिविर में गरीब तबके के लोग ही आते हैं।अतः शिविर में दिखाये हुए मरीजों के किसी भी तरह के ऑपरेशन एवं चश्मा का चार्ज नहीं लिया जायेगा।

# अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर भगदड़, छात्रा बेहोश

**बाढ़ की एक बेहोश छात्रा को अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया, इलाज जारी**

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुग्रह नारायण सिंह कॉलेज में बुधवार को लगभग 1 बजे प्रवेश के दौरान परीक्षा देने आयी एक छात्रा भगदड़ होने की वजह से दब गई और बेहोश हो गयी। उसके बाद अपने बच्चियों को परीक्षा दिलाने आयी कुछ महिलाओं ने तथा कॉलेज के छात्र संघ एबीवीपी के कुछ सदस्यों ने उसे उठाकर बाढ़ के अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां उसका इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद परिजनों को सूचना दी गयी है। इस बाबत इस घटना के सम्बंध में चश्मदीदों ने बताया कि प्रतिदिन परीक्षा हो रही थी लेकिन इस तरह की घटना नही हुई थी लेकिन आज कॉलेज के मुख्य गेट का द्वार एकाएक खोल दिया गया जिससे छात्र-छात्राओं में अफरा-तफरी मच गई और भगदड़ हो गयी। बताया जाता है कि इस घटना में 2 -3 छात्रायें घायल हुई हैं और एक छात्रा जिसका नाम साक्षी बताया जा रहा है वो पूरी तरह से बेहोश हो गयी। आपको बता दें कि साक्षी मोकामा कॉलेज की स्टूडेंट है और वो बीएससी पार्ट 1 का एग्जाम देने आई थी। एबीवीपी के सदस्यों ने बताया कि कॉलेज प्रशासन को इसपर ध्यान देना चाहिए । इंट्री गेट एकाएक खोलने से इस तरह की घटना हुई। उन्होंने बताया कि एक भी कॉलेज के स्टाफ छात्रा को देखने अस्पताल नहीं आया। जबकि कॉलेज के कुछ स्टाफ ने बताया कि कॉलेज की तरफ से एक स्टाफ उसकी स्थिति का जायजा लेने पहुंचे थे। वहीं जब इस मामले में कॉलेज प्रशासन के एसीएस राजीव रंजन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कॉलेज के गेट पर एक एक करके इंट्री ली जा रही थी तभी किसी छात्र ने एकाएक धक्का दे दिया जिससे कॉलेज का गेट खुल गया और भगदड़ की स्थिति हो गयी। उन्होंने कहा कि यहां कुल 3300 छात्रों का एग्जामिनेशन सेंटर है। यहां अत्यधिक संख्या होने के वजह से स्थिति पर नियंत्रण रखने के लिए प्रशासन से पुलिस बल की मांग की गयी थी। और प्रशासन के द्वारा आश्वासन भी दिया गया था। लेकिन अभी तक प्रशासन के द्वारा स्थिति को संभालने के लिए पुलिस बल मुहैया नहीं कराई गई है।

## अधिकार फाउंडेशन की शिकायत पर पटना में बालू माफिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार पुलिस मुख्यालय के आर्थिक एवं साइबर अपराध प्रभाग को द अधिकार फाउंडेशन एक नागरिक अधिकार समूह से प्राप्त शिकायत पत्र के आधार पर पटना जिले में बालू माफियाओं और भू-माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की गई है. शिकायत में बालू को अवैध रूप से बेचने की जानकारी दी गई थी.इस मामले की जाँच हेतु आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना में विशेष टीम का गठन किया गया.जाँच के दौरान पता चला कि पटना जिले के विभिन्न अंचलों में निर्गत बालू भण्डारण अनुज्ञप्तियों में अनियमितताएं पाई गईं. इसके तहत अनुज्ञप्तिधारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है. आर्थिक अपराध इकाई के अधिकारियों का कहना है कि टीम ने पटना जिला प्रशासन और खनन विभाग के साथ समन्वय करते हुए खान निरीक्षक, जिला खनन कार्यालय, पटना को जानकारी दी. इसके बाद विक्रम थाना कांड संख्या-604/25, दिनांक 16.12.2025 में बालू भण्डारण में अनियमितता के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई.पुलिस उप-महानिरीक्षक के नेतृत्व में गठित 'विशेष कार्य दल' बालू और भू-माफियाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई, राज्य सरकार और जिला प्रशासन के समन्वय में अभियान चलाने के लिए तत्पर है.बालू के अवैध उत्खनन और माफियाओं से संबंधित शिकायतें मोबाइल नंबर 9031829072 पर दी जा सकती हैं.

### संपतचक बाजार में अतिक्रमण से सिकुड़ती सड़कें, जाम बन गई रोजमर्रा की नियति

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संपतचक बाजार, जो पटना जीरो माइल से करीब पांच किलोमीटर दक्षिण में स्थित है, राजधानी के दक्षिणी हिस्से की प्रमुख मार्गों में से एक पर है. इस बाजार से प्रतिदिन हजारों छोटी-बड़ी गाड़ियां गुजरती हैं, जो आसपास के इलाके, दक्षिण बिहार और अन्य राज्यों तक जाती हैं. ठंड के मौसम में बौद्धिस्ट सर्किट पर आने वाले विदेशी पर्यटक भी इसी मार्ग से गुजरते हैं. हालांकि, संपतचक बाजार में सड़क जाम अब आम दृश्य बन चुका है. जाम के पीछे ओवरटेक और सड़क पर वाहनों की पार्किंग जैसे कारण तो हैं ही, लेकिन सबसे बड़ा कारण दुकानदार और कुछ मकान मालिकों द्वारा किया गया अतिक्रमण है.

## दिव्यांग से हथियार के बल पर रंगदारी, गवाहों को धमकी और जमीन हड़पने की साजिश, नामजद आरोपी बेखौफ



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र में 90 प्रतिशत दिव्यांग राहुल कुमार सिंह के साथ हथियार के बल पर रंगदारी मांगने, जानलेवा हमला करने, जमीन हड़पने और गवाहों को डराने-धमकाने का गंभीर मामला सामने आया है. पीड़ित के अनुसार अंचल फतुहा के मौजा चमरडीह स्थित उनकी रैयती जमीन पर पूर्व में भी अवैध कब्जा करने का प्रयास हुआ था, जिसे शिकायत के बाद रोका गया था और पुलिस की मौजूदगी में नापी कर ईंट व पिलर गड़वाया गया था. राहुल कुमार सिंह ने अपने आवेदन में जिन आरोपियों को नामजद किया है, उनमें श्रीकांत सिंह, विमला देवी, कौशल सिंह उर्फ मंटन सिंह, रघुवंश सिंह, अभिमन्यु सिंह और शकुंतला देवी शामिल हैं, सभी ग्राम जमुनापुर, थाना गौरीचक के निवासी बताए गए हैं. आरोप है कि 26 नवंबर 2025 को ये सभी आरोपी कट्टा, पिस्टल और सिक्सर से लैस होकर खेत में घुसे, पिलर उखाड़ कर जुताई करने लगे. विरोध करने पर आरोपियों ने दिव्यांग होने का अपमान करते हुए कनपटी पर हथियार सटाकर एक लाख रुपये रंगदारी की मांग की. मारपीट कर गले में रस्सी डालकर हत्या का प्रयास किया गया और हाथ से चांदी का ब्रेसलेट छीन लिया गया. पीड़ित का यह भी आरोप है कि गौरीचक थाना के दो कांडों के गवाहों को लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है ताकि वे बयान न दें. राहुल कुमार सिंह ने गौरीचक थाना, नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पटना, वरीय पुलिस अधीक्षक पटना और पुलिस महानिरीक्षक केंद्रीय क्षेत्र पटना को आवेदन देकर त्वरित गिरफ्तारी, गवाहों की सुरक्षा और दिव्यांग उत्पीड़न मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग की है. इस मामले में गौरीचक थाना अध्यक्ष ने बताया कि आवेदन पर एफ आई आर दर्ज हो गया है ,मामले में जंक हो रहा है.अनुसंधान के बाद जो दोषी पाए जाएंगे उनकेखिलाफ कार्रवाई की जाएगी .

# पारस एचएमआरआई में सेवानिवृत्त कर्मियों व स्थानीय लोगों के लिए विशेष स्वास्थ्य संवाद आयोजित



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पारस एचएमआरआई में बुधवार को एसबीआई, आईओसीएल, ओएनजीसी, एनटीपीसी, ईसीएचएस, एयरपोर्ट, सीआईएसएफ, बिहार पुलिस एवं सीजीएचएस के सेवानिवृत्त कर्मचारियों, आस-पास के लोगों और दुकानदारों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य संवाद का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देना और बेहतर स्वास्थ्य के लिए परामर्श उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में करीब 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया और इस पहल की सराहना की। पारस एचएमआरआई के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि सभी के स्वास्थ्य और भलाई को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम प्रतिभागियों की स्वास्थ्य समस्याओं को समझने और समाधान सुझाने के लिए मौजूद रही। कार्यक्रम का समय सुबह 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित था। इसमें पल्मोनोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रकाश सिन्हा, न्यूरोसर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. वीर अभिमन्यु पंडित, इंटरनल मेडिसिन विभाग के कंसल्टेंट डॉ. अभिषेक चौधरी, कार्डियोलॉजी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. जावेद अनवर और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव रंजन शामिल रहे। साथ ही यूनिट हेड मनीष गुरुदत्ता, रामअवतार जंगीद जीएम ऑपरेशन, नीरज सिंह फाइनेंस कंट्रोलर और पायल पांडेय भी उपस्थित थीं। सभी डॉक्टरों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों, आस-पास के लोगों एवं दुकानदारों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उपयुक्त परामर्श व समाधान बताए।

## संक्षिप्त समाचार

### केसरिया एवं कल्याणपुर प्रखंड मे समीक्षा तथा भौतिक निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला योजना पदाधिकारी, मोतिहारी राहुल रंजन की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित केसरिया एवं कल्याणपुर प्रखंड से संबंधित 38 इंडिकेटर यथा - स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, बैंकिंग, जीविका एवं आईसीडीएस पर प्रखंड कार्यालय, केसरिया एवं कल्याणपुर में समीक्षा तथा भौतिक निरीक्षण की गयी। सभी संबंधित पदाधिकारी को समन्वय स्थापित कर विभागीय पोर्टल पर ससमय डाटा की प्रविष्टि करने तथा योजना में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी, कल्याणपुर एवं केसरिया को ससमय समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, केसरिया एवं कल्याणपुर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी केसरिया एवं कल्याणपुर, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, केसरिया एवं कल्याणपुर, पिरामल फाऊंडेशन के जिला प्रबंधक इत्यादि पदाधिकारी एवं कर्मी गण उपस्थित थे।

### फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में हुई पहल

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकमा की ओर से रसूलपुर गांव में फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नाइट ब्लड सर्वे का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ साजन कुमार के नेतृत्व में किया गया। उद्घाटन रसूलपुर पंचायत के मुखिया पति मिथलेश प्रसाद ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन के लिए समय पर जांच, जागरूकता और जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। नाइट ब्लड सर्वे के माध्यम से रोग की पहचान कर समय रहते उपचार संभव हो सकेगा। कार्यक्रम में बीएचएम वाहिद अख्तर, वीबीडीएस, बीसीएम, आशा फैसिलिटेटर सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य शामिल रहे। स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को फाइलेरिया के लक्षण, बचाव के उपाय व नियमित जांच के महत्व की जानकारी दी तथा नाइट ब्लड सर्वे में सहयोग करने की अपील की। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही।

### पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, पिलाई गई दो बूंद दवा

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकमा में जन्मे एक नवजात शिशु को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाकर मंगलवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. आयुष्मान व प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक वाहिद अख्तर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बताया गया कि पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत के पूर्व जागरूकता एवं तैयारियों के तहत इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अधिकारियों ने कहा कि पोलियो उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक देना आवश्यक है। कार्यक्रम में बीएमसी संजय, बीसीएम प्रियंका, सीसीएच सर्वेश, एएनएम निर्मला सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभिभावकों से अभियान में सहयोग करने की अपील की गई।

### अवैध खनन कर रहे पानी बोरीया बालू व तीन बाइक जब्त

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानपुर पुलिस व खनन विभाग की संयुक्त कारवाई में थाना क्षेत्र के अलग अलग नदीयों से अवैध बालू खनन कर ले जा रहे पांच बोरीया बालू समेत तीन बाइक को जब्त किया गया। थानाध्यक्ष अर्चना सिन्हा ने बताया कि दोहरम नदी से एक बाइक समेत एक बडा बोरीया बालू जब्त किया गया है। वही बीरंची तीन से दो बाइक समेत चार बोरीया बालू को जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि एक जांच प्रतिवेदन बेतिया डीटीओ को भेज पुलिस पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### आग लगने से आधा दर्जन घर जल कर राख

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बसंतपुर गांव में मंगलवार देर रात भीषण अगलगी की घटना में आधा दर्जन से अधिक घर जलकर खाक हो गए। इस अगलगी में लाखों रुपये की संपत्ति के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई और पीड़ित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है।अगलगी में जवाहिर यादव, मोनिरका यादव, रुदल यादव, चंद्रिका यादव, बहादुर यादव, कन्हैया यादव और राजेश्वर यादव के घर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। आग की चपेट में आने से घरों में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन, जरूरी कागजात और करीब 30 हजार रुपये नगद जलकर राख हो गए। इसके साथ ही इस हादसे में 10 बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार भैंस बुरी तरह झुलस गईं। आग बुझाने के दौरान रुदल यादव, बहादुर यादव और चंद्रिका यादव झुलसकर घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय स्तर पर इलाज कराया गया।

### 'हर घर स्वदेशी' का संकल्पः विधायक प्रमोद सिन्हा ने भरा संकल्प पत्र, स्वदेशी अपनाने का किया आह्वान

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वदेशी हमारी विरासत, आत्मा, शक्ति और भविष्य है- इसी भाव के साथ आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' अभियान को गति देते हुए आज 17 दिसंबर 2025 को हरैया स्थित अपने निवास स्थान पर स्थानीय विधायक प्रमोद सिन्हा ने स्वदेशी संकल्प स्टॉल पर परचा भरकर स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायक प्रमोद सिन्हा ने उपस्थित जनता से दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं के अधिकाधिक उपयोग का आह्वान करते हुए कहा कि स्वदेशी अपनाने से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि स्थानीय उद्योगों, कारीगरों और युवाओं को भी सशक्त आधार मिलेगा। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रत्येक नागरिक का स्वदेशी के प्रति संकल्पित होना आवश्यक है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे और स्वदेशी अभियान के प्रति समर्थन व्यक्त किया।

### नॉरकोटिक्स कारोबारी में हड़कंप, 71 किग्रा गांजा पकड़ा

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बॉर्डर में लगातार हो रही छापेमारी से नॉरकोटिक्स कारोबारी में हड़कंप है इधर बुधवार की अहले सुबह को जितना पुलिस ने 71 किलोग्राम गांजे की खेप पकड़ा है।लेकिन तस्कर अंधेरा का फायेदा उठाकर भागने में सफल रहा।सभी गांजा 5 बंडल में है जिसे तस्कर वैग में रखकर उसे पीठ पर लेकर जा रहा था।तस्कर 5 की संख्या में पैदल जितना सड़क से जैसे ही बनकटवा गांव से बरगद के पेड़ के पास पहुंचा पुलिस की आवाज सुनते ही वैग छोड़ कर भाग गया।अत्यधिक कोहरे के कारण सभी तस्कर भागने में सफल रहा।जानकारी देते जितना थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया अज्ञात तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।इस करवाई में थानाध्यक्ष सहित नागा कुमार, रंजीत कुमार तथा विनायक कुमार शामिल थे।

### चोरों ने नकद व गहनों समेत लाखों की संपत्ति चोरी

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड-25 अंतर्गत त्रिलोकी नगर में 16 दिसंबर की रात चोरों ने एक निमार्णाधीन मकान को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। गृहस्वामी एवं पेशे से ट्रांसपोर्टर उदय शंकर प्रसाद ने बताया कि घटना के समय घर में केवल महिलाएं मौजूद थीं, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित के अनुसार चोर मकान के पूरब दिशा से प्रवेश कर अंदर घुसे और करीब 70 हजार रुपये नकद, कीमती सोने-चांदी के गहने, दो मोबाइल फोन समेत अन्य बहुमूल्य सामान चुरा ले गए। बुधवार सुबह जब परिजन जागे, तब चोरी की जानकारी हुई। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है, वहीं इलाके के लोग भी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। इस मामले में रक्सौल थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हो चुका है। आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही चोरों की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### शिकारपुर पुलिस ने 230 पीस अंगेजी शराब किया जब्त

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बिनवालिया मोड़ के पास से 230 पीस टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब जब्त की है। हालांकि पुलिस के इस करवाई में शराब तस्कर पुलिस को चकमा देकर भाग निकले।थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की बिनवलिया मार्ग से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप नरकटियागंज की ओर लाई जा रही है। सूचना के आलोक में एक टीम गठन कर छापेमारी शुरू की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस को देखते ही शराब तस्कर घबरा गए वह शराब से भरा बोरी को सड़क के किनारे फेंक कर फरार हो गए। जिसके बाद बोरी की तलाशी ली गई। जिसमें 230 पीस टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि बरामद शराब को जब्त करते हुए अज्ञात शराब तस्करों के खिलाफ अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। बता दे की पुलिस की इस कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

# मोदी सरकार का संकल्प है देश हर क्षेत्र में आत्म निर्भर बने : यमुना सीकरिया

**स्वराज से सुराज की ओर बढ़ना चाहिए इसके लिए हम सभी को अपने देश अपने गांव की वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए : विधायक**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आत्म निर्भर भारत हर घर स्वदेशी घर - घर स्वदेशी कार्यक्रम सीकरीया शिक्षण संस्थान में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक प्रमोद कुमार, भाजपा युवा नेता यमुना कुमार सीकरीया, उपमहापौर डॉक्टर लालबाबू प्रसाद, भाजपा नेत्री डॉक्टर हेना चंद्रा, उपाध्यक्ष महिला मोर्चा मीना मिश्रा, उत्तरी मंडल अध्यक्ष राजेश, प्रिंसिपल प्रीति दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । कार्यक्रम की शुरूआत सभी छात्र एवं सभी अतिथियों ने स्वदेशी संकल्प अपनाने के साथ किया। सभी अतिथियों ने स्वदेशी को अपनाने के लिए उसके महत्व के बारे में छात्रों को बताया। विधायक प्रमोद जी ने कहा में स्वराज से सूराज की ओर बढ़ना चाहिए इसके लिए हम सभी को अपने देश अपने गांव के वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए। विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करना चाहिए। यमुना सीकरीया ने कहा मोदी सरकार का संकल्प है, देश हर क्षेत्र में आत्म निर्भर बने। इसके लिए सरकार लगातार योजना ला रही है। युवा वर्ग अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी को अपनाने के लिए कृत संकल्पित हो उपमहापौर डॉक्टर लालबाबू जी ने कहा स्वदेशी अपनाकर ही हम विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकते हैं। स्वदेशी के संकल्प लेने वाले सभी लोगों को मेडल से सम्मानित किया गया।

## भारत के रास्ते नेपाल में बड़ी घुसपैठ की कोशिश रक्सौल बॉर्डर बना ट्रांजिट रूट



**रक्सौल/बीरगंज ( पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक बार फिर सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ गई है। रक्सौल बॉर्डर के रास्ते नेपाल में करीब 100 बांग्लादेशी नागरिकों के अवैध रूप से घुसपैठ करने की कोशिश की सूचना सामने आई है। मामला नेपाल के बीरगंज क्षेत्र से जुड़ा बताया जा रहा है, जहां संदिग्धों की मौजूदगी के बाद हड़कंप मच गया। सूत्रों के मुताबिक, ये सभी बांग्लादेशी नागरिक भारत के रास्ते रक्सौल सीमा पार कर नेपाल में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। सूचना मिलते ही नेपाल की सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आईं और इलाके में जांच अभियान शुरू कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही नेपाल में फ्रर और विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। संगठनों ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए सीमा पर सख्ती की मांग की। कुछ स्थानों पर हंगामे की स्थिति भी बन गई। बताया जा रहा है कि संदिग्धों ने दावा किया है कि भारत में सर (स्पेशल इंटेंसिव रिव्यू/कार्रवाई) के कारण वे भागने को मजबूर हुए, हालांकि इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## बेंगलुरु मजदूरी करने गए युवक की हुई मौत, ठेकेदार पर गला दबाकर हत्या का आरोप

**पड़ोसी गांव के एक युवक और उसके जीजा पर लगाया हत्या का आरोप**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बैद्यनाथपुर गांव के एक युवक की बेंगलुरु में हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान उक्त गांव के वार्ड नंबर 11 निवासी हरेंद्र राम के 27 वर्षीय पुत्र वीरेंद्र राम के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि वीरेंद्र कर्नाटक राज्य के बेंगलुरु सिटी के राजपाल नगर पुलिस स्टेशन अंतर्गत सूरती नगर मजदूरी करने गया था। बीते 14 दिसम्बर को वीरेंद्र के मौत की सूचना उसके बहनोई को मोबाइल पर दी गई। इस बारे में जानकारी देते हुए मृतक के बहनोई व मेहसी निवासी संजीत कुमार ने बताया कि गत 10 दिसंबर को चिरैया थाना अंतर्गत बहुअरवा गांव निवासी वीरेंद्र राय के पुत्र रजनीश राय ने जोर जबरदस्ती से मेरे शाले वीरेंद्र राम को अपने साथ एक फैक्ट्री में मजदूरी करने बेंगलुरु ले गया। उस फैक्ट्री में रजनीश का बहनोई ठिकेदारी करता था। लेकिन वीरेंद्र जब वहां पहुंचा तो एक दिन बाद ही उसने रजनीश से घर वापस भेजने की जिद करने लगा। जिसके बाद रजनीश ने वीरेंद्र राम के बहन- बहनोई को 14 दिसम्बर रात के 1 बजकर 40 मिनट पर फोन कर बताया कि वीरेंद्र घर जाने के लिए काफी हंगामा कर रहा है। इस कारण हमलोगों ने उसका हाथ पैर बांध दिया है। आप टिकट का रुपया भेज दीजिए हम इसको यहां से वापस घर भेज देते है। जिस पर वीरेंद्र की बहन ने हामी भर दी और कहा कि आप उसका हाथ पैर खोल दीजिए मैं सुबह तक रुपए भेज दूंगी। लेकिन 14 दिसम्बर की सुबह रजनीश ने परिजनों को फोन कर बताया कि वीरेंद्र मर चुका है। मृतक के जीजा संजीत कुमार ने रजनीश राय के बहनोई पर आरोप लगाते हुए कहा कि घर आने की बात पर ठिकेदार और मृतक के बीच हाथा पाई हुई थी। जिसके बाद ठिकेदार ने वीरेंद्र राम की गमछे से गला दबाकर हत्या कर दी।



## महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कर्मयोगी-लार्ज स्केल जन सेवा प्रशिक्षण का आयोजन





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में भारत सरकार के राष्ट्रीय कर्मयोगी-लार्ज स्केल जन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय अनिवार्य कैस्केडिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 16 एवं 17 दिसंबर 2025 को किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस 16 दिसंबर 2025 (मंगलवार) को दो बैचों में सत्रों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें प्रत्येक बैच में लगभग 30 प्रतिभागियों ने निर्धारित स्थलों पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रथम बैच हेतु सच्चिदानंद सिंह एवं दिनेश हूडा द्वारा मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जबकि द्वितीय बैच को प्रो. विकास पारीक एवं श्री सुहर्ष कुमार द्वारा प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण सत्रों के दौरान प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता एवं अनुशासित उपस्थिति उल्लेखनीय रही। राष्ट्रीय कर्मयोगी -जन सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम चार प्रमुख मॉड्यूल्स पर आधारित है, जिनका उद्देश्य लोकसेवकों में जनोन्मुखी सेवा भावना, नैतिकता एवं उत्तरदायित्व, प्रभावी संप्रेषण कौशल तथा कार्य-कुशलता एवं नवाचार आधारित प्रशासनिक दृष्टिकोण का विकास करना है। प्रशिक्षण के दौरान इन सभी मॉड्यूल्स पर विस्तृत चर्चा एवं सहभागिता आधारित गतिविधियाँ संपन्न कराई गईं, जिससे प्रतिभागियों को अपने कार्य-व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु प्रेरणा प्राप्त हुई। 17 दिसंबर 2025 (बुधवार) को प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में भी दो बैचों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिसमें विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी सम्मिलित हो रहे हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिससे कार्य संस्कृति में दक्षता, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रीय कर्मयोगी कार्यक्रम कर्मचारियों को कर्तव्यबोध, सेवा-भाव एवं व्यावसायिक दक्षता से युक्त करने की दिशा में एक सशक्त पहल है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्वविद्यालय को एक उत्तरदायी, संवेदनशील एवं जन-केन्द्रित संस्था के रूप में आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने प्रशिक्षण से अर्जित ज्ञान को कार्यस्थल पर प्रभावी रूप से लागू करने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों द्वारा आईगौट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिजिटल सहभागिता भी सुनिश्चित की गई।

## आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल का आयोजन



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आपदा प्रबंधन शाखा द्वारा आज एसडीआरएफ एवं आपदा मित्रों के सहयोग से विपिन हाई स्कूल, बेतिया में आपदा से बचाव एवं त्वरित प्रतिक्रिया को लेकर मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों एवं आमजनों को प्राकृतिक एवं आकस्मिक आपदाओं के दौरान सुरक्षित व्यवहार, बचाव तकनीकों और त्वरित राहत कार्यों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता (आपदा) कुमार रविंद्र ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा के समय घबराने के बजाय संयम और प्रशिक्षण के अनुसार कार्य करना सबसे महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने मॉक ड्रिल को जीवन रक्षक अभ्यास बताते हुए नियमित अभ्यास पर बल दिया। आपदा प्रबंधन प्रभारी नगमा तबस्सुम ने आपदा प्रबंधन की तैयारियों, आपदा मित्रों की भूमिका और समुदाय आधारित सहभागिता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। एसडीआरएफ निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम ने भूकंप, आगजनी एवं अन्य आपात स्थितियों में बचाव, घायलों को सुरक्षित निकालने, प्राथमिक उपचार तथा राहत कार्यों का जीवंत प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल के दौरान आपदा मित्रों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई और छात्रों को व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन एवं उपस्थित जनसमूह ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे जनहित में अत्यंत उपयोगी बताया।

### तरैया में नए बीईओ ओमप्रकाश झा ने संभाला कार्यभार

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तरैया प्रखंड को नए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) के रूप में ओमप्रकाश झा की अगुवाई मिली है। उन्होंने औपचारिक रूप से बीईओ का कार्यभार संभाला। वर्तमान में वे तरैया के प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी (बीसीओ) के पद पर कार्यरत हैं और उन्हें तरैया बीईओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद बीईओ ओमप्रकाश झा ने कहा कि प्रखंड के सभी विद्यालयों का बेहतर संचालन, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ तरैया के प्रखंड अध्यक्ष महेश्वर सिंह तथा परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ तरैया के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने नवपदस्थापित बीईओ का स्वागत किया।

## 2400 लीटर स्प्रीट समेत ट्रक बरामद, चालक गिरफ्तार



**बेतिया/मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुप्त सूचना के आधार पर मझौलिया पुलिस ने एक ट्रक पर लदे 2400 लीटर स्प्रीट को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विवेक दीप ने बताया कि रविवार को गुप्त सूचना मिली कि एक ट्रक से अवैध शराब की खेप एनएच 727 होकर निकलनेवाली है। सूचना के आधार पर एसडीपीओ के नेतृत्व में एसएसपी डा. शौर्य सुमन ने एक टीम का गठन किया और संभावित रास्ते में नाकाबंदी का निर्देश दिया। एसएसपी के निर्देश के आलोक में एसडीपीओ विवेक दीप के नेतृत्व में टीम में शामिल मझौलिया थानाध्यक्ष अवनीश कुमार, पुअनि सुनील कुमार, सअनि विनीत कुमार, महिला सिपाही नंदिता कुमारी, सैप चालक धर्मेन्द्र पाठक एवं होमगार्ड जवान वीरेंद्र कुमार के साथ बेतिया मोतिहारी पथ में लालसरैया के पास नाकाबंदी की गयी। जैसे हीं संदिग्ध ट्रक नंबर यूपी 65 केटी 6870को रोका गया। ट्रक की तलाशी लेने पर उसपर प्लास्टिक एवं टीन के डब्बे में जिसपर पामआयल एवं मोबिल लिखा हुआ था। के 128 डब्बे पाये गये। चालक से पुछताछ करने पर उसने संतोषजनक जबाब नही दिया। तो इसकी स्थानीय टीम से जांच करायी गयी। लेकिन उसने केवल संदिग्ध पदार्थ बताया। नतीजतन इसकी जांच विधि विज्ञान प्रयोगशाला पटना में करायी गयी। तबतक ट्रक को थाने में हीं रोके रखा गया था। बुधवार को प्रयोगशाला की रिर्पोट आने के बाद स्पष्ट हो गया कि उक्त तरल पदार्थ स्प्रीट है। पुलिस ने 128 डब्बो में रखे गये 2397 लीटर स्प्रीट को जब्त करते हुए ट्रक को जब्त कर लिया। इसके साथ हीं प्राथमिकी दर्ज कर चालक वाराणसी के जनसाह थाना के खरगोपुर निवासी अनिल कुमार शर्मा को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि चालक के बयान से यह स्पष्ट हुआ है कि यह मोतिहारी में हरसिद्धि के किसी धंधेबाज को सुर्पूद करना था। इसकी भी जांच कर धंधेबाज के संभावित ठिकाने पर छापामारी की जा रही है। जबकि भेजनेवाले की गिरफ्तारी के लिए भी संभावित ठिकाने पर छापामारी की जा रही है।

### शेरहवा पंचायत में योजनाओं की जांच, मिली गड़बड़ी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शेरहवा पंचायत में बुधवार को पंचायत अंतर्गत सभी योजनाओं की जांच संबंधित विभाग के अधिकारियो ने की। इस दौरान कई गड़बड़ी सामने आई है। निरीक्षण के दौरान पंचायत में छठ घाट सीढ़ी निर्माण कार्य मे लोकल बालू का प्रयोग करते पाया गया। वार्ड पाँच में पीसीसी निर्माण कार्य मे भी लोकल बालू का उपयोग करते पाया गया। इसी तरह पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य में प्रयोग किये जाने वाले सरिया व गिट्टी का सेम्पल लिया गया। जिसे जांच के लिए भेजा जाएगा। वही सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य मे गड़बड़ी पाई गई। इतना ही नही पंचायत के कई वार्ड में ठेला खराब होने से स्वच्छता कार्य प्रभावित है। डब्लूपीयू के पुराने गेट को लगाया गया है। जिसे देख अधिकारी में मनरेगा पीओ को नोटिस करने की बात कही।

### मशरक में भीषण आग लगने से 10 लाख की संपत्ति जली

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के दक्षिण टोला गांव के वार्ड -14 में में करकटनुमा दालान में आग लगने से 10 लाख रुपए से ज्यादा की संपति जलकर राख हो गई। पीड़ित दक्षिण टोला गांव निवासी लक्ष्मण राय हैं। पीड़ित ने बताया कि करकटनुमा दालान में उन्होंने शादी समारोह में जयमाला दुल्हा रथ , ड्रोन कैमरा, डिजिटल कैमरा,जनरेटर , लाइट,कम्प्यूटर, एलसीडी टीवी समेत अन्य सामान रखा गया था। उसी के उपर से गुजर रहे बिजली तार में शार्ट सर्किट से आग लग गई। बताया गया कि उसी में सोये युवक रंजीत कुमार ने किसी तरह से जान बचाकर बाहर निकला। ग्रामीणों ने बताया कि ठंड की वजह से सभी लोग दुबके, चिल्लाने की आवाज पर सभी पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद सभी ने आग पर काबू पाया।

## कभी अतिक्रमण नियंत्रण, तो कभी पुनर्वासन

**घोड़ासहन अंचल प्रशासन ने की मानवीय पहल**



**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड में सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा की दिशा में एक सराहनीय पहल सामने आई है. वर्षो से घोड़ासहन रेलवे स्टेशन के निकट जीर्ण शीर्ण स्थिति में जीवन यापन कर रहे 11 महादलित परिवारों को अब सुरक्षित और सम्मानजनक ठिकाना मिल गया है.अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत घोड़ासहन अंचल प्रशासन द्वारा इन परिवारों का विधिवत पुनर्वासन किया गया. जानकारी देते सीओ आनंद कुमार ने बताया कि ये सभी परिवार लंबे समय से असुरक्षित परिस्थितियों में रेलवे लाइन के किनारे रह रहे थे.अंचल प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौजा घोड़ासहन उर्फ कोटवा, थाना नंबर-8, अंचल घोड़ासहन अंतर्गत लैन बसवरिया (वार्ड-10) में भूमि चिन्हित कर बंदोबस्ती के माध्यम से कुल 11 लाभुकों को बसाया गया. हालांकि जब चिन्हित भूमि पर दखलझकब्जा एवं निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हुई, तो कुछ ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया. विरोध के पीछे दो प्रमुख कारण सामने आए पहला जातिगत मानसिकता, जिसमें यह आशंका जताई गई कि उक्त परिवारों के बसने से क्षेत्र में गंदगी फैलेगी. दूसरा, यह तर्क था कि उक्त भूमि भविष्य में खेल मैदान या अन्य सार्वजनिक प्रयोजन के लिए उपयोगी हो सकती है.इस संवेदनशील स्थिति में सीओ श्री कुमार स्वयं मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि छुआछूत और जातिगत भेदभाव समाज के लिए एक अभिशाप है. बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें समानता, बंधुत्व और मानव गरिमा का संविधानिक अधिकार दिया है.जल, जंगल और जमीन पर समाज के हर वर्ग का समान अधिकार है.

# फरोग-ए-उर्दू के रंग में रंगा बेतिया

**कार्यशाला, सेमिनार और मुशायरे का आयोजन**



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंत्रीमंडल सचिवालय विभाग, उर्दू निदेशालय, बिहार पटना एवं जिला उर्दू भाषा कोषांग के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को प्रेक्षागृह में फरोग-ए-उर्दू कार्यशाला, सेमिनार और मुशायरे का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उर्दू भाषा के प्रसार और उत्थान के लिए आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न साहित्यिक गतिविधियों के माध्यम से उर्दू के विकास की दिशा पर विचार विमर्श हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक पदाधिकारी अब्दुल रशीद जिला कला संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मासूम अली अंसारी, भी उपस्थित थे। अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा ने कहा कि उर्दू के प्रसार के लिए जिला प्रशासन हमेशा तत्पर है और जिला में उर्दू भाषा लगातार विकसित हो रही है। उन्होंने इस दिशा में जिला प्रशासन के प्रयासों का उल्लेख किया। बिहार उर्दू कमिटी के सदस्य असलम हक्की ने भी उर्दू के विकास के लिए बिहार सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस मौके पर मो आफताब अंसारी, प्रभारी पदाधिकारी, जिला उर्दू भाषा कोषांग ने अपर समाहर्ता एवं अन्य अधिकारियों को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन बेतिया प्रखंड के उर्दू अनुवादक मो मोहीउद्दीन अशरफी ने किया। उन्होंने अपनी शायरी और दिलचस्प वक्तव्यों के साथ समां बांध दिया और उपस्थित सभी को खूब रोमांचित किया। कार्यक्रम में आलेख पाठन का भी आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न डेलीगेट्स और छात्र-छात्राओं ने उर्दू साहित्य पर अपने विचार साझा किए। आलेख पाठक के रूप में निम्नलिखित लोग उपस्थित थे। मौके पर अजीम इकबाल, मो० जाकिर, अफसाना निगार, शमीम कमर रेयाजी, नूर आलम, मुजाहिदुल इस्लाम, प्रो० शफी अहमद, नसरीन प्रवीण, नाजरीन खातून, दारूल उलूम यतिम खाना बदरिया, रुखसार प्रवीन, जमाल आलम, शब्बू खातून, आदि मौजूद रहे। मौके पर मुशायरा का भी आयोजन किया गया जिसमें हसन इमाम कासमी,आजाद अजहर,आकांक्षा अनुभूति,अख्तर हुसैन अख्तर,तहरीम फातिमा,उजैर सलीम,गायत्री नाज, मो. हाशिम सल्फी, फरहाद नश्तर, अरुण गोपाल, इस कार्यक्रम में इम्तियाज अहमद, वरीय उर्दू अनुवादक, अबुजर कमाल, गुलाम मुस्तफा, अनवर जमील, मो. समीम अंसारी, संतोष कुमार, अबुजैद, मो. गुलाम सरवर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मो. आफताब अंसारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### खोया-पाया

मैं नरायण जी त्रिवेदी पिता- डॉ. लक्ष्मण त्रिवेदी ग्राम पताढ़ी पो . नाद जिला रोहतास का निवासी हैं। दिनांक 10/07/2025 को अपने घर से रायपुर चोर बजार जाने के क्रम में मेरे थैली में रखा दस्तावेज कही गिर गया बहुत खोजने पर भी दस्तावेज नहीं मिला। दस्तावेज का खाता सं0-20, खेसरा सं0-529, रकबा 4 डी0, दस्तावेज संख्या-5059, दस्तावेज दिनांक 25 .05 .2017 है। जिन सज्जनों को मिले वे कृपया इस पता पर सूचित करें। विकास अमृतराज एडवोकेट, पटना हाई कोर्टकार्यालय- फ्लैट वंबर 401, चौथा तल्ला, जगतारिनी टावर एवं वासुदेवा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, जमाल रोड, पटना-800001 ईमेल -vikash1amritraj@ gmail.com मोबाईल नंबर-98356985259123178201

## एक नजर

### नामजद आरोपित पति-पत्नी गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद)**। गोह थाना पुलिस ने थाना कांड सं- 288/25 के नामजद प्राथमिक आरोपित साकिन गांव निवासी आनंद राम एवं उसकी पत्नी शांति देवी को शेखपुरा गांव से गिरफ्तार का बुधवार को जेल भेज दिया गया है। गोह थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिह ने बताया कि दोनों नामजद आरोपित विगत तीन महीना से फरार था गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### गलत नंबर प्लेट वाली पिकअप जब्त, चालक गिरफ्तार

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। थानाक्षेत्र के पचरूखिया रोड में टाल मोड़ के समीप वाहन चेकिंग के दौरान गलत नंबर प्लेट लगाकर चलाने के मामले में पिकअप वाहन सहित चालक को पुलिस ने पकड़ा है।चालक दाउदनगर थाना के झौरीविगहा गांव के अशोक कुमार है। जिसे लेकर अशोक कुमार के खिलाफ धोखाघड़ी का मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश करते हुए अशोक कुमार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान बराबर चल रहा है।

### चूल्हा के विवाद में मारपीट, युवक जख्मी

**मदनपुर (औरंगाबाद)**। सलैया थाना क्षेत्र के चौकियां गांव में दो सगे भाईयों के बीच मारपीट हो गई जिसमें एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। घायल युवक की पहचान चौठइया निवासी विलाश चौधरी के 25 वर्षीय पुत्र लवलेश कुमार के रूप में की गई है। घटना मंगलवार रात की है। जब लवलेश की मां चूल्हा बना रही थी। इसी बीच धर्मेन्द्र कुमार ने चुल्हा को तोड़ दिया। लवलेश ने तोड़ने का कारण पूछा तो धर्मेन्द्र ने अपने पत्नी और बेटी के साथ मिलकर अभद्र व्यवहार किया। इसी क्रम में मारपीट हो गई जिसमें लवलेश के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। चिकित्सकों ने बताया कि प्राथमिकी उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। इस संबंध में सलैया थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि आवेदन प्राप्त होते ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज



**रफीगंज (औरंगाबाद)**। तिवारी बिगहा से एक बाइक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बंध में अब्दुलपुर निवासी शम्भू यादव ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें उल्लेख्य किया है कि मंगलवार को शाम में अपना मोटरसाइकिल तिवारी बिगहा लकड़ी की दुकान के पास लगाया था और बिजली का सामान लेने गए थे। जो वापस आए तो देखे की वहां पर बाइक नहीं था। बाइक स्प्लेंडर प्लस बीआर 26 आर 5057 है। काफी खोजबीन किया पर नहीं मिला। रफीगंज थाने में आवेदन दिया गया । इस सम्बंध में प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

### जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह किसान गोष्ठी आयोजित



**अंबा (औरंगाबाद)**। कुटुंबा प्रखंड मुख्यालय परिसर में बुधवार को जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रखंड प्रमुख धर्मेन्द्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु, कृषि विशेषज्ञ डॉ. अनूप चौबे, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी दीपक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बीएओ दीपक ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। वहीं डॉ. अनूप चौबे ने किसानों को रबी फसल के उत्पादन में बढ़ोत्तरी, तकनीकी जानकारी, खरपतवार नियंत्रण, उर्वरक एवं सिंचाई प्रबंधन, जल संरक्षण, जल संचयन, मिट्टी की गुणवत्ता, बीज उपचार आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसानों को दलहन, तिलहन, मिट्टी की उर्वरा शक्ति, जैविक खेती और जलवायु के अनुकूल खेती करने के लिए जागरूक किया और वैज्ञानिक विधि व कृषि यंत्रीकरण का प्रयोग कर खेती का उत्पादन बढ़ाने की बात कही। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, बबन भुईयां, कोऑर्डिनेटर, आत्मा विभाग के पदाधिकारी, किसान सलाहकार एवं सैकड़ों किसान शामिल थें।

### सिमुलतला आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सात छात्राओं ने प्राप्त की सफलता

**गोह (औरंगाबाद)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित केवीएम क्लासेस के सात छात्राओं ने सिमुलतला आवासीय विद्यालय के प्रारंभिक टेस्ट में सफलता हासिल किया। बता दें कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित यह परीक्षा 31 अक्टूबर 2025 को सभी जिला मुख्यालय में आयोजित की गई थी। सभी सफल छात्रों को केवीएम क्लासेस के निदेशक कुंदन कुमार, राहुल कुमार एवं शिक्षक राकेश कुमार, अमरेश कुमार, कुंदन कुमार, रवि कुमार उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सफलता हासिल करने वाले छात्राओं में बख्तियारपुर निवासी संतोष यादव की पुत्री प्रिया कुमारी, भलवंडी निवासी गुड्डू चंद्रवंशी के पुत्री स्वीटी कुमारी, अकौना निवासी वरुण कुमार के पुत्री परी सिह, बघोई निवासी मुन्ना कुमार के पुत्री अंशिका कुमारी, गोह निवासी संजय कुमार के पुत्री ज्योति कुमारी और धनंजय कुमार के पुत्री परी सिन्हा है।

### वर्षो से बंद है सामुदायिक शौचालय

**औरंगाबाद**। स्वच्छता को लेकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत शौचालयों का निर्माण किया जा रहा है परंतु गोह प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सामुदायिक शौचालय वर्षो से बंद पड़ा है। बता दें कि शौचालय का निर्माण पंचम राज्य वित्त 56 आयोग से निर्मित किया गया है। शौचालय बंद रहने से प्रखंड कार्यालय पहुंचने वाले आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि शौचालय के निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद इसका उपयोग शुरू न होना प्रशासन की उदासीनता को दर्शाता है। परिसर में आने वाले कर्मचारी, ग्रामीण और आगंतुक इस सुविधा से वंचित हैं। विशोषकर महिलाओं को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। योजना स्थल पर लगे शिलापS पर अनुशंसा करने वाले जनप्रतिनिधियों के नाम तो अंकित हैं परंतु निर्माण में खर्च की गई कुल राशि का उल्लेख नहीं किया गया है जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीण सोना देवी, पुष्पा देवी, दिलीप कुमार का कहना है कि जब सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत खुले में शौच मुक्त भारत की बात कर रही है तो प्रशासन को तत्काल ताला खोलकर इस सुविधा से आमजन के उपयोग के लिए शुरू करना चाहिए। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है।

### तीन वारंटी गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अलग अलग जगहों पर छापेमारी कर पूर्व के केस में वारंटी तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस ने मखदुमपुर डीह निवासी सोनू चौधरी एवं फतेहपुर गांव निवासी अरुण कुमार तथा संजीव कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर पूर्व के केस में फरार चल रहे तीनों लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनों लोगों के विरुद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी का वारंट निर्गत था।

# मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर छात्राओं से छेड़खानी का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। स्थानीय शहर के मलहचक इलाके में स्थित राजकीयकृत उर्दू कन्या मध्य विद्यालय में बुधवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर नाबालिग छात्राओं से छेड़खानी के गंभीर आरोप सामने आए। एक साथ तीन छात्राओं द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद विद्यालय परिसर में जमकर हंगामा हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही छात्राओं के परिजन बड़ी संख्या में विद्यालय पहुंचे और आरोपी प्रधानाध्यापक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। परिजनों का आरोप है कि प्रधानाध्यापक संजय कुमार पिछले कई महीनों से छात्राओं के साथ अशोभनीय व्यवहार कर रहा था। छात्राओं ने बताया कि जब वे इसका विरोध करती थीं तो उन्हें डराया-धमकाया जाता था। बुधवार को जब प्रधानाध्यापक की हरकतें हद से ज्यादा बढ़ गईं, तब छात्राओं ने हिम्मत दिखाते हुए पूरी घटना अपने-अपने परिजनों को बता दी। इसके बाद आक्रोशित परिजन विद्यालय पहुंचे और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और विद्यालय परिसर में पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद पीड़ित छात्राओं और उनके परिजनों को नगर थाना लाया गया, जहां परिजनों द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर प्रधानाध्यापक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। छात्राओं ने प्रधानाध्यापक पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया है कि प्रधानाध्यापक ने स्कूल के एक कमरे में अवैध रूप से बेड लगा रखा था, जिससे मामला और अधिक गंभीर हो गया है। घटना के बाद से ही आरोपी प्रधानाध्यापक संजय कुमार फरार बताया जा रहा है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। मामले की सूचना मिलने पर शिक्षा विभाग के अधिकारी नरेंद्र कुमार भी मौके पर पहुंचे, हालांकि विभागीय अधिकारी फिलहाल जांच पूरी होने तक कुछ भी कहने से बचते नजर आए। नगर थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि पीड़ित छात्राओं के परिजनों के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं, पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने कहा कि नाबालिग छात्राओं के आवेदन के आधार पर एफआइआर दर्ज कर ली गई है और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जहानाबाद में पशु बांझपन माह शिविर की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। डेयरी, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की ओर से आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय पार्ट-2 कार्यक्रम के तहत जहानाबाद प्रखंड में 17 दिसंबर से पशु बांझपन माह शिविर की विधिवत शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन राजकीय पशु चिकित्सालय, जहानाबाद परिसर में किया गया, जिसका नेतृत्व जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. विनय कुमार ने किया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय पशुपालकों ने भाग लिया। इस दौरान विभाग के अनुभवी पशु चिकित्सकों एवं तकनीकी कर्मियों की उपस्थिति में पशुओं की जांच की गई और बांझपन से संबंधित समस्याओं का निःशुल्क उपचार किया गया। इस दौरान बताया गया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य पशुओं में बढ़ती बांझपन की समस्या की पहचान कर उसका समय पर समाधान करना तथा पशुपालकों को जागरूक करना है। इस अवसर पर जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. विनय कुमार ने कहा कि पशुओं में बांझपन एक गंभीर समस्या बनती जा रही है, जिससे पशुपालकों की आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे जागरूकता एवं उपचार शिविरों के माध्यम से पशुपालकों को सही जानकारी मिलेगी और वे अपने पशुओं की बेहतर देखभाल कर सकेंगे।वहीं पशु चिकित्सक डॉ. रानी ने बताया कि बांझपन की समस्या बढ़ने के प्रमुख कारणों में पशुओं को खुला न छोड़ना, नियमित रूप से न टहलाना, समय पर कृमिनाशक दवा न देना और पोषण की कमी शामिल है।

# जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद**। जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देशानुसार डिस्ट्रिक्ट हब एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के तत्वावधान में उच्च विद्यालय, घोसी में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए घोसी प्रखंड की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि जेंडर आधारित हिंसा समाज की एक गंभीर चुनौती है, जिसके उन्मूलन हेतु व्यापक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को बचपन से ही समानता, सम्मान और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे वे भेदभाव और हिंसा के विरुद्ध सजग एवं सशक्त बन सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को जेंडर आधारित हिंसा के विभिन्न स्वरूपों, बाल विवाह की रोकथाम, समान व्यवहार की आवश्यकता, गुड टच–बैड टच की समझ तथा महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबर 112 एवं 1098 की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को विद्यालय एवं समाज में जेंडर समानता को बढ़ावा देने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जेंडर स्पेशलिस्ट शैलेश कुमार ने लैंगिक हिंसा से बचाव, कानूनी प्रावधानों तथा महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महिला प्रवेक्षिका स्नेह लता एवं वीना कुमारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार, शिक्षक वीरेंद्र पांडे, प्रभात रंजन, मोहम्मद खुर्शीद आलम, परिमल कुमार, मृत्युंजय कुमार, विकी कुमार, अमित रंजन तथा शिक्षिकाएं राहत प्रवीण, रीना कुमारी, मंजू कुमारी, किरण कुमारी, भारती लता एवं रेणु कुमारी ने सक्रिय सहयोग करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरक संदेश दिए।

# एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम में जहानाबाद जिले की ऐतिहासिक उपलब्धि

## राज्य स्तर पर जहानाबाद जिला ने प्रथम स्थान तथा देश मे तृतीय स्थान किया हासिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आइडीएसपी) के अंतर्गत भारत सरकार के इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉर्मेशन प्लेटफॉर्म पोर्टल पर 1 जनवरी 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक की गई पोर्टल-आधारित समीक्षा में जहानाबाद जिला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश के कुल 783 जिलों में 99.37 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। साथ ही, राज्य स्तर पर जहानाबाद जिला ने प्रथम स्थान हासिल कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। इस उपलब्धि पर जिला पदाधिकारी, जहानाबाद, श्रीमती अलंकृता पाण्डेय द्वारा एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम मे संग्लन सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों को धन्यवाद देते हुए इसी प्रकार आगे भी कार्य करने का अपील किया। राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान गुजरात के अहमदाबाद जिले को 99.9 अंकों के साथ, द्वितीय स्थान ओडिशा के नयागढ़ जिले को 99.48 अंकों के साथ प्राप्त हुआ। वहीं, चतुर्थ स्थान ओडिशा के कंधमाल जिले को 99.11 अंक तथा पंचम स्थान गुजरात के आनंद जिले को 99.04 अंकों के साथ प्राप्त हुआ।उल्लेखनीय है कि जहानाबाद जिला पूर्व वर्षों में भी आई.डी.एस.पी. के अंतर्गत निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करता रहा है। वर्ष 2022 में 86.32 अंकों के साथ 12वां स्थान, वर्ष 2023 में 98.8 अंकों के साथ तृतीय स्थान तथा वर्ष 2024 में 98.9 अंकों के साथ पंचम स्थान देश स्तर पर प्राप्त किया था, जो जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवा की निरंतर प्रगति को दर्शाता है। अधिकारियों ने बताया कि यह उपलब्धि जिले में सुदृढ़ रोग निगरानी प्रणाली, समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग, प्रभावी निगरानी तंत्र तथा त्वरित एवं सटीक आउटब्रेक प्रतिक्रिया का प्रत्यक्ष प्रमाण है। जिला पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन के द्वारा निरंतर मार्गदर्शन एवं अनुश्रवण में यह सफलता स्वास्थ्य विभाग के सभी पदाधिकारियों, चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं संबंधित कर्मचारियों के समर्पित प्रयास, प्रतिबद्धता एवं उत्कृष्ट टीमवर्क का परिणाम है।यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गौरव का विषय है, बल्कि राज्य के स्वास्थ्य तंत्र को भी राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ रूप से प्रस्तुत करती है।

# जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद**। औरंगाबाद की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अनुग्रह इण्टर स्कूल (गेट स्कूल)में चल रहे तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। प्रशिक्षण के अंतिम दिन भी सत्र की शुरुआत चेतना - सत्र के साथ शुरू हुई। चेतना - सत्र में बिहार राज्य प्रार्थना, सर्वधर्म प्रार्थना व राष्ट्रगान सभी प्रतिभागियों द्वारा की गई। मुख्य मास्टर प्रशिक्षक डॉ शशि भूषण कुमार सिंह ने विद्यालय भ्रमण के दौरान चेक लिस्ट के बारे में विस्तृत जानकारियां साझा की। विद्यालय विकास योजना प्रपत्रों से रुबरु कराया गया। विद्यालय विकास योजना का ग्राम पंचायत विकास योजना में समायोजन के लिए 9 थीम में से 4 थीम को विद्यालय विकास योजना में शामिल कर सकते हैं जैसे - स्वस्थ गांव, बाल अनुकूल गांव, स्वच्छ व हरित गांव व सामाजिक रूप से न्याय पूर्ण और सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव की चर्चा की गई। प्रशिक्षण उबाऊ न हो इसका ख्याल रखते हुए एक गतिविधि कराई गई जिससे सभी प्रतिभागियों में नई ताजगी आ गई। तदोपरांत सुरक्षित शनिवार के तहत होने वाले गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मास्टर प्रशिक्षक के रूप में डॉ. शशि भूषण कुमार सिंह (पीएमश्री मध्य विद्यालय बालूगंज, देव), दिव्य रेशमी ( मध्य विद्यालय रतिखाप, कुटुंबा) अरविंद कुमार (उत्प्रेरक), सूर्यकांति कुमारी (उत्प्रेरक), उमेश कुमार (एसएसए) ने सहभागिता निभाई। प्रशिक्षण के मौके पर शिक्षक विद्या सिंह, प्रियंका कुमारी, शोभा कुमारी, तारा कुमारी, ज्योत्सना मिश्रा, सुनीता कुमारी, इंदु कुमारी, कुंदन कुमार, सर्वजीत, रोहित कुमार सिंह, कृष्ण बल्लभ सहाय, श्रीकांत प्रजापत, संजय कुमार व अभय कुमार सिंह रंजीत कुमार सिंह, राजकुमार प्रसाद गुप्ता व सुनील कुमार प्रजापति सहित कुल 90 प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## कड़ी मेहनत से सरस्वती ने पाई सफलता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह**। गोह प्रखंड के फाग गांव के निवासी नंदकिशोर विश्वकर्मा की पत्नी सरस्वती कुमारी ने ग्रामीण क्षेत्र में घर परिवार को संभालते हुए बिहार स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड में तृतीय वर्ग कर्मचारी में सफलता प्राप्त किए हैं। उनकी पहली पोस्टिंग पूर्वी चंपारण में हुई है। पति गोह प्रखंड के देवहरा पंचायत में स्वच्छता पर्यवेक्षक पद पर कार्यरत हैं। मायका गोह प्रखंड के सीमावर्ती रफीगंज प्रखंड के बरपा गांव में पड़ता हैं। पिता जयपाल विश्वकर्मा अपनी पुस्तैनी धंधा करते हैं। निम्न परिवार से आने वाली सरस्वती कुमारी के इस सफलता पर इष्ट मित्रों एवं रिश्तेदारों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी महिला के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई है इनकी मेहनत और सफलता।

# केनरा बैंक की नई शाखा का गोह में हुआ उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)**। स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा को ले केनरा बैंक ने गोह में अपनी नई शाखा का विधिवत उद्घाटन मंगलवार कर दिया है। मंगलवार को हुए इस उद्घाटन समारोह में बैंक के उप महाप्रबंधक आनंद श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शाखा के उद्घाटन के बाद डीजीएम आनंद श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि गोह की यह नई शाखा ग्राहकों को बेहतर और त्वरित वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ग्राहकों के विश्वास पर खरा उतरना हमारी प्रथम प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केनरा बैंक हमेशा से ही ग्राहक-केंद्रित बैंकिग में विश्वास रखता आया है और गोह के लोगों को भी उसी उच्च स्तर की सेवा मिलेगी। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक गणेश गॉड, प्रबंधक प्रशांत कुमार, नदीम अफसर, पंकज कुमार, मंटू सिह, रघुवंत्र सिह, बब्लू सिह, बैजनाथ सिह, केवीएम क्लासेस के राहुल कुमार, कुंदन कुमार के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# बिहार के समृद्ध खानपान की संस्कृति का हिस्सा रहा है पूस माह में बनने वाला पिट्ठा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद**। बिहार के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में तीज त्योहार और खान-पान के संस्कृति का विशेष योगदान रहा है। मौसम और फसल चक्र के अनुरूप खान पान और व्यंजनों की विविधता यहां देखने को मिलता है। बिहार की लिट्टी चोखा तो वैश्विक पहचान पहले ही बना चुका है। इसके अलावा मगध क्षेत्र में सर्दियों के मौसम में बिकने वाला तिलकुट की सौंधी खुशबू यहां के लोगों के अलावा प्रवासियों को भी खूब आकर्षित करता है। बिहार में क्षेत्रीय स्तर पर भी विभिन्न व्यंजनों की विविधता देखने को मिलती है। मनेर का स्वादिष्ट लड्डू, नालंदा के सिलाव का खाजा, गया का तिलकुट और अनरसा जैसे कई ऐसे मिठाई और व्यंजन है जिसकी क्षेत्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान है।

**पूस माह में बनने वाला पिट्ठा मगध क्षेत्र के विशिष्ट व्यंजन में है शुमार**

सर्दी के मौसम में सिर्फ पूस माह में एक विशिष्ट व्यंजन मगध क्षेत्र में विशेष रूप से घरों में बनाया जाता है। जिसे लोग स्थानीय भाषा में पुसहा पिट्ठा लोग कहते हैं। असर विशुद्ध बिहारी व्यंजन को हमारी सदियों से चले आ रही खानपान परंपरा और संस्कृति का हिस्सा माना जाता है। जिसमें मां की ममता के साथ परिवार के लोगों के लिए सेहत का वरदान छुपा होता है। खास बात यह है कि यह व्यंजन पूरे वर्ष में सिर्फ पूस माह में ही बनाने की परंपरा रही है।

**पिट्ठा सुपाच्य के साथ गुणकारी भी**

पिट्ठा मूल रूप से चावल को धोकर उसे आटा के रूप में पीसकर उससे ही बनाया जाता है। इसे गर्म पानी में गूंथकर भरवां के रूप में अलग- अलग चीज़ों का इस्तेमाल किया जाता है। पिट्ठा में भरवां के रूप में चना दाल को भिगोकर फ्राई किया हुआ (दाल का पिट्ठा), मावा भरा हुआ यानि (खोवा का पिट्ठा), आलू का चोखा भरा हुआ और तीसी को भूनकर उसमें गुड़, सौंफ आदि मिश्रित कर बनाया गया पिट्ठा (तीसी का पिट्ठा) प्रमुख है। सभी प्रकार के पिट्ठा की अलग अलग होती है आकृति, जिसमें उसमें भरे हुए चीजों की आकृति से होती है पहचान।

पिट्ठा मूलतः गर्म पानी में उबालकर उसे सिझाया जाता है। जिससे यह सुपाच्य के साथ स्वास्थ्य वर्धक भी होता है। पिट्ठा बनने के बाद सामान्यतः 3-4 दिनों तक खराब नहीं होता है। इसमें खास बात यह भी है कि इसे बिना किसी सब्जी और चटनी के भी खाया जा सकता है।

**गांव में भी कमजोर हो रही पिट्ठा बनाने की परंपरा**

मगध क्षेत्र में खासा लोकप्रिय रहा पिट्ठा, अब अपनी पहचान धीरे धीरे खोता जा रहा है। सामान्यतः गांवों में पौष माह प्रारंभ होते ही पिट्ठा बनने की तैयारी सभी घरों में शुरू हो जाती थी। पूरे पूस माह में औसतन सभी घरों में पांच-छह दिन तो पिट्ठा बनना तय माना जाता था, लेकिन बदलते परिवेश और परिवर्तित होते खान पान की संस्कृति में आज फास्ट फूड और डिब्बा बंद पैकेट के बढ़ते प्रभाव के कारण पिट्ठा बनाने की परंपरा भी धीरे धीरे गांवों से भी कमजोर हो रही है। इस संबंध में गृहणी अर्चना शर्मा बताती हैं कि पिट्ठा बनाने में कई तरह के संसाधन के साथ साथ काफी समय लगता है। पहले गांवों में संयुक्त परिवार के बीच पिट्ठा बनाना बड़ा सहज होता था, लेकिन एकल परिवार और नई पीढ़ी में खान पान की बदलती आदतों ने इसे आज कम लोकप्रिय कर दिया है।

# स्वदेशी का संकल्प, युवाओं ने भरी हुंकार "हर घर स्वदेशी"



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज एवं भदवा में बुधवार को दोपहर आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत हर घर स्वदेशी–घर घर स्वदेशी संकल्प यात्रा के तहत एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू एवं भदवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह ने की। निजी कोचिंग संस्थान एवं नगर क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को स्वदेशी अपनाने हेतु संकल्प पत्र भरवाया गया तथा दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग की शपथ दिलाई गई। संतोष कुमार साहू एवं रामकुमार सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए स्वदेशी उत्पादों को अपनाने, पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय भाषाओं के सम्मान, स्थानीय कारीगरों और किसानों को प्रोत्साहन देने का संकल्प दिलाया। वक्ताओं ने कहा कि स्वदेशी केवल एक विचार नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है, जिसमें युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। कार्यक्रम के अंत में युवाओं में स्वदेशी के प्रति गजब का उत्साह देखने को मिला और "हर घर स्वदेशी" का संदेश पूरे क्षेत्र में गूंज उठा। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता सह कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह , आचार्य रविंद्र कुमार मिश्र , शिक्षक नरेंद्र सिंह, ददन सिंह के साथ दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विद्युत चोरी के विरुद्ध चला छापेमारी अभियान, पांच पर प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज के चंदौली,बरुणा एवं करुणा गांव में विद्युत चोरी के विरुद्ध विद्युत विभाग द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। चंदौली गांव के युगल यादव ,कमलेश कुमार,अजय कुमार, करुणा गांव के सुरेंद्र यादव, बरुणा गांव के मंटू सिंह के घर विद्युत विभाग द्वारा विद्युत चोरी के विरुद्ध छपामारी की गई। पांचों बिजली उपभोक्ताओं द्वारा पूर्व से कनेक्श के विपत्र का भुगतान नहीं किये जाने के कारण विद्युत कनेक्शन काट दिया गया था।अवैध तरीके से इस लोगों के द्वारा विद्युत का उपयोग किया जा रहा था। युगल यादव को 32456रु, कमलेश कुमार को 50165 रु,अजय कुमार को 15423, सुरेन्द्र यादव को 29114रू एवं मंटू सिंह को 165908 रु फाइन किया गया। साथ ही पांचों पर रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि पांच लोगों पर विद्युत चोरी के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में विद्युत विभाग के सहायक विद्युत अभियंता अशोक राज, विद्युत अवर प्रमंडल अजीत कुमार, मानव बल अजीत कुमार, अन्य कर्मी शामिल रहे।

# औषधीय पौधो से भरा पड़ा है उमगा पहाड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद**। जिले के मदनपुर प्रखंड स्थित प्राचीन स्थल उमगा पहाड़ औषधीय पौधों से भरा है। बता दें कि उमगा पहाड़ पर २०० से अधिक औषधीय पौधों की पहचान की गई है। यह पौधो विभिन्न रोगों के लिए कारगर साबित होता है। दक्षिण भारत एवं हिमालय में पाए जाने वाले पौधे की प्रजाति भी पहाड़ पर है। पिकटोरिया पौधा दक्षिण भारत के जंगलों में पाया जाता है जो इस पहाड़ पर देखा गया है। इस पौधे का बीज दर्द की दवा में उपयोग होता है। बता दें कि इस पौधे की बीज को हाथी भी पसंद करते हैं। उमगा पहाड़ पर सतावर, गोखुल, कोरैया, मुसलीकंद, बिदारीकंद, गुड़मार, अष्टगंध, श्रृंगारहार समेत विभिन्न प्रजाति के पौधे उगे हैं। उमगा मंदिर के पुजारी दिलीप पाठक के अनुसार पहाड़ पर कई प्रजाति के औषधीय पौधे हैं। पहाड़ की सबसे ऊपरी चोटी पर गौरी शंकर मंदिर के पास मुसलीकंद पाया गया है। जो कीमती बिक्री होता है। बिदारीकंद दुर्लभ पौधा है। गुड़मार का पौधा डायबिटिज मरीजों के लिए कारगर साबित होता है। कोरैया का बीज लीवर की दवा बनाने के उपयोग में किया जाता है। मदनपुर से काफी मात्रा में इसका बीज दवा बनाने के लिए बाहर जाता है। उमगा पहाड़ पर काफी मात्रा में औषधीय पौधे की प्रजाति पाई गई है। पिकटोरिया पौधा की प्रजाति उमगा पहाड़ पर है। यह पौधा दक्षिण भारत में भी पाया जाता है। पौधा की जानकारी विशेषज्ञों को पूर्व में ही दी गई है।

# चतुर्थ राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव संपन्न

## संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में स्तरीय नाटकों का मंचन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** शहर के दिनकर कला भवन में रंग संस्था द प्लेयर्स एक्ट द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित चतुर्थ राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव बुधवार को सम्पन्न हो गया। मंगलवार की रात्रि आयोजन के समापन दिवस पर न्यू एज थिएटर बिहार की नाट्य प्रस्तुति आषाढ़ का एक दिन का मंचन किया गया। मदन मोहन गुगलानी उर्फ मदनमोहन राकेश उर्फ मोहन राकेश उर्फ राकेश एक संवेदनशील व्यक्ति के रूप में अत्यन्त चुनौतीपूर्ण चरित्र और रचनाकार के रूप में आधुनिक भारतीय और विशेषतः हिंदी रंगकर्म के एक शीर्षस्थ नाटककार रहे हैं। हिंदी साहित्य में मोहन राकेश द्वारा लिखित 'आषाढ़ का एक दिन एक युगांतरकारी रचना है। जिसे हिंदी का पहला आधुनिक नाटक भी माना जाता है। यह कृति महाकवि कालिदास के व्यक्तिगत जीवन, उनकी रचनात्मकता और उनकी प्रेमिका मल्लिका के निःस्वार्थ प्रेम के जटिल संघर्षों पर आधारित है। उनके काव्यो की नायिका हमेशा मल्लिका ही रही। यह प्रसिद्ध कवि कालिदास के जीवन का किस्सा है। तब का जब वह प्रसिद्ध नहीं थे। दो सत्रों में आयोजित कार्यक्रम में नाट्य मंचन से पहले मुख्य अतिथि व देश के जाने माने नाट्य निर्देशक, अवतार साहनी, नाटककार, निर्देशक एवं संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली के उप सचिव सुमन कुमार, पूर्व महापौर उपेन्द्र प्रसाद सिंह, बरौनी रिफाइनरी के इडी सत्य प्रकाश, सी एस भाष्कर हजारिका, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राज किशोर सिंह, अचिन्त्य शर्मा, विश्व रंजन कुमार सिंह राजू, संस्था अध्यक्ष समीर शेखर, आचार्य सुदामा गोस्वामी और कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार साहनी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। मंच पर उपस्थित अन्य सम्माननीय अतिथियों को संस्था के सचिव चन्दन कुमार सोनू, रंग गुरु कुंदन कुमार, कोषाध्यक्ष रमण चन्द्र वर्मा के द्वारा पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, प्रतिक चिन्ह से सम्मानित किया गया।

# महिला साइकिलिस्ट का डीआईजी ने किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** जिले में मंगलवार को कई देशों की साईकिल यात्रा करते हुए नेपाल के रास्ते बेगूसराय पहुँचीं प्रसिद्ध साइक्लिस्ट एवं पर्वतारोही समीरा खान ने डीआईजी से की मुलाकात। मंगलवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री भारती से साइक्लिस्ट एवं पर्वतारोही समीरा खान ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने वुमेन इमपावरमेंट हेतु चलाए जा रहे इस अभियान की विस्तृत जानकारी दिया। उनके द्वारा भारत में साइक्लिंग करते हुए विभिन्न राज्यों के विभिन्न जिलों में भ्रमण कर विद्यालयों में जाकर वुमेन इमपावरमेंट हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने उन्हें अभियान हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी किया। इधर 27 देशों की यात्रा करते हुए नेपाल के रास्ते साइकिल द्वारा बेगूसराय पहुँचीं श्रीमती खान का सेंट जोसेफ पब्लिक स्कूल, काली नगर परिसर में भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन एवं गरिमा के साथ उनका अभिनंदन किया।इस अवसर पर समीरा खान ने महिला सशक्तिकरण पर अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज की बेटी सक्षम है और आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प तथा मेहनत के बल पर दुनिया में अपनी अलग पहचान बना सकती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के चेयरमैन अभिषेक कुमार सिंह, प्राचार्या अनिता तलवार, वाइस प्रिंसिपल प्रशांत कुमार तथा पब्लिक रिलेशन ऑफिसर रिशिका एवं माधुरी ने बच्चों की उपस्थिति में समीरा खान को शल एवं माला देकर सम्मानित किया।

# मधुबनी ने समस्तीपुर को किया पराजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** यमुना भगत स्टेडियम खेलगांव बरौनी में मिथिला विवि अंतर महाविद्यालय फुटबल पुरुष के फाइनल में बुधवार को एमटीटी कलेज मधुबनी ने समस्तीपुर को 1-0 से पराजित किया। मधुबनी की टीम, समस्तीपुर कलेज समस्तीपुर को 1-0 से पराजित कर प्रतियोगिता की विजेता बनी। ज्ञात हो कि यह टूर्नामेंट एपीएसएम कॉलेज बरौनी के नेतृत्व में आयोजित की गई थी। मैच के उपरांत समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रफी एवं शील्ड से सम्मानित किया गया। एपीएसएम कलेज बरौनी की टीम इस प्रतियोगिता में तीसरे व एमएलएसएम कॉलेज दरभंगा की टीम चौथे स्थान पर रही। समापन समारोह कार्यक्रम के प्रारंभ में इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. मृत्युंजय कुमार सिन्हा व विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर कृष्णदेव प्रसाद सिंह का स्वागत सह सम्मान महाविद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश कुमार द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में खेल भावना और खेल के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रतिभाशाली युवाओं को प्रेरित किया। महाविद्यालय प्रधानाचार्य डा. मुकेश कुमार ने सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति के सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। एकेडमिक के साथ-साथ एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटी एवं खेल छात्रों को जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई दी। चयन समिति के सदस्यों रेफरी और स्वास्थ्य कर्मियों को भी महाविद्यालय प्रधानाचार्य ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति देकर सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की ओर से मनीष राज तकनीकी पर्यवेक्षक एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सदस्यों में मोहम्मद दानिश, राहुल कुमार। अशोक कुमार झा एवं अमित कुमार अहम भूमिका रही। इस अवसर पर महाविद्यालय की ओर से डा. सुशील कुमार, डा. मनोज कुमार, डा. श्रवण कुमार, डा. मोहन कुमार, चंदन कुमार, आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच का संचालन डा. नंदकिशोर पंडित द्वारा किया गया।

# कर्मचारियों के प्रेरणा स्रोत हैं डीएस नाकरा : डा. सुरेश

## पेंशनर समाज के चुनाव में जिला सभापति डा सुरेश राय व उपसभापति रामस्वरूप पासवान हुए निर्वाचित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बेगूसराय।** जिला बिहार पेंशनर समाज के द्वारा पेंशनर दिवस एवं वार्षिक अधिवेशन सह सम्मान समारोह का बुधवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पूर्व स्मृतिशेष पूर्व जिलाध्यक्ष रामपक्ष सिन्हा सेवानिवृत्त सत्र एवं न्यायधीश एवं डी एस नाकरा साहब के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सचिव, जिला विधिक प्राधिकार, करूणा नीधि प्रसाद आर्या ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पेंशन सभी कर्मचारियों की जिंद्गी है। पेंशन सम्मान से जीने का सहारा है और अधिकार भी। विशिष्ट अतिथि जिला परिवहन पदाधिकारी राजीव कुमार ने कहा कि सभी पेंशनर हमारे अभिवावक समान हैं। मेरी जरूरत जहां पर पड़ेगा हम उनके लिए तैयार रहेंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सभापति डा. सुरेश प्रसाद राय ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. राय ने कहा कि आज पूरे देश के शिक्षकों, पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को जो पेंशन मिल रहा है। वो हमारे स्मृतिशेष डी एस नाकरा साहब एवं सर्वोच्च न्यायालय के तत्कालीन चीफ जस्टिस वी वाई चंद्रचूड़ की देन है। डा. राय कहा कि मैं केंद्र सरकार और बिहार सरकार से मांग करता हूं कि वर्ष 2004 से बंद पुरानी पेंशन योजना को लागू किया जाए। कार्यक्रम में 80 वर्ष से अधिक उम्र के 5 वरिष्ठ पेंशनरों को सम्मानित किया गया। बिहार पेंशनर समाज जिला शाखा बेगूसराय के चुनाव में जिला सभापति डा. सुरेश प्रसाद राय, उपसभापति राम स्वरूप पासवान, राजेन्द्र नारायण सिंह, जिला सचिव प्रसिद्ध नारायण शर्मा, संयुक्त सचिव सुरेश प्रसाद सिंह (सुरेश चौहान), डा. अर्जुन राय, संगठन सचिव मो सलीम उद्दीन, अंकेक्षक डा. सुबोध कुमार के साथ -साथ 12 कार्यकारणी सदस्य निर्वाचित हुए।

# सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**राजमिस्त्री का काम करते हैं दोनों युवक**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के नावकोठी रजाकपुर पथ के महावीर शर्मा मिल के समीप मंगलवार की देर शाम मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो बाइक सवार जख्मी हो गये। जख्मी रजाकपुर के टीभन साह का पुत्र फूलचन कुमार तथा रतन राय है। जख्मियों को राहगीरों ने इलाज के लिए पीएचसी लाया। परिजनों ने बताया कि दोनों राजमिस्त्री का काम करते हैं। काम समाप्त करने के बाद एक ही बाइक से घर वापस जा रहे थे। महावीर शर्मा मिल के पास बाइक अनियंत्रित होकर गढ्ढे में चला गया। जिससे वे दोनों जख्मी हो गए। नावकोठी से रजाकपुर जाने वाले राहगीरों ने उसे जख्मी हालत में गढ्ढे में देखा। उन्हें गढ्ढे से निकाल कर इलाज हेतु पीएचसी नावकोठी पहुंचाया। दुर्घटना के संबंध में जानकारी मिलते ही परिजन तथा काफी संख्या में ग्रामीण पीएचसी पहुंचे। प्राथमिक चिकित्सा के बाद फूलचंद की गंभीर स्थिति के मद्देनजर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय रेफर कर दिया गया है।

# परीक्षा पे चर्चा का रजिस्ट्रेशन हुआ धीमा

## लक्ष्य के अनुरूप पंजीयन कार्य को पूरा कराने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की जाने वाली परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में अगले वर्ष परीक्षा आयोजित की जायगी। जिसमे भाग लेने वाले छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों के निबंधन की गति काफी धीमी हो गई है। पंजीयन की धीमी गति पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने चिंता व्यक्त करते हुए लक्ष्य के अनुरूप पंजीयन कार्य को पूरा कराने का निर्देश विभागीय अधिकारी को दिया है। इसके लिए प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को माध्यमिक शिक्षा के सहायक निदेशक वीडियो कांफ्रेंसिंग से समीक्षा भी करेंगे। इसी को ले डीपीओ सर्व शिक्षा अभियान बेगूसराय ने सभी प्रधान को निर्देश जारी किया है। निर्धारित समय सीमा तक दिए गए लिंक पर बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों से पंजीकरण कराने को कहा गया है। प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को सहायक निदेशक (मा शि) के द्वारा अपराह्न चार बजे से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की जाएगी।

# नवादा हत्याकांड के विरोध में जोकीहाट में उबाल, भेभड़ा चौक पर विरोध-प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**अररिया।** नवादा में एक मुस्लिम युवक की निर्मम हत्या और कथित मॉब लिंचिंग की घटना के विरोध में बुधवार को जोकीहाट प्रखंड के भेभड़ा चौक पर जबरदस्त जनआक्रोश देखने को मिला। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के बैनर तले आयोजित इस विशाल विरोध प्रदर्शन में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और नफरती हिंसा के खिलाफ एकजुट होकर इंसाफ की मांग की।

धरना-प्रदर्शन के दौरान भेभड़ा चौक नारेबाजी से गूंजता रहा। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी, कड़ी सजा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। इस मौके पर मौलाना शाहनवाज, कारी मंजूर, मुफ्ती हुसैन हमदम, सरवर आलम कासमी, मुदस्सिर, राघिब और डॉ. जमशेद सहित कई प्रमुख उलेमा और सामाजिक बुद्धिजीवी मौजूद रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि नवादा की घटना मानवता पर गहरा धब्बा है और यह साबित करती है कि बिहार में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि अल्पसंख्यकों को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की कि हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार कर फांसी की सजा दी जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग उठाई गई। एस डी पी आई नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने 24 घंटे के भीतर दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के अंत में यह संदेश दिया गया कि समाज अब जुल्म और अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेगा और इंसाफ मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा।

# दो दिवसीय प्रखंडस्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत, औरंगाबाद के रफीगंज प्रखंड में स्वामी विवेकानंद युवा क्लब खंडवा के तत्वाधान में क्लस्टर आधारित प्रखंडस्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को आर बीआर खेल मैदान रफीगंज में किया गया। कार्यक्रम के अतिथिगण ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर रफीगंज के माय भारत स्वयंसेवक सत्यम कुमार ने सभी अतिथियों व रिसोर्स पर्सन को मेरा युवा भारत के स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंच संचालन स्वयंसेवक चंद्र प्रकाश उर्फ हार्दिक ने युवाओं को उत्साह पूर्वक संचालित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार, दारोगा उमेश कुमार ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि आज का युग अवसरों का युग है। युवा अपनी क्षमताओं और सकारात्मक सोच से न केवल अपने जीवन को संवार सकते हैं, बल्कि समाज एवं राष्ट्र के विकास व निर्माण में भी अहम भूमिका निभा सकते हैं जिसका एक माध्यम खेल कूद भी है। वहीं मदनपुर प्रखंड के स्वयंसेवक मनीष मिश्रा ने कहा कि राष्ट्र का भविष्य कक्षाओं और मैदानों में ही तैयार होता है, अतः युवाओं को खेल कूद को व्यवहार में उतारना चाहिए। वहीं माय भारत स्वयंसेविका गोल्डी कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कही कि भारत सरकार की प्रायोजित योजनाओं को इस कार्यक्रम के माध्यम से अपने क्षेत्र में धरातल तक पहुंचाए ताकि विकसित भारत 2047 का सपना पूर्ण हो सके। मौके पर गोह के स्वयंसेवक विद्या भूषण भारती, कोच प्रांशु कुमार सिंह, नगर मंत्री राहुल कुमार, भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष आलोक कुमार, राहुल कुमार, रंजन कुमार, अभिषेक कुमार सहित अन्य युवा मौजूद रहे।

# एरोसोल्स वैश्विक वायु प्रदूषण का प्रमुख घटक : प्रो मनु राज शर्मा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** वैश्विक वायु प्रदूषण की बढ़ती चुनौती और एरोसोल्स के पर्यावरणीय व स्वास्थ्य प्रभावों को समझने के उद्देश्य से ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय स्थित रिमोट सेंसिंग प्रयोगशाला में स्नातकोत्तर भूगोल विभाग के शोधार्थियों के लिए आई.आई.आर.एस इसरो के तत्वाधान में एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला एरोसोल्स मापन, पुर्नप्राप्ति एवं प्रभाव का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. अनुरंजन ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए इसे उच्च शोध के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। वहीं केंद्र के प्रभारी प्रो. डॉ. नौशाद आलम ने रिमोट सेंसिंग प्रयोगशाला के निरंतर सक्रिय कार्य दक्षता को सराहनीय बताया। कार्यशाला के पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. मनु राज शर्मा ने कहा कि एरोसोल्स आज वैश्विक वायु प्रदूषण का प्रमुख घटक बन चुके हैं और इनके अध्ययन के बिना जलवायु परिवर्तन, शहरी प्रदूषण तथा स्वास्थ्य प्रभावों को समझना संभव नहीं है। कार्यशाला में कुल बारह शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने भाग लिया। आमंत्रित विशेषज्ञ वक्ताओं ने एरोसोल्स के प्रकार, उनकी सूक्ष्म भौतिकी, रासायनिक संरचना तथा पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर प्रकाश डाला। विशेष रूप से गंगा के मैदानी क्षेत्रों में शीत ऋतु के दौरान महानगरों में स्मॉग (रासायनिक कुहासा) की गंभीर समस्या, भारतीय नगरों में प्रदूषण की वर्तमान स्थिति, निर्माण उद्योग और ज्वालामुखीय गतिविधियों के वायु गुणवत्ता पर प्रभाव तथा ऋतु परिवर्तन के साथ प्रदूषण के स्वरूप में बदलाव पर चर्चा की गई। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि वर्ष 2021 में वैश्विक स्तर पर लगभग 8.1 मिलियन लोगों की मृत्यु वायु प्रदूषण से जुड़ी समस्याओं के कारण हुई। कार्यशाला में विभागीय शिक्षक डॉ. रश्मि शिखा, डॉ. सुनील सिंह एवं डॉ. रानी सिंह की प्रशंसनीय रही। तकनीकी सहयोग एवं संचालन के लिए इंजीनियर मुकुंद माधव व राहुल कुमार की सक्रिय भागीदारी ने कार्यशाला को सफल बनाया।

# अखिल भारतीय किसान महासभा का धनरूआ मुख्यालय पर विरोध-प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले बुधवार को धनरूआ प्रखंड मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि प्रखंड प्रशासन की उदासीनता से किसानों को खाद बीज सरकारी मूल से डेढ़ 2 गुना पर मिल रहा है और किसान लेने को मजबूर है और अभी तक धान की खरीद शुरू नहीं होने से किसान औने पौने दाम में बिचौलियों के हाथ बेचने को मजबूर है। लोगों ने बताया कि धनरूआ प्रखंड में दर्जनों नलकूप है लेकिन सभी मृत प्राय है प्रखंड में कहीं भी एक भी नलकूप चालू की अवस्था में नहीं है और किसानों पर बिजली बिल का मार अलग से है। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग किया की कृषि कार्य के लिए मुफ्त बिजली मुहैया करो, किसानों के फसलों का एमएसपी ए2 प्लस 50 परसेंट पर खरीद की कानूनी गारंटी करने, सभी बंद नलकूपों को पटवन के लिए चालू करने और पटवन के लिए आहार फाइन को व्यवस्थित करे और सभी किसानों से धान खरीद अभिलंब चालू करने और उड़ीसा की तर्ज पर प्रति कुंतल 1000 बोनस दे और बिहार में मंडी सिस्टम चालू करे। इत्यादि सवालों को लेकर धनरूआ के प्रखंड विकास पदाधिकारी को मांग पत्र दिया गया। मौके पर किसान नेता कामरेड निरंजन वर्मा कामरेड चितरंजन पासवान कामरेड श्याम बाबू प्रसाद, कामरेड मुन्ना वर्मा माले प्रखंड सचिव कामरेड अकलू पासवान कामरेड वीरेंद्र प्रसाद कामरेड जितेंद्र राम कॉमरड खुर्शीद अंसारी, कामरेड सिद्धेश्वर दास इत्यादि शामिल रहे।

# नेशनल फाउंडेशन सह रिसर्च फाउंडेशन हमारा लक्ष्य : कुलपति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**दरभंगा।** नेशनल फाउंडेशन विथ रिसर्च फाउंडेशन विथ लिब्रल एजुकेशन हमारा लक्ष्य है। पीएम उषा के अंतर्गत मेरु विश्वविद्यालय का दर्जा मिलने से हमारे सामने बड़ी चुनौती और ज़िम्मेदारी खड़ी है। हमें आईआईटी और आईआईएम के तर्ज पर स्वयं को विकसित करना होगा ताकि बदलते वैश्विक आवश्यकताओं के मापदंड पर खरा उतर सके। उन्नत शोध और स्वावलंबी सस्टेनेबल डेवलपमेंट के साथ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। उक्त बातें ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने कहीं। वे यूजीसी इंफ्लिबनेट सेंटर एवं ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला सह उपभोगता जागरुकता कार्यक्रम एक राष्ट्र एक सब्सक्रिप्शन सदस्यता (ओनोस भारत) के भव्य आयोजन को संबोधित कर रहे थे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति ने आगे कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित ओनोस भारत वट वृक्ष समान है, जिसके नीचे गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रणाली विकसित होगी। यह समय की मांग है कि शिक्षक टीचिंग लर्निंग होराइजन में संलग्न हो शोधार्थियों का मार्गदर्शन करें। कुलपति ने ई- रिसोर्सेज से लबरेज़ पुस्तकालय की बात रखी। उन्होंने पुस्तकालय को किसी विश्वविद्यालय व कॉलेज की हृदयस्थली माना। कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में कुलसचिव दिव्या रानी हंसदा ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डा. अमिताभ कुमार और कार्यक्रम के संयोजक सह मेरू नोडल अधिकारी अमृत कुमार झा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उच्च शिक्षा विभाग के श्री जितेंद्र नायक, विनोद कुमार, आईक्यूएसी निदेशक डॉ मो. ज़्या हैदर, डॉ अंकित सिंह, डॉ अभिषेक कुमार राय, सुमित कुमार झा, सुनील कुमार पासवान और गणेश पासवान सहित अन्यों की भूमिका सराहनीय रही

# 10 हजार रिश्वत लेते आपूर्ति पदाधिकारी रंगे हाथ गिरफ्तार

## निगरानी विभाग ने कार्रवाई करते हुए दुल्हिन बाजार के एमओ को दबोचा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** पालीगंज अनुमंडल कार्यालय परिसर में बुधवार को निगरानी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दुल्हिनबाजार प्रखंड के आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार अकेला को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, एक डीलर को पूर्व में निलंबित कर दिया गया था। आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा उसकी डीलरशिप बहल करने एवं राशन आवंटन में प्रति क्विंटल 35 रुपये की अवैध राशि की मांग की जा रही थी। यह मांग उनके निजी दलाल हरिकांत उपाध्याय के माध्यम से डीलर विभा देवी से की जा रही थी। जब डीलर ने रिश्वत देने से इनकार किया तो उन्हें धमकाया जाने लगा। धमकी से परेशान डीलर विभा देवी ने पटना निगरानी विभाग में इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद निगरानी विभाग की टीम ने जाल बिछाया और तय योजना के अनुसार बुधवार को पालीगंज अनुमंडल कार्यालय परिसर में 10 हजार रुपये लेते समय आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार अकेला को पकड़ लिया। गिरफ्तारी की सूचना निगरानी टीम ने अनुमंडल पदाधिकारी गरिमा लोहिया को दी। इसके बाद निगरानी विभाग की टीम आरोपी पदाधिकारी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई के लिए अपने साथ पटना ले गई।



## 24 को बाणावर महोत्सव में शिरकत करेंगी मालिनी अवस्थी

**जहानाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** 24 दिसंबर को आयोजित बाणावर महोत्सव में देश की प्रसिद्ध लोक गायिका शिरकत करेंगी। प्रसिद्ध भारतीय लोक गायिका जिन्हें ठुमरी, दादरा, कजरी, चैती और अवधी-भोजपुरी लोकगीतों के लिए जाना जाता है। पद्मश्री से सम्मानित मालिनी अवस्थी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अविनीश अवस्थी की पत्नी हैं। मालिनी अवस्थी अपनी मधुर आवाज़ से भारतीय लोक संस्कृति की संरक्षक के रूप में प्रसिद्ध हैं। मालिनी अवस्थी ने शास्त्रीय संगीत में गहरी शिक्षा प्राप्त की और लोक संगीत को अपनी आवाज़ दी है। मोरे सैयां मिले लड़कईयां........ मैं क्या करूं। इस गाने से उन्हें खूब प्रसिद्धि मिली है। मालिनी अवस्थी के आगमन को लेकर जहानाबाद के लोग उस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं जब वाणावर महोत्सव में वो अपने आवाज से कार्यक्रम में जादू बिखेरेंगे।

## खेल क्लब बनने से गांव की छिपी हुई प्रतिभा को राष्ट्रीय फलक तक पहुंचने में मिलेगी मदद : विधान पार्षद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत मसौढ़ी प्रखंड के चयनित लखनौर बेदौली पंचायत में बुधवार को लोहिया खेल क्लब भवन निर्माण कार्य का विधान पार्षद रविंद्र सिंह कार्यप्रारंभ किया। मौके पर जदयू जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, जिला प्रभारी मनोरंजन गिरी, के अलावा जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर कार्य प्रारंभ कराया। विधान पार्षद रविंद्र सिंह ने कहा की नौ लाख रुपये की प्राकल्लन राशि से यह खेल भवन बनाये जा रहे हैं जो डेढ़ महीने के अंतराल में बनकर तैयार हो जायेगा। उन्होंने कहा कि सूबे की सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए गांव से लेकर शहर तक सुविधा मुहैया करा रही है। उन्होंने कहा कि इससे गांव की प्रतिभा जो अब तक छिपी हुई थी उसे राष्ट्रीय फलक तक पहुंचने में मदद मिल पायेगी। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के अंदर खेल के प्रति बढ़ावा देने का अपनी ओर से हरसंभव प्रयास कर रही है, पूरे मसौढ़ी प्रखंड में अब तक कुल 13 जगहों पर खेल क्लब निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जिसमें कुल 6 से अधिक जगह पर कार्य अंतिम चरण पर चल रहा है। मौके पर जदयू ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, संतोष चौधरी, पंचायत अध्यक्ष रंजीत कुमार वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।




## भागलपुर और आसपास के बच्चों को अब मेदांता पटना में मिलेगा दिल के छेद का विश्वस्तरीय और निःशुल्क इलाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना द्वारा आज होटल वैभव, भागलपुर में बच्चों की हार्ट सर्जरी और जन्मजात हृदय रोगों के उपचार को लेकर एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान यह घोषणा की गई कि भागलपुर, बांका और मुंगेर जैसे जिलों के बच्चों को अब हृदय रोग के इलाज के लिए दूसरे राज्यों में जाने की आवश्यकता नहीं है। इस महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता में मेदांता पटना के पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ. आशीष सप्रे, आईएपी भागलपुर एवं जीवन जागृति समिति के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिंह और जीवन जागृति समिति के सचिव सोमेश कुमार ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। डॉ. आशीष सप्रे ने जानकारी देते हुए कहा, 'भागलपुर क्षेत्र के अभिभावकों को यह जानना आवश्यक है कि यदि बच्चे का वजन न बढ़ रहा हो, दूध पीते समय पसीना आए या शरीर नीला पड़ रहा हो, तो तुरंत जांच कराएं। मेदांता पटना में बिहार सरकार के साथ पीपीपी मॉडल के तहत बच्चों की हार्ट सर्जरी और इलाज पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। पिछले एक साल में हमने 500 से अधिक सफल इलाज किए हैं और अब हम भागलपुर के बच्चों को भी यही सुविधा देना चाहते हैं। डॉ. अजय कुमार सिंह (अध्यक्ष, आईएपी भागलपुर और जीवन जागृति समिति) ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, 'मेदांता का यह कदम अंग क्षेत्र के बच्चों के लिए वरदान साबित होगा। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स और जीवन जागृति समिति यह सुनिश्चित करेगी कि पैसे की कमी या जानकारी के अभाव में किसी बच्चे का इलाज न रुके। सोमेश कुमार (सचिव, जीवन जागृति समिति) ने कहा कि समिति सुदूर गांवों में जागरूकता अभियान चलाएगी ताकि जरूरतमंद परिवार मेदांता और सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के समन्वयकों की उपस्थिति ने इस अभियान को और मजबूती दी। डॉ. अनमोल आनंद (जिला समन्वयक, आरबीएसके, भागलपुर), डॉ. भावना (आरबीएसके समन्वयक, जेएलएनएमसीएच भागलपुर), डॉ. अमित कुमार (जिला समन्वयक, आरबीएसके, बांका) और डॉ. संजय कुमार (जिला समन्वयक, आरबीएसके, मुंगेर) ने बताया कि कैसे बाल हृदय योजना के तहत बच्चों को चिह्नित कर मेदांता भेजा जाएगा। इस अवसर पर आईएपी भागलपुर के सचिव डॉ. सुदर्शन भी मौजूद थे और उन्होंने बाल रोग विशेषज्ञों से अपील की कि वे लक्षणों वाले बच्चों को समय रहते रेफर करें ताकि उनका जीवन बचाया जा सके।



## 100 लीटर देसी शराब के साथ सप्लायर गिरफ्तार

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान बुधवार को लहसुना पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सत्यापन करते हुए उस्मानचक बस स्टैंड के पास एक बाइक पर लदे हुए पॉलिथीन में भरे हुए 100 लीटर शराब को जप्त किया है। मौके पर शराब धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया है गिरफ्तार युवक का नाम गौतम कुमार है। लहसुन थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि गिरफ्तार शराब धंधेबाज नियामतपुर मुसहरी से शराब लेकर मोटरसाइकिल के जरिए मसौढ़ी कोर्ट की ओर सप्लाई करने जा रहा था, जिसे सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है।

## प्राथमिक विद्यालय में मीरचक में शिक्षिका का विदाई सह सम्मान समारोह

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी प्रखंड के मीरचक प्राथमिक विद्यालय में पिछले 8 साल से प्रतिनियोजित शिक्षक के रूप में सेवा दे रही शोभा कुमारी का बुधवार को विदाई समारोह सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संकुल व्यवस्थापक उमाशंकर, संकुल समन्वयक दौलतपुर शिव शंकर की उपस्थित में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षक दीपक शर्मा ने बताया कि शोभा कुमारी प्राथमिक विद्यालय अनौली की शिक्षिका है,जो लगभग आठ वर्ष तक प्राथमिक विद्यालय मिरचक मे प्रतिनियोजित रही है।शोभा कुमारी 2003 से शिक्षा मित्र के रुप मे प्राथमिक विद्यालय अनौली मे कार्यरत थी, इनका स्वभाव मेहनत और व्यवहार काफी छात्रों को प्रति कुशल रहा है। वर्ष 2017 से 25/11/2025 तक प्राथमिक विद्यालय मिरचक मे प्रतिनियोजित रही।प्रधान शिक्षक सोनी कुमारी ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। अमरेंद्र कुमार प्रभारी प्रधानाचार्य अमरेंद्र कुमार ने तैलचित्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर डोमन चौधरी, भरोसा गिरी, मनोज कुमार, महेश शर्मा,रविकांत कुमार, सत्येन्द्र कुमार, कल्पना कुमारी, संध्या रानी, प्रतिमा कुमारी वर्मा, राखी कुमारी, विभा कुमारी, सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर गांव-गांव में जागरूकता, 'मॉडल सोलर विलेज' बनाने का लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर मसौढ़ी विधुत प्रमंडल की ओर से गांव-गांव में जागरूकता जोर-शोर से फैलाई जा रही है। वहीं इस योजना को जन-जन तक पहुँचाने के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया है। ऐसे में अब तक मसौढ़ी अनुमंडल में कुल 160 उपभोक्ताओं ने कनेक्शन ली है। बताया जाता है की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' देश को आत्मनिर्भर और स्वच्छ ऊर्ज़ा वाला बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मसौढ़ी विद्युत प्रमंडल के विधुत कार्यपालक अभियंता पवन कुमार ने बताया कि सोलर पैनल लगाने पर सरकार की ओर से अनुदान भी दिया जाता है, सौर ऊर्ज़ा सिस्टम लगने के बाद हर महीने का बिजली का बिल लगभग शून्य हो जाएगा। यदि कोई परिवार सोलर पैनल से अधिक बिजली बनाता है, तो उसे बिजली विभाग को बेचकर कमाई भी की जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि यह योजना केवल पैसों की बचत के लिए नहीं, बल्कि धरती की रक्षा का माध्यम भी है, क्योंकि सौर ऊर्ज़ा प्रदूषण मुक्त होती है।उन्होंने कहा कि सौर ऊर्ज़ा से गांव में 24 घंटे बिजली उपलब्ध रहेगी, जिससे खेतों की सिंचाई आसान होगी और बच्चों की पढ़ाई के लिए पर्याप्त रोशनी मिलेगी। इससे हर परिवार की आमदनी भी बढ़ेगी। प्रधानमंत्री का सपना है कि हर घर रोशन हो और हर परिवार आत्मनिर्भर बने, और 'सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' इसी दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। ग्रामीणों से इस योजना से जुड़ने, अपनी छत पर सौर ऊर्ज़ा पैनल लगाने और बिजली बिल से मुक्त होकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। जागरूकता अभियान के जरिये ग्रामीणों को योजना के फायदे, सब्सिडी की जानकारी और आवेदन की प्रक्रिया समझाई जा रही है।योजना के तहत एक 'मॉडल सोलर विलेज' बनाने का भी लक्ष्य है, ताकि अन्य गाँव इससे प्रेरित हो सकें। पंचायतों में अपने-अपने क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। योजना के बारे में अधिक जानकारी और आवेदन के लिए आप राष्ट्रीय पोर्टल pmsuryaghar.gov. in पर जा सकते हैं।

## शराब कारोबारी गिरफ्तार

**मंसूरचक।** थाना क्षेत्र के समसा एक पंचायत के वार्ड संख्या 3 से पुलिस ने एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। जिसे थाना ले आने के बाद आरोपी के परिजनों और सहयोगी के द्वारा जमकर बबाल किया है। थानाअध्यक्ष ने इस संबंध में लिखित आवेदन देकर कर मामला दर्ज किया है। जिसमे सरोज ठाकुर के घर के पास बीस से पच्चीस व्यक्ति महिला पुरुष जान से मारने की नियत से और सिपाही से राइफल छिनने लोहे का रड से हमला किया। थानाध्यक्ष गोविन्द कुमार पाण्डेय ने बताया कि काफी समझाया गया फिर भी सभी लोग षड़यंत्र के तहत मारपीट घक्का मुक्की किया।

## पुलिस ने 1500 किलो जावा महुआ किया नष्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान बुधवार को नये थानाध्यक्ष विवेक भारती के नेतृत्व में मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तुलसीचक, नहवां, शहाब आदि कई गांव के मुसहरों में सघन छापेमारी चलाते हुए दर्जनों अवैध भठ्ठी को ध्वस्त किया गया है। जहां जमीन के अंदर गाड़े गए ड्रम में सड रहे महुआ को नष्ट किया गया है। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया की इन दिनों लगातार विभिन्न गांव से धड़ल्ले से देसी शराब बनाने की शिकायतें मिल रही थी, जिसे सूचना सत्यापन करते हुए बुधवार को कई टीम गठित करते हुए विभिन्न गांव के मुसहरी में छापेमारी की गई है। छापेमारी के दौरान शराब बनाने वाले शराब धंधेबाज भागने में सफल रहे हैं। कई जगह पर जमीन के अंदर ड्रम गाड़े गए थे जिन्हें खोद कर निकाले गये है। तकरीबन 1500 जावा महुआ को नष्ट किया गया है। दरअसल आने वाले न्यू ईयर को लेकर धड़ल्ले से वृहद पैमाने पर शराब बनाने की तैयारी चल रही हैं। जिसको लेकर मसौढ़ी पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न मुसहरी में सघन छापेमारी चलकर भठ्ठीया ध्वस्त की जा रही है।

## गोगो गांव जाने वाली सड़क बदहाल

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के नबीनगर प्रखंड के ठेंगों पंचायत के उतरी व दक्षिणी गोगो गांव में सड़क की स्थिति इन दिनों काफी बदहाल हो गई है। ग्रामीण कच्ची सड़क से होकर गुजरने को मजबूर हैं। गांव में पक्की सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। खासकर बारिश के दिनों में परेशानी ज्यादा बढ़ जाती है।

## 525 मोतियाबिंद के मरीजों का कराया गया ऑपरेशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** कहलगांव स्थित एनटीपीसी के उच्च ताप विद्युत परियोजना मे आयोजित निःशुल्क मोतियाबिंद आंख ऑपरेशन शिविर बुधवार को संपन्न हुआ। कहलगांव परियोजना के नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत जीवन ज्योति अस्पताल एवं सृष्टि समाज के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कोलकाता से आए डीबीआई फाउंडेशन के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुनील खुराना और एनटीपीसी अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ बृजेश कुशवाहा ने पारा मेडिकल स्टाफ के सहयोग से कुल 525 मोतियाबिंद मरीजों के आंखों का सफल ऑपरेशन किया। सभी मरीज इस परियोजना से सटे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए हैं। शिविर में भर्ती सभी मरीजों के को डिस्चार्ज (विदाई) के मौके पर बुधवार को परियोजना प्रमुख रविन्द्र पटेल, सृष्टि समाज की अध्यक्षा अर्चना पटेल एवं अन्य महाप्रबंधकों ने सभी मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी किट्स प्रदान करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। जबकि सृष्टि समाज की अध्यक्षा अर्चना पटेल, मधुमिता परिदा, उषा कुमारी, वंदिता पात्रा, रीता रजक, संगीता गुप्ता आदि ने मरीजों के बीच दवाई, चश्मा, कंबल आदि सामान का वितरण किया। इधर लगातार पांच दिनों तक सृष्टि समाज की सभी सदस्यों ने अपने हाथों से मरीजों को भोजन कराई। अस्पताल की सीएमओ डॉ सुष्मिता के नेतृत्व में सभी चिकित्सक तथा कर्मचारी सक्रिय रुप से मरीजों की देखभाल की। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी के कहलगांव विधुत परियोजना में आयोजित यह शिविर जरुरतमंद एवं वंचित वर्ग के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## रिपब्लिक डे कैंप 2026 हेतु अभिजीत राज का चयन मुंगेर विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि : कुलपति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंगेर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (भारत सरकार) और क्षेत्रीय निदेशालय पटना के क्षेत्रीय निदेशक विनय कुमार के पत्रानुसार गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2026 के लिए मुंगेर विश्वविद्यालय से अभिजीत राज का चयन किया गया है। अब अभिजीत राज राष्ट्रीय स्तर पर मुंगेर विश्वविद्यालय का और बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। गणतंत्र दिवस परेड शिविर का आयोजन 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। 1 महीने के इस कैंप में शैक्षणिक गतिविधियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, 26 जनवरीको कर्तव्य पथ पर परेड, ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण, भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मुलाकात इत्यादि कार्यक्रम होंगे। मुंगेर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने बताया कि अभिजीत राज राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक हैं और कोशी कॉलेज खगड़िया के छात्र हैं। बिहार के दो विश्वविद्यालय से दो स्वयंसेवकों का चयन किया गया है :- टी0 एम0 बी0 विश्वविद्यालय, भागलपुर मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर। रिपब्लिक डे कैंप के चयन के लिए पहले कॉलेज स्तर, दूसरा विश्वविद्यालय स्तर, तीसरा राज्य स्तरीय,उसके बाद सेंट्रल जोन और अंत में राष्ट्रीय स्तर पर चयन होता है। अभिजीत राज ने इन सभी स्तरों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और वह राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुए।चयनित प्रतिभागी ने मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय से शिष्टाचार मुलाकात की। चयनित स्वयंसेवक को कुलपति महोदय ने एनएसएस टी-शर्ट, कैप, बैच, मेडल, डायरी इत्यादि प्रदान कर सम्मानित किया। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ संजय कुमार ने कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय लगातार राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है।




## मसौढ़ी में पल्स पोलियो अभियान तेज, घर-घर बच्चों को पिलाई जा रही दवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** गांवों में पल्स पोलियो अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। अभियान के दौरान मसौढ़ी सीडीपीओ अनीता कुमारी ने कई गांव पहुंचकर अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने घर-घर जाकर चल रहे टीकाकरण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और मौके पर मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि पल्स पोलियो अभियान बच्चों के बेहतर और सुरक्षित भविष्य के लिए बेहद अहम है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।अभियान में आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और अन्य स्वास्थ्यकर्मी सक्रिय रूप से शामिल हैं। टीमों द्वारा बस्तियों, गली-मोहल्लों के साथ ही दूर-दराज के इलाकों में भी जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा रही है। इसके साथ ही घरों पर चिह्नांकन कर यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी बच्चों को दवा पिलाई जा चुकी है। इसके अलावा मसौढ़ी स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव की गलियों और घरों तक पहुंचकर बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाकर उन्हें पोलियो जैसी गंभीर और लाइलाज बीमारी से सुरक्षित करने में जुटी है। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रह जाए। पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत दुसरे दिन का कार्य की सघन मोनिटरिंग स्वास्थ्य विभाग मसौढ़ी द्वारा प्रखंड के भिन्न-भिन्न गांवों में की गई। जगहों पर कार्य कर रही टीम और पर्यवेक्षक का कार्यो की जांच की गई। सभी टीम को सख्त हिदायत दी गयी कि नवजात बच्चों को विशेष ध्यान दें। डब्ल्यूएओ कोर्डिनेटर इश्वरचंद सिह ने सभी पर्यवेक्षक को ससमय अपने-अपने टीमों द्वारा दवा प्रतिदिन उठाव को भी निर्देश दिया गया। टीम को अपने-अपने माइक्रोप्लान के अनुसार प्रतिदिन का कार्य का निष्पादन करने को कहा गया। निरीक्षण टीम में स्वास्थ्य प्रबन्धक, बीएएम चंद्रभूषण प्रसाद, डब्ल्यूएचओ आदी है।




### पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के नज़दीक, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **[वरिष्ठ डीईएन/4/ हावड़ा]: ई-निविदा संख्या: 227_2025-26, दिनांक: 15.12.2025। कार्य का विवरण:** सहायक अभियंता/रामपुरहाट के अधीन पीडब्ल्यूआई/पाकुड़ के अधीन 02 वर्षों की अवधि के लिए पाकुड़ क्वैरी का पुनरुद्धार एवं उसका रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 4,81,55,553.15। **बयाना राशि:** ₹ 3,90,800। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 24 (चौबीस) महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 07.01.2026 को दोपहर 2:00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत एवं जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान उपर्युक्त वेबसाइट के जरिये सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये स्वीकार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में सावधि जमा रसीद (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। (HWH-463/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**



### पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना संख्या: एफ-एमएफजी-वेरियस आइटम्स-100 बीवीसीएम-आरटी, दिनांक 15.12.2025।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (मैन्यूफैक्चरिंग), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **निविदा संख्या: एफ-एमएफजी-वेरियस आइटम्स-100 बीवीसीएम-आरटी** के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** 100 अदद बीवीसीएम के निर्माण के लिए एकल सेट में अनुलग्नक-क की क्रम संख्या 1 से 13 के अधीन विभिन्न मदों और साथ ही एकल सेट में अनुलग्नक-ख की क्रम संख्या 1 से 16 के अधीन सोलर सिस्टम जिसमें लाइट और पंखा शामिल है सहित चोरी-रोधक व्यवस्था तथा केबिन के अंदर फर्श पर पॉलीएमाइन एपॉक्सी रेज़िन फ्लोरिंग और अनुलग्नक-ग की क्रम संख्या 1 से 2 के अधीन केबिन-इंटीरियर में फ्लीट ग्राफिक्स फिल्म की आपूर्ति, फिटमेंट और शुरुआत। **कार्य का स्थान:** पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, मुंगेर (बिहार), पिन-811214। **विज्ञापित मूल्य:** ₹ 3,81,12,750। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 3,40,600। **पूरा करने की अवधि:** छह महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 12.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे। **निविदा अपलोड करने की तारीख एवं समय:** 17.12.2025 को अपराह्न 4.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। वेबसाइट का विवरण और सूचना पट्ट का स्थान जहाँ निविदा का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकता है: **www.ireps.gov.in** और www.er.indianrailways.gov.in तथा किसी भी कार्य दिवस को उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (मैन्युफैक्चरिंग), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर का कार्यालय। बोलीदाता सिर्फ निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी बोलियां जमा कर सकेंगे। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जायेगा। ठेकेदारों को इस निविदा के तहत बयाना राशि का भुगतान आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध भुगतान के तरीकों अर्थात नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि से करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, जमा रसीद, एफडीआर आदि के जरिये मैनुअल भुगतान की अनुमति नहीं है। (MISC-330/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

# औरंगाबाद में अबतक 6.39 प्रतिशत हुई धान की खरीद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले में धान खरीद की गति काफी धीमी है। जिले में धान अधिप्राप्ति के लिए 182 पैक्स और 10 व्यापार मंडल का चयन किया गया है। धान खरीद शुरू हुए एक महीना से अधिक समय पूरा हो चुका है, बावजूद इसके अब तक कुल लक्ष्य का मात्र 6.39 प्रतिशत ही धान ही खरीदा जा सका है। धान खरीद की प्रक्रिया शुरू होने के बाद पहले 30 दिनों तक पैक्स, व्यापार मंडल और राइस मिलों के बीच रस्साकस्सी चलती रही। सीधा असर धान खरीद पर पड़ा। राइस मिल, सहकारी बैंक और पैक्स की अंदरूनी कलह में पिसकर धान खरीद की रफ्तार बेहद धीमी हो गई। स्थिति यह है कि 32 दिन बीत जाने के बावजूद लक्ष्य का महज 7 प्रतिशत भी धान की खरीद नहीं हो सकी है। किसानों का कहना है कि वो बिचौलियों के हाथ से धान बेचने को मजबूर है। हाल के दिनों में आवश्यक बैठकों के बाद सभी समितियों को धान खरीद तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। खरीद में लापरवाही पर अधिकारियों और समिति सदस्यों को सख्त चेतावनी भी दी गई है। धान खरीद शुरू होते ही पैक्स और व्यापार मंडलों का राइस मिलों से टकराव शुरू हो गया है। धान में गुणवत्ता को लेकर समितियों की ओर से किसानों का धान लेने से मना कर दिया जा रहा है। नियमानुसार पैक्स अध्यक्ष किसानों से जो धान खरीदते हैं उसे मिलिंग करा कर एसएफसी को देना पड़ता है। एक क्विंटल धान के बदले एसएससी को 68 किलोग्राम चावल देना होता है लेकिन औरंगाबाद में एक क्विंटल धान को मिलिंग (कुटाई) कराने पर महज 60 किलोग्राम ही चावल ठहर रहा है। ऐसे में समितियों को 8 किलोग्राम चावल यानी 12 किलोग्राम अधिक धान मिलरों को देना होगा। क्योंकि समितियों की ओर से लिए गए एक क्विंटल धान के एवज में मिलर को एसएफसी को 68 किलोग्राम चावल देना होता है। अगर किसान धान बेचने के लिए पैक्स में जा रहे हैं तो पहले उनके धान की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। 68 किलोग्राम चावल नहीं ठहरने पर समितियों की ओर से धान का कम रेट लगाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में किसानों को एमएसपी का फायदा नहीं मिल पा रहा है। कृषि विभाग के अनुसार जिले में इस बार धान का उत्पादन पिछले साल की तुलना में अधिक हुआ है। पूरे जिले में लगभग 12 लाख मीट्रिक टन धान का उत्पादन हुआ है लेकिन जिले को महज 1.70 हेक्टेयर धान खरीद का लक्ष्य मिला है।

# पिकअप की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पिकअप की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। घटना नवीनगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड में हाई स्कूल के पास की है। मृतक की पहचान रफीगंज थाना क्षेत्र के कोना गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह के 22 वर्षीय पुत्र यशवंत कुमार उर्फ गोविंदा के रूप में की गई। पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल पहुंचे बलीगांव पंचायत के सरपंच मृतक के चाचा राणा रंग बहादुर सिंह ने बताया कि मेरा भतीजा डेहरी में रहता था। मंगलवार को वह अपने दोस्त डेहरी निवासी पप्पू के साथ नवीनगर थाना क्षेत्र के महुली गांव में मौसी के घर गया था। रात में दोनों बाइक पर सवार होकर एनटीपीसी होते हुए डेहरी लौट रहे थे। इस दौरान नबीनगर स्टेशन से पहले तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिसके कारण दोनों सड़क किनारे खेत में चले गए। रात का समय होने के कारण दोनों काफी देर तक घटनास्थल पर ही पड़े रहे। बुधवार की सुबह पप्पू ने घटना की जानकारी पुलिस और मृतक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची व शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। सूचना पर परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि यशवंत दो भाइयों में छोटा था। वह शिवगंज में मोबाइल दुकान चलाता था। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। कोना गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। पिकअप चालक की पहचान की जा रही है।

## वृद्ध चाचा की मौत के बाद सदमे से भतीजा ने तोड़ा दम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां बुजुर्ग चाचा की मौत के बाद सदमे में भतीजे की भी हार्ट अटैक से मौत हो गई। घर में एक साथ दो लोगों की मौत हो जाने से न केवल परिवार के लोग सदमे में हैं बल्कि पूरे गांव में शोक व्याप्त हैं। दोनों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के मौखेता गांव का है। मृतक की पहचान उस गांव निवासी समाजसेवी 60 वर्षीय सिद्धि सिंह एवं 55 वर्षीय अजय कुमार सिंह के रूप में की गई है। चाचा-भतीजे की एक ही दिन हुई इस मौत ने पूरे माहौल को गमगीन कर दिया। जानकारी के मुताबिक पहले चाचा सिद्धि सिंह की मौत हो गई तो वहीं करीब आठ घंटे बाद सदमे से भतीजे अजय की मौत हो गई। पूर्व सैनिक जेपी सिंह ने बताया चाचा की अर्थी निकली नहीं कि भतीजे की मौत हो गई। परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की जानकारी मिलते ही श्मशान घाट पर जन सैलाव उमड़ पड़ा। घोडाडिहरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह, पूर्व सैनिक जेपी सिंह, मनोज कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# हत्या सहित अन्य मामलों में 56 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 56 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 18 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के शीर्ष में एक, हत्या के प्रयास में 6, शराब कांड में 11 एवं अन्य शीर्ष कांड में 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 19 लीटर देसी शराब, 1 पिकअप एवं 1 बाइक बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 952 वाहनों की जांच की गई जिसमें 66000 रूपये बरामद किया गया है। इसके अलावा 30 वारंट एवं 3 कुर्की का निष्पादन किया गया है। विदित हो कि एसपी अम्बरीष राहुल के आदेश पर पुलिस के जरिए लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। एसपी कि माने तो पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके, उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों की जांच में तेजी लाएं और समय रहते गंभीर अपराधों का खुलासा करें।

# विधायक ने किया 'आओ तमिल सीखें' अभियान का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** भारत सरकार द्वारा निर्देशित राष्ट्रीय भाषा उत्सव के क्रम में पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, डीइओ सुरेन्द्र कुमार एवं विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर 'आओ तमिल सीखें' अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक ने कहा कि सरकार की राष्ट्रीय भाषा उत्सव अभियान बहुत ही महत्वपूर्ण है और इसके दूरगामी फलाफल दिखेंगे।आरंभिक विद्यालयों में सीखने की क्षमता तेज होती है इसलिए उन्होंने इस प्रयास के लिए अनुग्रह स्कूल के प्राचार्य उदय कुमार सिंह को साधुवाद दिया। उन्होंने अध्यापकों एवं बच्चों से अपील की कि मातृभाषा के अतिरिक्त चार-पांच भाषा बच्चों को अवश्य सिखलाएं। तमिल की महत्ता तो काफी है ओर बच्चे तमिल सीखकर उसके विपुल साहित्य का भी साक्षात्कार कर सकेंगे। अधिक भाषाई क्षमता अन्ततः भारत की एकता को समृद्ध करेंगे और श्रेष्ठ भारत का निर्माण करेंगे। डीइओ सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि हाल ही में राष्ट्रीय भाषा उत्सव के क्रम में हर दिन अलग अलग विमर्शों पर स्कूलों में कार्यक्रम हुआ है जिससे अधिक भाषाओं को सीखने की ललक बच्चों में पैदा हुई है। डीईओ ने विधायक की उनके स्कूलों में दिख रही सक्रियता को बहुत ही अर्थपूर्ण बताया। विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने विधायक द्वारा आरम्भ किया जा रहा इस अभियान की गूंज दूर तक जाएगी एवं अलग अलग भाषाओं को सीखने की उत्सुकता भी बच्चों में बढ़ेगी। विद्यालय में तमिल क्लब गठित कर दिया गया है एवं तमिल सिखाने की बेसिक बुक्स भी काशी तमिल संगम से प्राप्त कर लिया गया था जिसका लोकार्पण विधायक एवं डीइओ के द्वारा किया गया। प्राचार्य ने तमिल के साथ साथ संस्कृत एवं उर्दू क्लब के गठन की भी घोषणा की। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका मंजू कुमारी ने किया। कार्यक्रम में अनुग्रह इंटर स्कूल के प्राचार्य अजय कुमार सिंह, शिक्षक पिंकू सिंह, सुनील कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, ऋषि कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# तीसरी बार महाराजगंज पैक्स की अध्यक्ष बनी विनीता देवी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत महाराजगंज पैक्स चुनाव में एक बार फिर विनीता देवी ने जीत हासिल किया है। इन्होंने लगातार तीसरी बार अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया है। चुनाव के बाद देर रात तक चली मतगणना के बाद परिणाम की आधिकारिक घोषणा की गई। विनीता देवी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी नीलम देवी को 109 मतों से पराजित किया। चुनाव परिणाम की जानकारी देते हुए निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) प्रियांशु बसु ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए कुल तीन प्रत्याशी मैदान में थे। मतगणना में विनीता देवी को 926 मत हासिल हुए, जबकि नीलम देवी को 817 मत मिले। तीसरे प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद सिंह को मात्र 42 मतों से संतोष करना पड़ा। कुल 1950 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें से 165 मत रद्द घोषित किए गए। विनीता देवी की जीत की घोषणा होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। बाहर निकलते ही समर्थकों ने फूल मालाओं से लाद दिया। परिणाम घोषित होने के बाद आरओ की ओर से विजयी प्रत्याशी विनीता देवी को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कोटिवार सदस्य पद पर विजयी हुए सदस्यों को बुधवार को प्रमाण पत्र दिया गया।

# ग्राहकों को महिन्द्रा के प्रीमियम वाहनों के साथ मिले आर्थिक लाभ : सुनील

## 19 और 20 दिसंबर को सेकेंड हैंड कारों का एक्सचेंज लोन मेला का होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** महिन्द्रा कंपनी के डीलर सनशाइन ऑटो का विशेष विंटर डिस्काउंट 12 दिसम्बर से सीमित अवधि के लिए शुरू किया गया है। महिन्द्रा सनशाइन ऑटो औरंगाबाद, रोहतास और भभुआ के प्रबंध निदेशक सुनील कुमार सिंह ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि यह विंटर स्कीम ग्राहकों की आवश्यकताओं और बाजार की मांग को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। हमारा प्रयास है कि उपभोक्ताओं को महिन्द्रा की प्रीमियम वाहनों के साथ अधिकतम आर्थिक लाभ भी मिल सके। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे इस सीमित अवधि वाले ऑफर का लाभ समय रहते उठाएं क्योंकि यह ऑफर स्टॉक और मॉडल-विशेष शर्तों पर निर्भर करेगा। इस योजना के तहत पर्सनल और कमर्शियल दोनों प्रकार के वाहनों पर भारी डिस्काउंट दिया जा रहा है। महिन्द्रा सनशाइन ऑटो ने ग्राहकों को लाभान्वित करने हेतु विंटर कंज्यूमर स्कीम के तहत सेकेंड हैंड कारों का एक्सचेंज लोन मेला का आयोजन किया हैं। यह कार लोन मेला 19 और 20 दिसंबर को शहर के महाराजगंज रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने औरंगाबाद में आयोजित होगा। सनशाइन ऑटो के 18 वर्षों के अनुभव और भरोसे के साथ ग्राहक को उच्च गुणवत्ता, पारदर्शी जाँच और उत्तम आफ्टर सेल्स सपोर्ट मिलेगा। सनशाइन ऑटो द्वारा आयोजित इस मेले का उद्देश्य ग्राहकों को सेकेंड हैंड कार खरीदने और अपने पुराने वाहन का आसानी से एक्सचेंज करने का सुनहरा अवसर प्रदान करना है। इस मेले में नए वाहन की बुकिंग किया जाएगा। औरंगाबाद, रोहतास और भभुआ एवं विभिन्न जिलों के ग्राहकों को वाहन खरीदने का यह समय सर्वोत्तम अवसर है। विभिन्न मॉडलों, फीचर्स, एक्सचेंज वैल्यू और ऑफर्स प्रदान किया जा रहा है जैसे स्कॉर्पियो क्लासिक पर 1,40,000, स्कॉर्पियो एन पर 85,600, बोलेरो पर 43,500, थार रॉक्स पर 1,20,000, एक्सयूवी 700 पर 1,55,600 एवं अन्य वाहनों पर डिस्काउंट दिया जा रहा है और कई वाहनों पर एक वर्ष तक की वारंटी दिया जाएगा और नए वाहनों का डिस्प्ले किया जाएगा।

# न्यायालय के निर्देश पर दो वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** न्यायालय के निर्देश पर दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई जिले के दो अलग-अलग थानों की पुलिस द्वारा की गई है। ढिबरा पुलिस द्वारा कार्रवाई के फलस्वरूप थाना क्षेत्र के तेंदुई गांव निवासी लालदेव सिंह यादव को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा रिसियप पुलिस द्वारा कार्रवाई के फलस्वरूप थाना क्षेत्र के सनथुआ बिगहा निवासी बसंत राम को गिरफ्तार किया गया हैं। ये दोनों अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे थे। मामले में लंबे समय से फरार रहने के कारण न्यायलय द्वारा दोनों के ख़िलाफ़ वारंट निर्गत किया गया था। इसी क्रम में दोनों आज पकड़े गए। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।






# डीआरएम ने किया कई स्टेशनों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** पूर्व मध्य रेल अंतर्गत डीडीयू के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने बुधवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया। श्री मीना ने निरीक्षण यान 'परख' से सोननगर, रफीगंज, अनुग्रह नारायण रोड, मोहम्मदगंज, हैदरनगर, जपला, नबीनगर एवं डिहरी ऑन सोन स्टेशनों पर रुककर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया तथा उसके कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्टेशन परिसरों में यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, प्रतीक्षालय, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में रेल परिचालन, संरक्षा, सिगनलिंग, ओएचई एवं ट्रैक की स्थिति का भी अवलोकन किया गया ताकि स्टेशन पर विकास कार्यों के साथ-साथ परिचालनिक दक्षता भी सुनिश्चित रहे। निरीक्षण के समय संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के कार्यों में गति बनाए रखने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## मछुआरों को नाव के लिए मिलेगी एक लाख रुपये सब्सिडी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के मछुआरों को नाव खरीदने के लिए एक लाख रुपये से ज्यादा की सब्सिडी मिलेगी। नीतीश सरकार का डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग ने मछुआरों लिए खास योजना लेकर आया है। इसका नाम नाव एवं जाल पैकेज वितरण योजना है। इसके जरिए मछुआरों को नाव और मछली पकड़ने के जाल की खरीद पर 90 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाएगा। सरकार ने इस योजना का लाभ लेने के लिए मछुआरों से आवेदन मांगे हैं। समिति के सदस्य एवं परंपरागत मछुआरे 31 दिसंबर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# जनता दरबार लगा एसपी ने सुनी फरियाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने नगर थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में कई लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान एसपी ने एक - एक कर सभी फरियादियों की समस्याएं सुनी और उनके द्वारा दिये गए आवेदन के आलोक में मामलों का निष्पादन करने के लिए संबंधित थाने के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। गौरतलब हो कि पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार एसपी द्वारा जिले के थानों में जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। एसपी ने बताया कि आज नगर थाना में जनता दरबार का आयोजन का किया गया ताकि अधिक अधिक से मामले की जन सुनवाई संभव हो सके। मामले में थानाध्यक्ष व संबधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि थाना में जो भी मामले जाते हैं, उसे त्वरित गति से निष्पादन कर जानकारी दें। उन्होंने फरियादियों से कहा कि पुलिस आपकी मित्र है। अपनी समस्याओं को बेहिचक कहें. बगहा पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद किया गया। इस अवसर पर एसडीपीओ संजय कुमार पांडे सहित अन्य मौजूद रहे।